
हिंदी दैनिक
# नागपुर मेट्रो समाचार
BCN GROUP
RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 | P.NO : NPCITY/516/2021-2023 | नागपुर, शुक्रवार, 12 सितंबर 2025 | अंक 328/ वर्ष 6 / पृष्ठ 8+4 / कीमत 3/-


शिवशंकर आयुर्वेदिक
क्या डायबिटीज से परेशान हो ?
डायबेटीज चेकअप करके
पर Dr. B.A.M.S., M.D. अनुभवी चिकित्सक
द्वारा चिकित्सा उपचार किया जाता है।
तथा दमा, अस्थमा, एलर्जी / सभी प्रकार के वात रोग/ लखवा/ स्त्रिरोग/ पुरूष के शुक्राणू दोष/ निसंतान/ किडनी स्टोन/ डायबिटीज से परेशान/ वेट लॉस/ वेट गेन/पिंपल्स/ फ्रेअरनेस/ स्किन प्रॉब्लेम/ पाईल्स/ एवं अन्य बिमारीयों पर भी उपचार किया जाता है।
नागपूर का भव्य शोरूम महाजन मार्केट के पास, टेम्पल बाजार, सिताबर्डी, नागपूर.
फोन 9112079000 / 8605245080
आयुर्वेदिक दवाईया तथा जडीबुटीयों का विशाल भंडार

# नेपाल का पूरा सियासी सिस्टम ध्वस्त

## 30 की मौत, 1000 से ज्यादा घायल, हजारों कैदी फरार





स्वास्थ्य एवं जनसंख्या मंत्रालय के अनुसार, रविवार शाम से 'जेन जी' समूह के नेतृत्व में हुए हिंसक विरोध प्रदर्शनों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 30 हो गई है. बुधवार शाम जारी एक बयान में मंत्रालय ने बताया कि 1,061 लोग घायल हुए हैं. घायलों में से 719 को छुट्टी दे दी गई है, जबकि 274 को अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

नेपाल की सेना ने गुरुवार को कहा कि उसने सरकार गिराने वाले घातक विरोध प्रदर्शनों के दौरान बड़े पैमाने पर जेल तोड़ने के बाद लगभग 200 कैदियों को वापस पकड़ लिया है, जो फरार चल रहे हजारों कैदियों की संख्या का एक छोटा सा हिस्सा है. पुलिस ने बताया कि अराजकता के दौरान देश भर की जेलों से लगभग 15,000 कैदी भाग गए, जिससे सुरक्षा बलों को नियंत्रण पाने के लिए संघर्ष करना पड़ा. इससे सेना और पुलिस के सामने चुनौतियां और बढ़ गई हैं क्योंकि वे दशकों में हुए सबसे हिंसक विरोध प्रदर्शनों के बाद व्यवस्था बहाल करने की कोशिश कर रहे हैं.

**काठमांडू.** सोशल मीडिया बैन और भ्रष्टाचार को लेकर जेन झी भड़के तो नेपाल का पूरा सियासी सिस्टम ही ध्वस्त हो गया. प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली सहित कई मंत्रियों को अपनी जान बचाकर के भागना पड़ा. युवाओं के आक्रोश ने नेपाल की राजनीतिक जमीन को हिला कर रख दिया है और सेना को हालात संभालने के लिए सड़कों पर आना पड़ा है. हालांकि गुजरते वक्त के साथ हिंसा का दौर लगातार कमजोर होता जा रहा है और अंतरिम सरकार के नेता का नाम तय करने के लिए बातचीत जारी है. नए नेता का नाम तय करने की कवायद प्रदर्शनकारी 'जेन जी' के प्रतिनिधि राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल और सेना प्रमुख अशोक राज सिगडेल के साथ भद्रकाली स्थित सेना मुख्यालय में अंतरिम सरकार के नेता का नाम तय करने के लिए बातचीत कर रहे हैं. सूत्रों ने यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि प्रदर्शनकारी जेन जी समूह पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की, काठमांडू के मेयर बालेंद्र शाह और दो अन्य के नाम पर अंतरिम सरकार के नेतृत्व के लिए विचार कर रहा है. बैठक के दौरान सेना मुख्यालय के बाहर बड़ी संख्या में युवा बेसब्री से फैसला सुनने का इंतजार करते दिखे. विचाराधीन अन्य दो नाम नेपाल विद्युत प्राधिकरण के पूर्व सीईओ कुलमान घीसिंग और धरान के मेयर हरका संपांग हैं.

हालांकि सूत्रों ने बताया कि मेयर शाह ने कार्की के लिए अपना समर्थन व्यक्त किया है, लेकिन अभी यह स्पष्ट नहीं है कि नए मंत्रिमंडल का नेतृत्व कौन करेगा. जेन जी समूह के एक वर्ग में उनके नाम को लेकर संशय है. हिंसक प्रदर्शनों के बीच गुरुवार को एक जेल में सुरक्षा बलों के साथ झड़प के दौरान तीन कैदियों की मौत हो गई, जबकि अब तक दो दर्जन से अधिक जेलों से 15,000 से अधिक कैदी फरार हो चुके हैं. अधिकारियों ने बताया कि ताजा घटनाक्रम के साथ, मंगलवार से भड़की हिंसा के दौरान सुरक्षा बलों के साथ हुई झड़पों में मरने वाले कैदियों की संख्या बढ़कर आठ हो गई है. पुलिस सूत्र ने बताया कि गुरुवार सुबह मधेस प्रांत के रामेछाप जिला जेल में कैदियों और सुरक्षाकर्मियों के बीच हिंसक झड़प में तीन कैदियों की मौत हो गई और 13 अन्य घायल हो गए. सूत्र ने बताया कि झड़प तब शुरू हुई जब कैदियों ने गैस सिलेंडर में विस्फोट करके जेल से बाहर निकलने की कोशिश की. सुरक्षा बलों ने हालात काबू में करने के लिए गोलीबारी की, जिसमें तीन कैदी मारे गए.

अखबार 'द काठमांडू पोस्ट' ने पुलिस के हवाले से कहा, ''जेल से भागने की घटनाएं तब शुरू हुईं जब युवा प्रदर्शनकारियों ने कई जेलों में धावा बोल दिया, प्रशासनिक भवनों में आग लगा दी और जेल के दरवाजे जबरन खोल दिए. बुधवार शाम तक प्रारंभिक रिपोर्टों से पुष्टि हुई कि 25 से ज्यादा जेलों से 15,000 से ज्यादा कैदी भाग गए थे, जिनमें से केवल कुछ ही स्वेच्छा से लौटे या फिर से गिरफ्तार किए गए.'' गंडकी प्रांत के कास्की जिला कारागार से 773 कैदी भागे. जेलर राजेंद्र शर्मा ने बताया कि भागने वालों में 13 भारतीय नागरिक और चार अन्य विदेशी शामिल हैं.

हिंसक विरोध प्रदर्शनों के बाद सेना द्वारा व्यवस्था बहाल करने की कोशिशों के बीच सैकड़ों लोग नेपाल छोड़ने की कोशिश कर रहे हैं. काठमांडू में नेपाल के मुख्य एयरपोर्ट पर गुरुवार को सैकड़ों लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी, जिससे देश से बाहर जाने के लिए उड़ान भर सकें. देश में हिंसक विरोध प्रदर्शनों के बाद इस देश पर शासन कौन करेगा, इस पर असमंजस की स्थिति बनी हुई है. बुधवार देर रात एयरपोर्ट के फिर से खुलने और गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय उड़ानें फिर से शुरू होने के बाद कई लोगों ने देश छोड़ने की कोशिश की. नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने गुरुवार को सभी पक्षों से शांति बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की और कहा कि वह संवैधानिक ढांचे के भीतर मौजूदा राजनीतिक स्थिति का समाधान खोजने का प्रयास कर रहे हैं. यह पहली बार है जब राष्ट्रपति ने मौजूदा उथल-पुथल के बारे में बात की है. मंगलवार को जेनरेशन जेड के आंदोलनकारी समूहों द्वारा राष्ट्रपति कार्यालय और उनके निजी आवास को जलाने के बाद से वह सार्वजनिक रूप से नहीं देखे गए थे. नेपाल में बांग्लादेश की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम फंस गई थी.

## पीएम आज अंतरराष्ट्रीय पांडुलिपि सम्मेलन में 'ज्ञान भारतम्' पोर्टल लॉन्च करेंगे



**नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज 12 सितंबर को दिल्ली के विज्ञान भवन में 'ज्ञान भारतम्' पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। सम्मेलन का उद्देश्य भारत की अमूल्य पांडुलिपि धरोहर को फिर से जीवंत बनाना और उसे वैश्विक ज्ञान संवाद के केंद्र में लाना है। पीएम मोदी इस अवसर पर 'ज्ञान भारतम् पोर्टल' का शुभारंभ करेंगे, जो पांडुलिपियों के डिजिटलीकरण, संरक्षण और सार्वजनिक पहुंच को बढ़ावा देने के लिए एक समर्पित डिजिटल प्लेटफॉर्म होगा। सम्मेलन का आयोजन 11 सितंबर से शुरू हुआ है, जो 13 सितंबर तक चलेगा और इसका मुख्य विषय है "पांडुलिपि धरोहर के माध्यम से भारत के ज्ञान धरोहर को पुनः प्राप्त करना।"

इस सम्मेलन में देश-विदेश के प्रमुख विद्वान, संरक्षणकर्मी, प्रौद्योगिकी विशेषज्ञ और नीति विशेषज्ञ एकत्र होंगे। वे भारत की बेजोड़ पांडुलिपि धरोहर को पुनर्जीवित करने के रास्तों पर चर्चा करेंगे और उसे वैश्विक ज्ञान चर्चा में एक महत्वपूर्ण स्थान दिलाने के लिए विचार-विमर्श करेंगे। सम्मेलन के दौरान एक विशेष प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएगी, जिसमें दुर्लभ पांडुलिपियों को प्रदर्शित किया जाएगा।

इसके अलावा, पांडुलिपि संरक्षण, डिजिटलीकरण प्रौद्योगिकियां, मेटाडेटा मानक, कानूनी ढांचे, सांस्कृतिक कूटनीति, और प्राचीन लिपियों का लेखन विज्ञान जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विद्वानों द्वारा प्रस्तुतियां भी दी जाएंगी। इस सम्मेलन का उद्देश्य भारत के प्राचीन ज्ञान और संस्कृति को पुनः जागृत करना है। पांडुलिपियां हमारे ऐतिहासिक ज्ञान, विज्ञान, चिकित्सा, साहित्य और दर्शन का अमूल्य स्रोत हैं, जिन्हें सुरक्षित रखने और उन्हें डिजिटल रूप में दुनिया भर में उपलब्ध कराने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से, पांडुलिपियों को डिजिटलीकरण के जरिये संरक्षित किया जाएगा, जिससे उन्हें कहीं से भी एक्सेस किया जा सकेगा और उनकी जानकारी दुनिया भर में साझा हो सकेगी। इस महत्वपूर्ण सम्मेलन के दौरान, सरकार के इस कदम को लेकर संस्कृति, तकनीकी विकास और शोध जगत में एक नई दिशा दिखने की उम्मीद जताई जा रही है।

## दंतेवाड़ा में बारूदी सुरंग में आईडी ब्लास्ट, दो जवान घायल



**दंतेवाड़ा.** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में आईडी ब्लास्ट हुआ है. दंतेवाड़ा के मालेवाही कैंप से 800 मीटर की दूरी पर नक्सलियों का लगाया गया आईईडी फोर्स के एरिया डॉमिनेशन के दौरान ब्लास्ट हो गया. प्रेशर आईईडी ब्लास्ट से सीआरपीएफ 195 बटालियन के दो जवान घायल हुए हैं, जिन्हें अस्पताल पहुंचाया गया है. दोनों जवान खतरे से बाहर हैं. इलाके में नक्सलियों की तलाश के लिए सुरक्षाबलों ने सर्चिंग ऑपरेशन तेज कर दिया है. बताते चलें कि पिछले महीने छत्तीसगढ़ के बीजापुर-सुकमा जिले के बॉर्डर पर बसे सिलगेर गांव में नक्सलियों ने एक शिक्षादूत की बेरहमी से हत्या कर दी थी. मृतक की पहचान लक्ष्मण बाडसे के तौर पर हुई थी. वह मंडेमरका में बतौर शिक्षादूत काम कर रहे थे. नक्सलियों को शिक्षादूत पर पुलिस मुखबिर होने का शक था, जिसके बाद उन्होंने शक के आधार पर उनको बेरहमी से मार डाला. तेज धारदार हथियार से उनकी हत्या की गई थी. गौरतलब है कि खूंखार नक्सली बसवाराजू के मारे जाने के बाद नक्सली संगठन ने बस्तर के देवजी को नया महासचिव नियुक्त किया है. देवजी कोई आम चेहरा नहीं है बल्कि सुरक्षा एजेंसियों के लिए सिरदर्द माने जाने वाले उन मोस्ट वांटेड नक्सलियों में से एक है, जिस पर 131 जवानों के कत्ल का आरोप है.

## डोडा शहर में धमाका, कोई घायल नहीं



**जम्मू.** जम्मू कश्मीर के डोडा शहर में गुरुवार को अचानक ब्लास्ट हो गया. इसके बाद पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में ले लिया है. घटना को लेकर पुलिस और एफएसएल टीमें मामले की जानकारी जुटाने में लग गई हैं. दरअसल, शहर के ठोकर मोहल्ला में गुरुवार को लो इंटेंसिटी ब्लास्ट हो गया. हालांकि इसमें किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है.

पुलिस मामले की जांच में जुट गई है. बता दें कि ये ब्लास्ट डोडा शहर में जामा मस्जिद के पास एक घर के बाहर आज विस्फोट हुआ, जिसमें कोई घायल नहीं हुआ. विस्फोट की खबर मिलते ही सुरक्षा बल और पुलिस विस्फोट स्थल पर पहुंचे और मौके से एक महिला और दो पुरुषों समेत तीन लोगों को हिरासत में लेकर विस्फोट की जांच शुरू कर दी. वहीं घटना को लेकर एसएसपी संदीप मेहता ने बताया कि यहां ठोकर मोहल्ला है, जहां गुरुवार को लो इंटेंसिटी ब्लास्ट हुआ है. उन्होंने बताया कि ब्लास्ट में कोई जनहानि नहीं हुई है. उन्होंने ये भी बताया कि डोडा में आज जो प्रोटेस्ट हो रहा है उससे इस ब्लास्ट का कोई लेना देना नहीं है. ये एक अलग घटना है. एसएसपी मेहता ने बताया कि हमारी टीम इस पूरी घटना की जांच कर रही है. हालांकि उन्होंने ये भी कहा कि अभी बहुत शुरुआती जानकारी आई है. आगे की जानकारी मिलते ही मीडिया के साथ साझा की जाएगी.

## मेट्रो स्टेशन का नाम बदलने पर महाराष्ट्र में विवाद



**बेंगलुर.** कर्नाटक की सिद्धारमैया सरकार बेंगलुरु के शिवाजीनगर मेट्रो स्टेशन का नाम बदलने जा रही है. सीएम सिद्धारमैया ने कहा है कि उनकी सरकार सेंट मैरी बेसिलिका में वार्षिक उत्सव के दौरान किये गए अनुरोध के बाद बेंगलुरु के शिवाजीनगर मेट्रो स्टेशन का नाम बदलकर सेंट मैरी रखने पर विचार करेगी. इस ऐलान से महाराष्ट्र में विवाद खड़ा हो गया. मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इसकी निंदा की है. उन्होंने कहा, ''मैं सेंट मैरी के नाम पर बेंगलुरु में शिवाजीनगर मेट्रो स्टेशन का नाम बदलने के कर्नाटक सरकार के कदम की निंदा करता हूं. यह छत्रपति शिवाजी महाराज का अपमान है.

कांग्रेस ने नेहरू के समय से मराठा योद्धा राजा का अपमान करने की अपनी परंपरा जारी रखी है, जिन्होंने अपनी किताब डिस्कवरी ऑफ इंडिया में शिवाजी महाराज के खिलाफ टिप्पणी की थी.'' सिद्धारमैया को ईश्वर सद्बुद्धि दें-, सीएम सिद्धारमैया के बयान का बचाव करते हुए कर्नाटक के उप-मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा कि हमने अभी इस पर चर्चा की है. मुझे लगता है कि एक अनुरोध है. अनुरोध करने में कुछ भी गलत नहीं है. हम इस पर विचार करेंगे. फडणवीस ने कहा कि वह ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि सिद्धारमैया को सद्बुद्धि दे कि वे धर्म पर आधारित और मराठा योद्धा राजा के विरुद्ध ऐसा निर्णय न लें.

भारत में भी नेपाल, श्रीलंका और बांग्लादेश जैसी अशांत स्थिति को लेकर कुछ कुछ विपक्षी नेताओं की टिप्पणी पर महाराष्ट्र के मुख्यमँत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि विपक्ष का स्तर गिर गया है. उन्होंने कहा, ''आप सरकार के कार्यक्रमों और नीतियों की आलोचना कर सकते हैं, लेकिन समाज और देश की नहीं.

## पीएम ने उत्तराखंड आपदा प्रभावित क्षेत्रों के लिए 1200 करोड़ की सहायता घोषित की



**नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देहरादून पहुंचेंगे. जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर 4 बजे पहुंचने के बाद प्रधानमंत्री आपदा ग्रस्त इलाकों में हवाई दौरा करने के लिए जाएंगे. पीएम मोदी उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, जोशीमठ, धराली, थराली जैसे तमाम आपदा ग्रस्त इलाकों का दौरा करेंगे. इस दौरान प्रधानमंत्री के साथ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी मौजूद रहेंगे. पीएम मोदी लगभग 45 मिनट तक हवाई सर्वेक्षण करेंगे. इस दौरान प्रदेश में आई भीषण आपदा का जायजा लेंगे. बता दें कि प्रदेश में अब तक की आपदा में लगभग 5700 करोड़ से ज्यादा का नुकसान हो चुका है.

इसको लेकर राज्य की धामी सरकार ने एक रिपोर्ट केंद्र सरकार को सौंपी है. वहीं केंद्र सरकार की एक विशेष टीम भी उत्तराखंड पहुंची थी, जिसने प्रभावित इलाकों का जायजा कर रिपोर्ट तैयार की है. इसके बाद अब आज प्रधानमंत्री मोदी का दौरा है. उत्तराखंड में पिछले पांच महीने में आई आपदा में अब तक 79 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 90 से ज्यादा लोग अभी भी लापता बताए जा रहे हैं.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे को लेकर प्रशासन स्तर से पूरी तैयारियां कर ली गई हैं. पीएम के दौरे को देखते हुए सुरक्षा के पूरे चाक चौबंद इंतजाम किए गए हैं. तकरीबन 4:15 पर प्रधानमंत्री मोदी देहरादून से हवाई सर्वेक्षण के लिए जॉली ग्रांट एयरपोर्ट से सेना के हेलीकॉप्टर से उड़ेंगे और लगभग 45 मिनट तक हवाई सर्वेक्षण करने के बाद देहरादून पहुंचेंगे.

## रोडवेज बस पलटने से पांच लोगों की मौत, 10 घायल



**लखनऊ.** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के काकोरी इलाके में गोलाकुआं के पास गुरुवार को एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। कैसरबाग डिपो की रोडवेज बस हरदोई से लखनऊ की ओर जा रही थी। बस अचानक बेकाबू होकर खाई में पलट गई। टैंकर की टक्कर के बाद बस के बेकाबू होने की बात सामने आई है। इस हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि करीब एक दर्जन यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। कई लोग बस के नीचे दब गए थे। उन्हें पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से बाहर निकाला गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बस तेज रफ्तार में थी। काकोरी के गोलाकुआं के पास बस की टैंकर से टक्कर हो गई। इससे चालक ने बस से नियंत्रण खो दिया। बस पहले सड़क किनारे खड़े लोगों को अपनी चपेट में लेती चली गई और फिर 20 फीट गहरी खाई पलट गई। हादसा इतना भीषण था कि आसपास अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही काकोरी पुलिस मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। स्थानीय लोगों ने भी बचाव कार्य में मदद की। क्रेन की मदद से बस को सीधा कर दबे हुए यात्रियों को बाहर निकाला गया। मौके पर चार लोगों की मौत की जानकारी सामने आई।

### 1 करोड़ का इनामी बालकृष्ण भी मारा गया

## छत्तीसगढ़ में बड़ा एनकाउंटर, 10 नक्सली ढेर

**रायपुर.**

छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें 10 नक्सलियों को ढेर कर दिया गया है. इस एनकाउंटर में एक करोड़ का इनामी नक्सली सीसी मेंबर बालकृष्णा भी मारा गया है. एसपी निखिल राखेचा ने इसकी पुष्टि की है. रायपुर रेंज के आईजी अमरेश मिश्रा ने बताया कि गरियाबंद में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ जारी है और रुक-रुक कर गोलीबारी हो रही है. कुछ नक्सलियों के मारे जाने की संभावना है.

सूत्रों के मुताबिक मारे गए नक्सलियों में सीसी सदस्य मनोज उर्फ मॉडेम बालकृष्ण को भी ढेर कर दिया गया है, जो संगठन का बड़ा चेहरा माना जाता था. सुरक्षा बलों की इस कार्रवाई को नक्सल विरोधी अभियान में बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है. आईजी अमरेश मिश्रा ने ये भी बताया कि गरियाबंद में गुरुवार सुबह से नक्सल विरोधी अभियान जारी है. सुबह से ही मुठभेड़ चल रही है. रायपुर के पुलिस महानिरीक्षक ने मुठभेड़ की पुष्टि की है. ये मुठभेड़ मैनपुर थाना क्षेत्र के जंगल में उस समय मुठभेड़ शुरू हो गई जब सुरक्षाबल के जवान नक्सल विरोधी अभियान पर थे. इसमें एसटीएफ, कोबरा (सीआरपीएफ की एक विशिष्ट इकाई - कमांडो बटालियन फॉर रेज़ोल्यूट एक्शन) और अन्य राज्य पुलिस इकाइयों के जवान इस अभियान में शामिल रहे. वहीं छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में 16 नक्सलियों ने सरेंडर कर दिया. इन नक्सलियों ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण किया. नारायणपुर के पुलिस अधीक्षक रॉबिन्सन गुरिया ने बताया कि सभी 16 नक्सली निचले स्तर के कैडर थे और जनताना सरकार, चेतना नाट्य मंडली और माओवादियों की पंचायत मिलिशिया के सदस्यों सहित विभिन्न इकाइयों से जुड़े थे. इसके अलावा छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में गुरुवार को नक्सलियों द्वारा लगाए गए प्रेशर आईईडी विस्फोट में सीआरपीएफ के दो जवान घायल हो गए. अधिकारियों ने बताया कि यह घटना सुबह करीब 10.30 बजे इंद्रावती नदी पर बने सातधार पुल के पास हुई, जब सीआरपीएफ की 195वीं बटालियन का एक दल मालेवाही थाना क्षेत्र स्थित अपने शिविर से एरिया डोमिनेशन ऑपरेशन पर निकला था.



### दंतेवाड़ा में सीआरपीएफ जवान घायल

इससे पहले बुधवार को छत्तीसगढ़ के ही दंतेवाड़ा जिले के सतधार वन इलाके में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के दो जवान आईडी विस्फोट में घायल हो गए. 195वीं बटालियन के जवान पुलिस के साथ बारूदी सुरंग हटाने का अभियान चला रहे थे. इसी दौरान एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) के विस्फोट में 2 जवान घायल हो गए. सीआरपीएफ के अधिकारियों ने बताया कि घायल जवानों को निकालकर दंतेवाड़ा के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

CMYK

# पतंजलि का निवेशकों को बड़ा बोनस

> हर 1 शेयर पर मिलेंगे 2 शेयर फ्री

नई दिल्ली.

गुरुवार को पतंजलि फूड्स के शेयर सुबह लगभग ₹595 के आस-पास ट्रेड कर रहे थे, जबकि एक दिन पहले ये 1,802.25 पर बंद हुए थे. शेयर की कीमत में इतनी गिरावट का कारण बोनस शेयर का ऐलान है.

कंपनी ने हाल ही में 2:1 बोनस शेयर देने का फैसला किया था. इसका मतलब है कि हर एक शेयर के लिए आपको दो नए शेयर फ्री में मिले हैं. यानी अगर आपके पास पहले से 100 शेयर हैं, तो बोनस शेयर मिलने के बाद आपके पास कुल 300 शेयर हो जाएंगे.

एक्स-बोनस का मतलब होता है उस तारीख के बाद शेयर खरीदना जब कंपनी बोनस शेयर देने वाली होती है, लेकिन उस बोनस का हक आपको नहीं मिलता. पतंजलि फूड्स ने 17 जुलाई 2025 को बताया था कि वह अपने निवेशकों को 2:1 के अनुपात में बोनस शेयर देगा.

यानी,अगर आपके पास एक शेयर है, तो आपको दो और मुफ्त शेयर मिलेंगे. इसके लिए कंपनी ने 11 सितंबर 2025 को रिकॉर्ड डेट रखी थी. जो निवेशक 11 सितंबर तक अपने शेयर रखते थे, वे इस बोनस के हकदार बन गए. लेकिन जो इस तारीख के बाद शेयर खरीदेंगे, उन्हें बोनस शेयर नहीं मिलेंगे.

यह पूरा प्रोसेस तकनीकी होता है और इससे निवेशकों के कुल शेयरों के मूल्य पर लंबी अवधि में कोई बुरा असर नहीं पड़ता. इसका मकसद शेयर की मार्केट में लिक्विडिटी बढ़ाना और छोटे निवेशकों को जोड़ना होता है.





### कंपनी की स्थिति दमदार

पतंजलि फूड्स ने निवेशकों को बड़ा बोनस दिया है। कंपनी ने हर 1 शेयर पर 2 बोनस शेयर जारी करते हुए कुल 72.50 करोड़ शेयर बांटे हैं। इसके बाद कुल शेयर कैपिटल बढ़कर 108.75 करोड़ हो गई है। प्रमोटर्स के पास 36.70% और पब्लिक के पास 31.17% हिस्सेदारी है, जबकि एलआईसी, जिक्यूजी और म्यूचुअल फंड्स जैसे संस्थानों की भी मजबूत पकड़ बनी हुई है।

# ग्रो म्यूचुअल फंड का नया मल्टी एसेट फंड लॉन्च

बेंगलुरु.




ग्रो म्यूचुअल फंड ने एक नई निवेश योजना 'ग्रो मल्टी एसेट एलोकेशन फंड' के लॉन्च की घोषणा की है। यह एक ओपन-एंडेड स्कीम है, जो निवेशकों को इक्विटी, डेट (ऋण), सोना और चांदी जैसे विभिन्न एसेट क्लास में निवेश का अवसर प्रदान करती है। इस फंड का न्यू फंड ऑफर 10 सितंबर, 2025 से 24 सितंबर, 2025 तक खुला रहेगा। योजना का उद्देश्य है. विविध परिसंपत्ति आवंटन के माध्यम से पोर्टफोलियो की अस्थिरता को कम करना और बदलते बाजार रुझानों के साथ संतुलन बनाए रखना।

ग्रो फंड की यह योजना इस सिद्धांत पर आधारित है कि अलग-अलग एसेट क्लास (जैसे इक्विटी, डेट, कमोडिटी) का प्रदर्शन अलग-अलग बाजार स्थितियों में भिन्न होता है। इक्विटी आर्थिक विकास और कंपनियों के मुनाफे से प्रभावित होती है डेट ब्याज दर और मुद्रास्फीति चक्रों पर निर्भर करता है सोना और चांदी वैश्विक अस्थिरता और मुद्रा में उतार-चढ़ाव के प्रति प्रतिक्रिया करते हैं. इन सभी को एक पोर्टफोलियो में जोड़ने से हर परिस्थिति में बेहतर संतुलन और संभावित लाभ मिल सकता है।

ग्रो की यह योजना 'शास्त्र' प्लेटफॉर्म द्वारा संचालित है। यह प्लेटफॉर्म निवेश निर्णय लेने के लिए मैक्रो-इकोनॉमिक, तकनीकी और मार्केट डेटा का विश्लेषण करता है। यह रणनीति न सिर्फ पूर्वाग्रह को कम करती है बल्कि जोखिम की जल्दी पहचान और बेहतर पोर्टफोलियो प्रबंधन में भी मदद करती है।इस फंड में कुल इक्विटी निवेश 65% से अधिक बनाए रखने का प्रयास किया जाएगा, जिससे निवेशकों को इक्विटी कराधान का लाभ मिल सके। साथ ही, फंड में ऋण, सोना और चांदी जैसे विविध एसेट क्लास का संतुलन भी सुनिश्चित किया जाएगा।ग्रो मल्टी एसेट एलोकेशन फंड उन निवेशकों के लिए उपयुक्त है जो बाजार की अनिश्चितता में स्थिरता और विविधता चाहते हैं।

# क्रोमा को नई चमक देने टाटा का बड़ा प्लान

नई दिल्ली.

इस साल टाटा ग्रुप ने अपनी इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन क्रोमा में 1,000 करोड़ रुपए का बड़ा निवेश किया है. कंपनी के दस्तावेजों के मुताबिक, क्रोमा को चलाने वाली टाटा की कंपनी इनफिनिटी रिटेल लिमिटेड में टाटा डिजिटल ने यह निवेश किया है.अब क्रोमा की कुल अधिकृत पूंजी बढ़कर 6,000 करोड़ रुपए हो गई है. टाटा ग्रुप आगे भी इस बिज़नेस में बड़ा निवेश करने की योजना बना रहा है.वित्तीय साल 2024-25 में इंफिनिटी रिटेल का घाटा बढ़कर 1,091 करोड़ रुपए हो गया, जो पिछले साल के 986 करोड़ से ज्यादा है. लेकिन साथ ही कंपनी की कुल कमाई भी 6.7 फीसदी बढ़कर 19,228 करोड़ रुपए तक पहुंच गई. कंपनी ने बताया कि ये साल उनके लिए बदलाव का था. बाजार की कड़ी टक्कर और धीमी मांग के बावजूद क्रोमा ने न केवल बिक्री बढ़ाई बल्कि खर्च कम करके मुनाफे के मार्जिन भी बेहतर किए. खासकर सप्लाई चेन और मार्केटिंग में कटौती करके कंपनी ने अपनी कमाई बेहतर करने की कोशिश की है.

क्रोमा ने पूरे देश में अपने स्टोर की संख्या बढ़ाकर 564 कर ली है. पिछले साल उनकी स्टोर ग्रोथ 13 फीसदी रही, जो बाजार से बेहतर है. हालांकि, एक ही स्टोर की बिक्री में खास बढ़ोतरी नहीं हुई क्योंकि दुकान में आने वाले ग्राहकों की संख्या कम हुई. ऑनलाइन बिक्री में 36 फीसदी की गिरावट आई है. इसका कारण कंपनी की रणनीति में बदलाव है, जहां अब वह केवल मुनाफे वाली और टिकाऊ बिक्री पर ध्यान दे रही है. इसके साथ ही क्रोमा ने टाटा ग्रुप की फास्ट डिलीवरी सर्विस बिगबास्केट के साथ हाथ मिलाकर इलेक्ट्रॉनिक्स की तेज डिलीवरी शुरू की है, जो कुछ शहरों में अच्छा प्रदर्शन कर रही है.

# कर्ज न चुकाया तो फोन होगा लॉक

नई दिल्ली.




भारतीय रिजर्व बैंक कर्जदाताओं की वसूली क्षमता बढ़ाने के लिए एक नया नियम लाने पर विचार कर रहा है. इस नियम के तहत, कर्जदाता दूर बैठे आप लोगों का फोन लॉक कर सकते हैं, आइए जानते हैं कि कैसे दूर बैठे आपका फोन लॉक हो सकता है? हालांकि, इससे उपभोक्ता अधिकारों की चिंताएं भी बढ़ सकती हैं.होम क्रेडिट फाइनेंस द्वारा 2024 में किए गए अध्ययन में पता चला है कि एक तिहाई से ज्यादा कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे कि मोबाइल फोन को ज्यादातर लोग लोन पर खरीदते हैं.
टेलीकॉम रेगुलेटर के अनुसार, 1.4 बिलियन से अधिक आबादी वाले देश में 1.16 बिलियन से अधिक मोबाइल कनेक्शन हैं.भारतीय रिजर्व बैंक ने कर्जदाताओं को डिफॉल्ट उधारकर्ताओं के फोन लॉकिंग को रोकने के लिए कहा था. डिवाइस को लॉक करने के लिए ऋण (लोन) जारी करते समय उधारकर्ताओं के फोन में ऐप इंस्टॉल कराया जाएगा. कर्जदाताओं के साथ बातचीत के बाद, आरबीआई अगले कुछ महीनों के भीतर फेयर प्रैक्टिस कोड को अपडेट करने के साथ फोन-लॉकिंग मैकेनिज्म पर दिशानिर्देश जारी कर सकती है.

आरबीआई दो बातों को सुनिश्चित करना चाहता है, पहला तो ये कि कर्जदाता फोन को लॉक कर लोन का पैसा रिकवर कर पाएं और दूसरा यह कि ग्राहकों के डेटा की भी सुरक्षित रखा जाए.आरबीआई के प्रवक्ता ने फिलहाल इस मामले में कोई भी जवाब नहीं दिया है.

# 30,000 करोड़ विवाद में करिश्मा का कनेक्शन

नई दिल्ली.

दिल्ली उच्च न्यायालय में संजय कपूर की लगभग 30,000 करोड़ रुपये की संपत्ति को लेकर चल रहे विवाद ने अब नया मोड़ ले लिया है. इस मामले में बॉलीवुड अभिनेत्री करिश्मा कपूर और उनके दोनों बच्चों ने एक बड़ा खुलासा किया है. उनकी ओर से दायर याचिका में व्हाट्सएप चैट और डॉक्यूमेंट्स सामने आए हैं, जिनसे पता चलता है कि संजय कपूर करिश्मा कपूर और अपने बच्चों के लिए विदेशी नागरिकता हासिल करने की कोशिश कर रहे थे. संजय कपूर करिश्मा और उनके बच्चों को पुर्तगाली पासपोर्ट दिलाने के लिए मदद कर रहे थे, लेकिन इसके लिए उन्हें अपनी भारतीय नागरिकता छोड़नी पड़ती. यह बात उनके बीच हुई बातचीत में सामने आई है जिसका खुलासा अदालत में पेश किए गए डॉक्यूमेंट्स और चैट के जरिये हुआ है. करिश्मा कपूर के बच्चों की तरफ से पेश सीनियर एडवोकेट महेश जेठमलानी ने कहा कि जो वसीयत पेश की गई है वह रजिस्टर्ड नही है. उन्होंने यह भी कहा कि संजय कपूर ने बच्चों को हमेशा उनकी वित्तीय सुरक्षा का भरोसा दिया था, लेकिन प्रिया सचदेवा ने ट्रस्ट के दस्तावेजों को बच्चों की पहुंच से दूर रखा. इसके बाद 21 मार्च की एक नई वसीयत भी पेश की गई जिसे लेकर विवाद बढ़ गया.दूसरी तरफ, प्रिया सचदेवा के वकील राजीव नायर ने कहा कि बच्चों को रानी कपूर ट्रस्ट से 1,900 करोड़ रुपये मिले हैं और इसलिए इस संजय कपूर की मां रानी कपूर ने भी इस मामले में हस्तक्षेप किया है. उन्होंने वरिष्ठ अधिवक्ता वैभव गग्गर के जरिए अदालत को बताया कि वे अपने पोते-पोतियों के लिए चिंतित हैं. उन्होंने कहा कि उन्होंने कई बार वसीयत की कॉपी मांगी लेकिन उन्हें कभी नहीं मिली और ट्रस्ट में उनके लिए कोई हिस्सा नहीं दिखता.

# गिरे सोने के दाम,10 ग्राम गोल्ड कितने का ?

नई दिल्ली.

आज के बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में थोड़ी नरमी देखने को मिली है. ऐसे में निवेशक और खरीदार दोनों इस सवाल में उलझे हुए हैं कि क्या अब सोना खरीदने का सही समय है या दाम और गिर सकते हैं? हालांकि इस बारे में आगे के संकेत फिलहाल साफ नहीं हैं.

इस वक्त भारत के कई शहरों में 24 कैरेट सोना 1,10,519 रुपये प्रति 10 ग्राम तक बिक रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,01,310 रुपये प्रति 10 ग्राम तक है. दूसरी ओर, चांदी की बात करें तो आज यह 1,29,900 रुपये प्रति किलोग्राम पर उपलब्ध है. मुंबई, चेन्नई, हैदराबाद और बेंगलुरु जैसे बड़े शहरों में सोने की कीमतें लगभग समान हैं.

वहीं दिल्ली, जयपुर और अहमदाबाद जैसे शहरों में थोड़ी बहुत फेरबदल दिख रही है. आइए जानते हैं देश के प्रमुख शहरों में सोने का भाव क्या है.



वायदा बाजार यानी एमसीएक्स पर भी सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट आई है. शुरुआती कारोबार में सोना 0.25% गिरकर 1,08,718 रुपये प्रति 10 ग्राम तक आ गया, जबकि चांदी 0.08% गिरकर 1,25,080 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई. कमोडिटी एक्सपर्ट्स का मानना है कि ये गिरावट अस्थायी हो सकती है क्योंकि बाजार अभी यूएस इन्फ्लेशन के ताजा आंकड़ों पर नजर बनाए हुए है.

मार्केट के जानकारों के अनुसार, अगर डॉलर कमजोर होता है या अमेरिका ब्याज दरों में कटौती के संकेत देता है, तो सोने की कीमतों में और तेजी आ सकती है. वहीं दूसरी तरफ, अगर महंगाई नियंत्रण में आती है और ब्याज दरें स्थिर रहती हैं, तो कीमतों में गिरावट की संभावना भी बनी हुई है.

### महंगाई के आंकड़ों का असर

जानकारों का कहना है कि अमेरिका में अगस्त महीने में प्रोड्यूसर प्राइस इंडेक्स में 0.1% की गिरावट दर्ज की गई है, जिससे सोने और चांदी की कीमतों को थोड़ा समर्थन जरूर मिला है. इसके अलावा, जियो पॉलिटिकल तनाव, केंद्रीय बैंकों की सोने की खरीद और अमेरिका के फेडरल रिजर्व की ब्याज दरों को लेकर नीतियां भी सोने-चांदी की चाल को प्रभावित कर सकती हैं.

# निवेशकों ने कम किया म्यूचुअल फंड में पैसा

नई दिल्ली.

इक्विटी म्यूचुअल फंड योजनाओं में निवेश अगस्त महीने में घटकर 33,430 करोड़ रुपए रह गया जो जुलाई की तुलना में 22 फीसदी कम है. एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के आंकड़ों के मुताबिक, इक्विटी म्यूचुअल फंड स्कीम्स में जुलाई के दौरान 42,702 करोड़ रुपए का शुद्ध निवेश आया था लेकिन अगस्त में यह घटकर 33,430 करोड़ रुपए रह गया. विशेषज्ञों ने इस गिरावट का प्रमुख कारण नई कोष पेशकश (एनएफओ) में आई कमी को बताया है. आइए आपको भी बताते हैं कि आखिर एसआईपी ओर म्यूचुअल फंड की दूसरी कैटेगिरीज के आंकड़े किस तरह के देखने को मिले हैं.

मोतीलाल ओसवाल एसेट मैनेजमेंट कंपनी के कार्यकारी निदेशक एवं मुख्य कारोबार अधिकारी अखिल चतुर्वेदी ने कहा कि जुलाई की तुलना में करीब 9,000 करोड़ रुपए की गिरावट के पीछे एनएफओ में आई कमी प्रमुख वजह है. शेष प्रवाह स्थिर और स्वस्थ बना हुआ है. उन्होंने कहा कि व्यवस्थित निवेश योजना (एसआईपी) के जरिये म्यूचुअल फंड योजनाओं में निवेश अगस्त में करीब 27,000 करोड़ रुपए पर स्थिर रहा जो अपेक्षा से कम है. उन्होंने कहा कि हालांकि, वैश्विक अनिश्चितताओं और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की बिकवाली के बीच भी भारतीय निवेशक इक्विटी में निवेश जारी रख रहे हैं, जो बाजार के लिए सकारात्मक है.म्यूचुअल फंड के कैटेगरीवाइज आंकड़ों में फ्लेक्सी कैप फंड में अगस्त के दौरान सबसे अधिक 7,679 करोड़ रुपए का निवेश आया.

# शेयर बाजार में सुरक्षित निवेश की ट्रिक

नई दिल्ली.

शेयर बाजार में पैसे कमाने से ज्यादा जरूरी है, नुकसान से बचना और अपने भावनाओं पर काबू रखना. ज़ेरोधा के को-फाउंडर और सीईओ नितिन कामथ ने हाल ही में अपनी इन्वेस्टमेंट जर्नी से एक ऐसी स्मार्ट ट्रिक शेयर की है, जिसे अपनाकर आम निवेशक भी शेयर बाजार में समझदारी से खेल सकते हैं.कामथ ने बताया कि अगर आप सिर्फ अच्छे स्टॉक्स खरीदने पर ध्यान दे रहे हैं लेकिन अपने व्यवहार यानी इमोशंस और टैक्स प्लानिंग को नजरअंदाज कर रहे हैं, तो मुनाफा कमाने की राह मुश्किल हो सकती है. उनका कहना है कि निवेश और ट्रेडिंग को अलग-अलग रखना ही असली चाल है.

कामथ ने अपने पुराने अनुभव को साझा करते हुए बताया कि ज़ेरोधा शुरू करने से पहले जब वे खुद एक्टिव ट्रेडर थे, तब उन्होंने दो डिमैट अकाउंट बनाए थे. एक ऑफलाइन डिमैट अकाउंट जिसमें वे सिर्फ लॉन्ग-टर्म इन्वेस्टमेंट रखते थे, और दूसरा ऑनलाइन अकाउंट जिससे वे ट्रेडिंग करते थे.

इसका फायदा ये हुआ कि उनके लॉन्ग-टर्म स्टॉक्स को बेचना एक आसान काम नहीं था. उन्हें फिजिकली डिलीवरी इंस्ट्रक्शन स्लिप भरकर भेजनी पड़ती थी. ये छोटी-सी मुश्किल एक बिहेवियरल हैक बन गई, जिससे उन्हें इमोशनल फैसलों से बचने में मदद मिली. नतीजा ये हुआ कि जिन स्टॉक्स को उन्होंने लंबे समय तक बिना छेड़े रखा, वहीं उनके सबसे अच्छे रिटर्न्स बने.शेयर बाजार में अचानक गिरावट या किसी न्यूज से घबराकर स्टॉक्स बेच देना आम बात है. मगर नितिन कामथ की यह रणनीति इम्पल्स सेलिंग को रोकती है. सिर्फ अनुशासन ही नहीं, सेकेंडरी डिमैट अकाउंट का एक और बड़ा फायदा है, टैक्स सेविंग. भारत में जब आप एक ही डिमैट अकाउंट में शॉर्ट-टर्म और लॉन्ग-टर्म होल्डिंग्स रखते हैं, तो एफआईएफओ रूल लागू होता है. इसका मतलब यह है कि पहले खरीदा गया स्टॉक पहले बेचा हुआ माना जाता है. भले ही आप लॉन्ग-टर्म होल्डिंग बेचना चाहें.


महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
**आकर्षक पुष्कराज विकली लॉटरी** | सोडत दर गुरुवारी | तिकीट किंमत रु. 50/- | सोडत क्र. 37 | सोडत दिनांक 11/09/2025

पहिले सामाईक बक्षिस रु. 8 लाख — **AP-04 : 1868**

सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES • सर्व मालिकांसाठी

दुसरे बक्षिस रु. 5000/- — **1413** (महाराजा असोसिएट्स - इचलकरंजी, महावीर लॉटरी सेंटर - कोल्हापूर)

| बक्षिस | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तिसरे बक्षिस रु. 2000/- | 1640 | 2018 | 4071 | 4348 | 5328 | 6067 | 7793 |
| चौथे बक्षिस रु. 1000/- | 1195 | 1729 | 2472 | 4192 | 4346 | 6942 | 7909 |
| पाचवे बक्षिस रु. 500/- | 1770 | 3141 | 5148 | 5940 | 6288 | 6496 | 7568 |
| सहावे बक्षिस रु. 200/- | 1645 | 2613 | 4082 | 4148 | 4378 | 4671 | 5873 |

सातवे बक्षिस रु. 100/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2110 | 2563 | 3163 | 3479 | 4045 | 4503 | 5040 | 5576 | 6127 | 6546 | 6966 | 7509 |
| | | 2116 | 2571 | 3180 | 3486 | 4047 | 4504 | 5049 | 5583 | 6137 | 6562 | 6993 | 7527 |
| | | 2123 | 2577 | 3229 | 3513 | 4048 | 4515 | 5050 | 5584 | 6138 | 6566 | 6996 | 7550 |
| 1006 | 1645 | 2141 | 2591 | 3234 | 3520 | 4059 | 4519 | 5056 | 5585 | 6155 | 6578 | 6999 | 7575 |
| 1060 | 1655 | 2158 | 2628 | 3235 | 3536 | 4072 | 4528 | 5066 | 5592 | 6159 | 6603 | 7015 | 7629 |
| 1081 | 1671 | 2198 | 2656 | 3279 | 3537 | 4083 | 4539 | 5092 | 5599 | 6166 | 6606 | 7035 | 7654 |
| 1094 | 1675 | 2202 | 2670 | 3298 | 3543 | 4098 | 4593 | 5105 | 5624 | 6168 | 6610 | 7073 | 7665 |
| 1097 | 1711 | 2204 | 2674 | 3319 | 3589 | 4104 | 4615 | 5117 | 5638 | 6171 | 6625 | 7077 | 7697 |
| 1106 | 1719 | 2218 | 2679 | 3322 | 3598 | 4106 | 4634 | 5145 | 5645 | 6177 | 6626 | 7079 | 7716 |
| 1114 | 1748 | 2219 | 2702 | 3326 | 3609 | 4130 | 4645 | 5155 | 5654 | 6193 | 6628 | 7117 | 7720 |
| 1124 | 1759 | 2223 | 2728 | 3328 | 3666 | 4149 | 4646 | 5156 | 5719 | 6206 | 6641 | 7130 | 7721 |
| 1130 | 1767 | 2225 | 2750 | 3332 | 3681 | 4157 | 4664 | 5166 | 5724 | 6226 | 6653 | 7146 | 7726 |
| 1136 | 1776 | 2227 | 2769 | 3335 | 3683 | 4174 | 4682 | 5167 | 5754 | 6239 | 6655 | 7151 | 7755 |
| 1137 | 1781 | 2228 | 2787 | 3338 | 3709 | 4191 | 4698 | 5168 | 5801 | 6251 | 6664 | 7157 | 7767 |
| 1144 | 1790 | 2246 | 2798 | 3346 | 3733 | 4222 | 4709 | 5216 | 5819 | 6267 | 6674 | 7168 | 7771 |
| 1171 | 1811 | 2248 | 2812 | 3347 | 3742 | 4256 | 4744 | 5227 | 5829 | 6280 | 6678 | 7179 | 7776 |
| 1193 | 1817 | 2292 | 2822 | 3351 | 3765 | 4264 | 4746 | 5248 | 5849 | 6283 | 6683 | 7182 | 7777 |
| 1211 | 1830 | 2305 | 2824 | 3356 | 3774 | 4333 | 4759 | 5319 | 5860 | 6286 | 6691 | 7187 | 7778 |
| 1256 | 1849 | 2309 | 2867 | 3368 | 3794 | 4339 | 4770 | 5353 | 5885 | 6306 | 6695 | 7200 | 7779 |
| 1257 | 1851 | 2313 | 2912 | 3369 | 3804 | 4349 | 4776 | 5359 | 5888 | 6323 | 6715 | 7204 | 7788 |
| 1258 | 1867 | 2321 | 2914 | 3371 | 3820 | 4364 | 4809 | 5395 | 5904 | 6349 | 6716 | 7205 | 7792 |
| 1281 | 1891 | 2322 | 2922 | 3374 | 3822 | 4397 | 4825 | 5396 | 5934 | 6368 | 6731 | 7219 | 7794 |
| 1310 | 1901 | 2327 | 2927 | 3376 | 3824 | 4400 | 4840 | 5422 | 5941 | 6370 | 6736 | 7250 | 7797 |
| 1319 | 1913 | 2373 | 2929 | 3380 | 3834 | 4404 | 4841 | 5447 | 5944 | 6379 | 6746 | 7264 | 7809 |
| 1468 | 1931 | 2421 | 2939 | 3382 | 3868 | 4410 | 4845 | 5457 | 5953 | 6381 | 6760 | 7268 | 7834 |
| 1481 | 1932 | 2451 | 2964 | 3390 | 3902 | 4419 | 4849 | 5504 | 5968 | 6386 | 6769 | 7280 | 7837 |
| 1511 | 1945 | 2467 | 2971 | 3392 | 3913 | 4428 | 4860 | 5509 | 5976 | 6389 | 6798 | 7282 | 7856 |
| 1519 | 1948 | 2475 | 2979 | 3393 | 3919 | 4432 | 4882 | 5525 | 5992 | 6411 | 6830 | 7287 | 7865 |
| 1552 | 1958 | 2491 | 2980 | 3395 | 3936 | 4434 | 4894 | 5527 | 5993 | 6415 | 6861 | 7292 | 7873 |
| 1577 | 1978 | 2505 | 3033 | 3401 | 3961 | 4439 | 4900 | 5531 | 5995 | 6420 | 6870 | 7317 | 7876 |
| 1581 | 1997 | 2509 | 3037 | 3413 | 3965 | 4448 | 4911 | 5536 | 5999 | 6422 | 6886 | 7328 | 7894 |
| 1588 | 1999 | 2522 | 3043 | 3418 | 3981 | 4451 | 4939 | 5539 | 6003 | 6426 | 6902 | 7357 | 7908 |
| 1593 | 2010 | 2528 | 3072 | 3423 | 3986 | 4454 | 4941 | 5548 | 6004 | 6431 | 6906 | 7428 | 7911 |
| 1611 | 2025 | 2533 | 3078 | 3429 | 3987 | 4474 | 4942 | 5551 | 6017 | 6440 | 6908 | 7429 | 7912 |
| 1612 | 2037 | 2538 | 3093 | 3433 | 3988 | 4478 | 4949 | 5553 | 6055 | 6443 | 6909 | 7453 | 7937 |
| 1618 | 2047 | 2543 | 3121 | 3448 | 3989 | 4480 | 4962 | 5563 | 6060 | 6481 | 6910 | 7456 | 7960 |
| 1619 | 2081 | 2548 | 3126 | 3454 | 4009 | 4484 | 4984 | 5565 | 6066 | 6508 | 6923 | 7457 | 7970 |
| 1627 | 2089 | 2556 | 3141 | 3455 | 4010 | 4496 | 4994 | 5567 | 6069 | 6511 | 6949 | 7477 | 7971 |
| 1635 | 2098 | 2559 | 3150 | 3458 | 4040 | 4497 | 5028 | 5570 | 6081 | 6542 | 6961 | 7506 | 7995 |

महाराष्ट्र राज्य लॉटरी महाराष्ट्र तेजस्विनी मासिक सोडत — सोडत दिनांक 19/08/2025
जिंका फक्त 4 अंकावर ₹ 50 लाख (रु. 5 लाखाची 10 बक्षिसे) | दुसरे बक्षिस ₹10 लाख (रु. 10 हजाराची 100 बक्षिसे) | तिसरे बक्षिस ₹5 लाख (रु. 5 हजाराची 100 बक्षिसे) | 200/-
आकर्षक पुष्कराज सोडत दिनांक 11/09/2025 | छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जबाबदार नाही. अचूक निकालासाठी अधिकृत गॅझेट पहावे. | प्रस्तुतकर्ता महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : /princeagencymah : /princeagencypl : /princeagencymah



निकाल — महाराष्ट्र राज्य लॉटरी **गणेशलक्ष्मी गौरव विकली लॉटरी** — सोडत सायं. 5:00 वाजता
सोडत दर गुरुवार • सोडत क्रमांक 37 • तिकीट किं. रु. 10/- • सोडत दिनांक 11/09/2025

पहिले सामायिक बक्षिस रु. 10000/- — **MG-08 : 8697**

सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES • सर्व मालिकांसाठी

दुसरे बक्षिस रु. 2000/- — 0041, 0196, 4230, 7084 (हरी श्री लॉटरी सेंटर, नालासोपारा), 9208

| बक्षिस | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तिसरे बक्षिस रु. 1000/- | 0089 | 0718 | 0727 | 1008 | 2712 | 5048 | 6074 | 6441 | 8734 | 9900 |
| चौथे बक्षिस रु. 500/- | 4153 | 4208 | 5432 | 5958 | 7694 | 7740 | 8093 | 8974 | 9526 | 9753 |

पाचवे बक्षीस रु. 200/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 0102 | 1461 | 2223 | 3228 | 4097 | 4648 | 5610 | 7278 | 7794 | 8788 |
| 0203 | 1476 | 2323 | 3266 | 4153 | 4800 | 5653 | 7291 | 7864 | 8789 |
| 0460 | 1518 | 2406 | 3333 | 4191 | 4833 | 5922 | 7335 | 7871 | 8878 |
| 0730 | 1540 | 2418 | 3336 | 4234 | 4847 | 6002 | 7355 | 7987 | 8951 |
| 0891 | 1582 | 2622 | 3357 | 4275 | 4876 | 6196 | 7402 | 8004 | 9028 |
| 0894 | 1701 | 2623 | 3371 | 4319 | 5075 | 6371 | 7479 | 8015 | 9119 |
| 0914 | 1714 | 2677 | 3539 | 4377 | 5275 | 6626 | 7522 | 8076 | 9275 |
| 0978 | 1821 | 2998 | 3662 | 4409 | 5288 | 6652 | 7627 | 8283 | 9507 |
| 1164 | 1846 | 3019 | 3813 | 4472 | 5455 | 6675 | 7715 | 8298 | 9644 |
| 1190 | 1920 | 3061 | 3864 | 4497 | 5460 | 6767 | 7748 | 8354 | 9750 |
| 1377 | 1951 | 3092 | 3903 | 4499 | 5513 | 6961 | 7766 | 8387 | 9821 |
| 1379 | 1995 | 3179 | 3931 | 4504 | 5543 | 7039 | 7772 | 8389 | 9929 |
| 1401 | 2062 | 3185 | 4021 | 4533 | 5574 | 7157 | 7784 | 8738 | 9954 |
| 1403 | 2127 | 3224 | 4083 | 4581 | 5608 | 7240 | 7785 | 8766 | 9971 |

महाराष्ट्र राज्य लॉटरी महाराष्ट्र गणेशलक्ष्मी गणपती विशेष मासिक सोडत | तिकीट किंमत रु.100/- | सोडत दिनांक 16-09-2025
जिंका फक्त 4 अंकावर पहिले सामायिक बक्षिस ₹ 22 लाख | दुसरे बक्षीस ₹ 3 लाख (₹ 10 हजारची 30 बक्षिसे) | तिसरे बक्षीस ₹ 5 लाख (₹ 5 हजारची 100 बक्षिसे)
गणेशलक्ष्मी गौरव विकली लॉटरी सोडत दिनांक 11/09/2025 | छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जबाबदार नाही. अचुक निकालासाठी अधिकृत गॅझेट पहावे प्रस्तुतकर्ता : महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah



निकाल — महाराष्ट्र राज्य लॉटरी **महाराष्ट्र सह्याद्री** • दीपलक्ष्मी विकली लॉटरी • — सोडत सायं. 4:30 वाजता
सोडत दर गुरुवार • सोडत क्रमांक 37 • तिकीट किं. रु. 15/- • सोडत दिनांक 11/09/2025

पहिले सामायिक बक्षिस रु. 10000/- — **SD-07 : 3015**

सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES • सर्व मालिकांसाठी

| बक्षिस | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दुसरे बक्षिस रु. 1000/- | 1615 | 2084 | 2165 | 2463 | 3041 | 3423 | 3929 | 4040 | 4612 | 5025 |
| तिसरे बक्षिस रु. 500/- | 1026 | 1283 | 2245 | 3522 | 4301 | 4435 | 5102 | 5232 | 5498 | 5978 |

चौथे बक्षीस रु. 400/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1014 | 1803 | 2746 | 3432 | 4850 |
| 1033 | 1812 | 2812 | 3639 | 4947 |
| 1195 | 1869 | 2827 | 3734 | 5063 |
| 1199 | 2006 | 2887 | 3798 | 5306 |
| 1211 | 2022 | 2894 | 3859 | 5371 |
| 1227 | 2026 | 2925 | 3868 | 5433 |
| 1411 | 2093 | 2982 | 3907 | 5536 |
| 1450 | 2263 | 2986 | 4097 | 5548 |
| 1519 | 2274 | 2990 | 4334 | 5591 |
| 1718 | 2471 | 3013 | 4495 | 5653 |
| 1763 | 2579 | 3064 | 4496 | 5806 |
| 1766 | 2676 | 3396 | 4577 | 5900 |

महाराष्ट्र राज्य लॉटरी महाराष्ट्र गणेशलक्ष्मी गणपती विशेष मासिक सोडत | तिकीट किंमत रु.100/- | सोडत दिनांक 16-09-2025
जिंका फक्त 4 अंकावर पहिले सामायिक बक्षिस ₹ 22 लाख | दुसरे बक्षीस ₹ 3 लाख (₹ 10 हजारची 30 बक्षिसे) | तिसरे बक्षीस ₹ 5 लाख (₹ 5 हजारची 100 बक्षिसे)
छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जबावदार नाही. • अचूक निकालासाठी अधिकृत गॅझेट पाहावे.• प्रस्तुतकर्ता : महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
महाराष्ट्र सह्याद्री दीपलक्ष्मी विकली लॉटरी सोडत दिनांक 11/09/2025
ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah


# ट्रंप टैरिफ से भारतीय करेंसी कमजोर

वाशिंगटन.

अमेरिका की ओर से भारत पर लगाए गए 50% टैरिफ का असर भारतीय करेंसी पर दिख रहा है. रुपया गुरुवार को डॉलर के मुकाबले अपने रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया है. यह गिरावट दिखाती है कि अमेरिका के टैरिफ एशिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भारत पर कितना दबाव डाल रहे हैं. आज रुपया गिरकर 88.44 प्रति डॉलर पर पहुंच गया, जो पिछले शुक्रवार के 88.36 के रिकॉर्ड स्तर से भी नीचे चला गया. यानी आज 1 डॉलर के मुकाबले 88.44 रुपए मिल रहे हैं.रुपये की इस कमजोरी से साफ है कि पिछले महीने से लागू अमेरिकी टैरिफ से निवेशकों का भारत से भरोसा उठ रहा है और एशियाई देशों में रुपया सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहा है. इस साल अब तक विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर और बॉन्ड बाजार से कुल 11.7 अरब डॉलर निकाल लिए हैं. अमेरिका के सख्त टैरिफ ने भारत की इकोनॉमिक ग्रोथ और ट्रेड पर निगेटिव असर डाला है और रुपये को हिलाकर रख दिया है.



असर को कम करने के लिए केंद्र सरकार ने जीएसटी की दरों में कटौती की है. इसके अलावा दोनों देश आपसी बातचीत के जरिए व्यापार से जुड़ी रुकावटों को दूर करने की कोशिश कर रहे हैं. फिलहाल निर्यातकों को ऑर्डर आने को लेकर अनिश्चितता है, जबकि इम्पोर्टरको ज्यादा हेजिंग करनी पड़ रही है, जिससे करेंसी मार्केट में मांग और आपूर्ति का संतुलन बिगड़ रहा है. हेजिंग एक रिस्क मैनेजमेंट की स्ट्रेटजी है.

भारतीय रिजर्व बैंक लगातार दखल दे रहा है ताकि रुपये की गिरावट की रफ्तार ज्यादा न बढ़े. मार्केट से जुड़े लोगों का कहना है कि केंद्रीय बैंक डॉलर बेचकर उतार-चढ़ाव को संभाल रहा है और बड़े झटकों से बचा रहा है.


१- श्रद्धा सबूरी लॉटरी, साई मंदिर
२- जय भोले लॉटरी, झेरी लॉन
३- न्यू बॉम्बे लॉटरी, लक्ष्मी भवन चौक धरमपेठ
४-साई लॉटरी, पंचशील चौक
५- अनिल बंसोड़ लॉटरी, झासीरानी चौक बर्डी
६- नरेंद्र लॉटरी, शिवम् मॉल के पास सीताबर्डी
७- प्रवीण लॉटरी महाराष्ट्र बैंक मुंजे चौक सीताबर्डी
८-मयूरी लॉटरी, आकाशवाणी चौक
९-माँ आंबे लॉटरी, आगाराम देवी
१०- नितिन लॉटरी, रामबाग कॉलोनी, मेडिकल चौक
११-दिलीप लॉटरी, नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१२ श्री गणेश लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१३-शुभम लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१४ श्री गजानन लॉटरी झेंडा चौक, महाल
१५-आशीष लॉटरी शाहिद चौक, इतवारी
१६- ख्वाजा लॉटरी कमाल टॉकीज़, कमाल चौक
१७- वैभव लॉटरी इंदौरा चौक लष्करी बाग
१८-चिकटे लॉटरी सक्करदरा चौक
१९- ओमसाई लॉटरी,महाकाळकर बिल्डिंग, छोटा ताजबाग
२०- गुरुदेव लॉटरी , गांधीचौक चंद्रपुर
२१-गजानन लॉटरी, अकोला
22- प्रेम लॉटरी सेंटर, कमाल चौक
23- नारायण लॉटरी, शहीद चौक, इतवारी
24- महावीर लॉटरी, बाजार चौक, कलमेश्वर

प्रविण कडू : 9822472123



निकाल — महाराष्ट्र राज्य लॉटरी **महाराष्ट्र गजलक्ष्मी गुरु विकली लॉटरी** — सोडत संध्या. 4:45 वाजता
सोडत दर गुरुवार • सोडत क्रमांक 37 • तिकीट किं. रु. 20/- • सोडत दिनांक 11/09/2025

पहिले बक्षिस रु. 10,000/- — **GL-02 : 6949**

सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES

| बक्षिस | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दुसरे बक्षिस रु. 2000/- | 0042 | 1339 | 3894 | 4861 | 5162 | 5342 | 5543 | 6704 | 7264 | 8978 |
| तिसरे बक्षिस रु. 1000/- | 0339 | 2174 | 3857 | 4771 | 5594 | 5943 | 6036 | 6174 | 6791 | 6892 |
| चौथे बक्षिस रु. 500/- | 1118 | 1379 | 1710 | 6466 | 7063 | 8325 | 8384 | 8605 | 8939 | 9553 |

पाचवे बक्षीस रु. 300/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पाचवे बक्षिस रु. 300/- | 0988 | 1960 | 2717 | 3426 | 4474 | 5556 | 6366 | 7203 | 8044 | 8838 |
| 0004 | 0991 | 1977 | 2804 | 3456 | 4503 | 5597 | 6386 | 7319 | 8068 | 8863 |
| 0016 | 1055 | 2000 | 2860 | 3513 | 4545 | 5660 | 6439 | 7406 | 8167 | 8877 |
| 0039 | 1118 | 2024 | 2862 | 3543 | 4551 | 5755 | 6477 | 7417 | 8186 | 8884 |
| 0055 | 1143 | 2027 | 2905 | 3563 | 4588 | 5785 | 6502 | 7460 | 8190 | 8945 |
| 0088 | 1206 | 2044 | 2920 | 3655 | 4611 | 5953 | 6549 | 7476 | 8218 | 8951 |
| 0156 | 1218 | 2109 | 3124 | 3666 | 4742 | 5973 | 6642 | 7483 | 8280 | 9065 |
| 0168 | 1291 | 2148 | 3126 | 3691 | 4760 | 5989 | 6648 | 7546 | 8331 | 9119 |
| 0255 | 1300 | 2164 | 3148 | 3834 | 4803 | 6009 | 6651 | 7573 | 8403 | 9292 |
| 0325 | 1362 | 2208 | 3232 | 3934 | 4947 | 6035 | 6655 | 7574 | 8468 | 9312 |
| 0349 | 1371 | 2219 | 3236 | 3936 | 5009 | 6068 | 6706 | 7691 | 8477 | 9409 |
| 0488 | 1401 | 2253 | 3238 | 4149 | 5012 | 6136 | 6751 | 7694 | 8486 | 9470 |
| 0568 | 1484 | 2254 | 3273 | 4197 | 5064 | 6166 | 6842 | 7708 | 8538 | 9479 |
| 0700 | 1576 | 2272 | 3312 | 4214 | 5197 | 6168 | 6878 | 7738 | 8549 | 9480 |
| 0743 | 1650 | 2279 | 3315 | 4220 | 5221 | 6200 | 6966 | 7747 | 8571 | 9539 |
| 0801 | 1693 | 2336 | 3343 | 4234 | 5225 | 6216 | 6994 | 7753 | 8598 | 9593 |
| 0803 | 1709 | 2424 | 3360 | 4356 | 5302 | 6246 | 7013 | 7791 | 8678 | 9649 |
| 0805 | 1747 | 2482 | 3368 | 4413 | 5325 | 6283 | 7044 | 7925 | 8703 | 9676 |
| 0869 | 1754 | 2582 | 3371 | 4428 | 5523 | 6346 | 7087 | 7955 | 8732 | 9841 |
| 0906 | 1769 | 2620 | 3378 | 4433 | 5531 | 6362 | 7154 | 7963 | 8802 | 9935 |
| 0940 | 1786 | 2628 | 3409 | 4465 | 5538 | 6364 | 7174 | 8017 | 8808 | 9990 |

महाराष्ट्र राज्य लॉटरी महाराष्ट्र गजराज मासिक सोडत — सोडत दिनांक 25/09/2025
जिंका फक्त 4 अंकावर पहिले सामायिक हमीपात्र बक्षीस ₹ 5 लाख | सहावे बक्षिस रु. ₹ 2.5 लाख (रु.100 च्या 2500 बक्षिसे) | तिकीट किंमत ₹20/-
महाराष्ट्र गजलक्ष्मी गुरु विकली लॉटरी सोडत दिनांक 11/09/2025 | छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जबाबदार नाही. अचुक निकालासाठी अधिकृत गॅझेट पहावे प्रस्तुतकर्ता : महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah

# बीएमसी चुनाव के लिए शिवसेना एक्टिव

## शुरू किया चुनावी रणनीति बनाना

**मुंबई.**



राज्य में अगले कुछ महीनों में स्थानीय निकाय चुनाव हो सकते हैं. सभी दलों ने अब अपने-अपने स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी हैं. महायुति के प्रमुख नेताओं की ओर से कई बार स्पष्ट किया जा चुका है कि हम राज्य में महायुति के रूप में चुनाव लड़ेंगे, वहीं दूसरी ओर, इन चुनावों को लेकर महाविकास अघाड़ी की तस्वीर साफ नहीं है, खासकर तब जब आज मनसे प्रमुख राज ठाकरे और शिवसेना ठाकरे गुट के प्रमुख उद्धव ठाकरे के बीच एक अहम बैठक हुई, जिसने उत्सुकता और बढ़ा दी है. इस पूरी पृष्ठभूमि में शिवसेना शिंदे गुट ने महानगरपालिका चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है.

मुंबई महानगरपालिका चुनाव की पृष्ठभूमि में शिवसेना की मुख्य कार्यकारी समिति की घोषणा कर दी गई है. इस टीम में 21 प्रमुख नेताओं को शामिल किया गया है. आगामी मुंबई महानगरपालिका चुनावों की पृष्ठभूमि में, शिवसेना ने पार्टी की मुख्य कार्यकारी समिति का गठन किया है. इसमें पार्टी के प्रमुख नेता एकनाथ शिंदे समेत 21 शिलाधारक शामिल हैं.महानगरपालिका चुनावों में पार्टी स्तर पर महत्वपूर्ण निर्णय इसी समिति के माध्यम से लिए जाएंगे. इस समिति में शिवसेना के शीर्ष नेताओं, सांसदों, पूर्व सांसदों, विधायकों और पूर्व विधायकों को शामिल किया गया है.

### राज्य में जल्द निकाय चुनाव का होगा ऐलान

पूर्व सांसद राहुल शेवाले, पूर्व विधायक सदा सर्वणकर, यामिनी जाधव और शिशिर शिंदे को भी समिति में जगह मिली है. भारत के सबसे धनी नगर निकाय, बीएमसी, जिसका 2025-26 का बजट 74,427 करोड़ रुपये निर्धारित किया गया था, के चुनाव मार्च 2022 से होने हैं. बीएमसी के अलावा, महाराष्ट्र में कई ग्रामीण और शहरी स्थानीय निकाय के चुनाव होने हैं.

# सुप्रीम कोर्ट की महाराष्ट्र पुलिस को सख्त फटकार

**मुंबई.**



सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र पुलिस को फटकार लगाई है. पुलिस को यह फटकार साल 2023 के मारपीट के एक मामले की जांच ना करने पर लगाई गई है. कोर्ट ने कहा, पुलिस की वर्दी पहनने के बाद व्यक्ति को धर्म और जाति सहित सभी तरह के पूर्वाग्रहों से ऊपर उठना चाहिए और कानून के अनुसार कर्तव्य निभाना चाहिए.सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र के गृह सचिव को निर्देश दिया है. कोर्ट ने कहा है हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों के लोगों के साथ वरिष्ठ अधिकारियों की एक एसआईटी गठित कर जांच कराए. दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश उस याचिका पर दिया है जिसमें मई 2023 में महाराष्ट्र के अकोला में हुए सांप्रदायिक दंगे की जांच में लापरवाह पुलिसवालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई थी. अपने कर्तव्यों की निष्क्रियता और पक्षपातपूर्ण जांच के लिए दोषी पुलिस अधिकारियों के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई की मांग की गई थी. याचिकाकर्ता ने खुद को हत्या का चश्मदीद बताया और कहा कि असली दोषी के बजाय मुस्लिम व्यक्तियों पर एफआईआर दर्ज की गई. याचिकाकर्ता ने दंगों के दौरान खुद पर हमले का भी आरोप लगाया था. इससे पहले बॉम्बे हाईकोर्ट ने याचिका खारिज कर दी थी, यह कहते हुए कि याचिकाकर्ता ने समय पर पुलिस को जानकारी नहीं दी. हाईकोर्ट ने यह भी कहा था कि पीड़ित के परिजन खुद कोर्ट नहीं पहुंचे और याचिका किसी 'छिपे मकसद' से दायर लगती है.

# गहने चुराकर प्रेमी संग भागने की साजिश

**गोरेगांव.** मुंबई के गोरेगांव पूर्व की बीएमसी कॉलोनी आमतौर पर शांत इलाका है लेकिन यहां एक घर में सोशल मीडिया वाले प्यार के चक्कर में पड़कर महिला ने पति के खिलाफ ऐसा षड़यंत्र रचा जिसकी चर्चा अब पूरे इलाके में हो रही है और लोग सच्चाई जानकर हैरान हैं. ये कहानी है बीएमसी कर्मचारी रमेश धोंडु हलडदिवे के घर की जहां उनकी पत्नी उर्मिला पति के ऑफिस जाते ही अपनी खौफनाक साजिश को अमलीजामा पहनाने में जुट जाती थी. बाहर से एक साधारण गृहिणी लगने वाली उर्मिला दरअसल सोशल मीडिया पर अपने प्रेमी के साथ भागने की योजना बना रही थी. हैरानी की बात ये थी कि उसके एक नहीं बल्कि दो-दो प्रेमी थे. उसकी अपनी 18 साल की बेटी के बॉयफ्रेंड से भी नजदीकियां थी और उसे भी उसने प्लान में शामिल कर लिया था. पुलिस के मुताबिक घर से करीब 10 लाख रुपये के गहने गायब कर उर्मिला खुद दिंडोशी पुलिस थाने पहुंच गई और घर में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई. लेकिन जब पुलिस की जांच में सच्चाई उजागर हुई तो सभी हैरान रह गए. दरअसल चोरी के मामले की जांच के दौरान सीनियर इंस्पेक्टर महेंद्र शिंदे और एसआई अजीत देसाई की टीम ने घर के सभी सदस्यों के कॉल डिटेल्स खंगाले. लगातार एक नंबर से उर्मिला की बातचीत ने पुलिस का शक पुख्ता कर दिया. इतना ही नहीं उर्मिला ने इसके लिए घर से चुराए गहनों को बेचकर प्रेमी के खाते में पैसा ट्रांसफर कर दिया और फिर चोरी के नाम पर पुलिस को लगातार गुमराह करती रही.

# नेता के बर्थडे पर डीजे ट्रक हादसा, 1 की मौत

**पुणे.**

पुणे जिले के जुन्नर कस्बे में 10 सितंबर को एक दर्दनाक हादसा हो गया. एक स्थानीय नेता के जन्मदिन जुलूस के दौरान डीजे साउंड सिस्टम लेकर जा रहा ट्रक भीड़ में घुस गया. इस घटना में 21 वर्षीय आदित्य काले की मौत हो गई और छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. पुलिस ने मामले में पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष देवराम लांडे, उनके बेटे, वाहन मालिक और ड्राइवर को गिरफ्तार किया है. दरअसल 10 सितंबर को दोपहर के समय जुन्नर कस्बे में देवराम लांडे के जन्मदिन का जुलूस निकाला जा रहा था. इस दौरान आदित्य काले सहित 7 लोग झांझ बजाने वाले दल में शामिल थे. पुलिस के अनुसार, डीजे वाहन के चालक ने भीड़ मौजूद होने के बावजूद लापरवाही से गाड़ी चलाई और सामने खड़े लोगों को टक्कर मार दी. इस दुर्घटना में आदित्य काले की मौके पर मौत हो गई, जबकि 6 अन्य लोग घायल हो गए जिन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया. घटना के तुरंत बाद देवराम लांडे और उनके बेटे मौके से फरार हो गए. इससे गुस्साए लोगों ने पुलिस थाने में पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की.पुलिस ने देर शाम देवराम लांडे, उनके बेटे, वाहन मालिक और ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कर चारों को गिरफ्तार कर लिया.

# डिजिटल अरेस्ट का झांसा 1 करोड़ की ठगी

**पुणे.** पुणे से एक सनसनीखेज साइबर फ्रॉड का मामला सामने आया है. यहां 83 साल के रिटायर्ड डिफेंस ऑफिसर डिजिटल अरेस्ट स्कैम का शिकार हो गए. ठगों ने खुद को सीबीआई अफसर बताकर उन्हें एक महीने तक डिजिटल सर्विलांस के नाम पर डराए रखा और धीरे-धीरे 1 करोड़ रुपये हड़प लिए. पुलिस की एफआईआर के मुताबिक, पीड़ित 83 साल के रिटायर्ड डिफेंस ऑफिसर कोंढवा इलाके में अपनी पत्नी के साथ रहते हैं. 22 जुलाई को उनके पास एक फोन कॉल आया, जिसमें कॉलर ने खुद को सीबीआई ऑफिसर बताया. उसने पीड़ित से कहा कि तुम्हारा नाम 400 करोड़ रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग केस में संदिग्धों की सूची में शामिल है. कॉलर ने कहा कि सीबीआई की रेड में 247 आधार कार्ड मिले हैं, जिनमें तुम्हारा कार्ड भी था. इसके बाद ठगों ने पीड़ित को यह कहकर डराया कि तुम्हारा पैसों का लेनदेन संदिग्ध है. अगर सहयोग नहीं करोगे तो अरेस्ट कर लिया जाएगा. कॉल पर मौजूद एक अन्य शख्स को सीनियर अफसर बताते हुए ठगों ने पीड़ित से बैंक अकाउंट और बैलेंस की डिटेल निकलवा ली.

# गड्ढे भाजपा के लिए चुनौती

**नासिक.** शहर की सभी सड़कें गड्ढों से भरी होने के कारण नासिकवासियों का धैर्य टूटने लगा है और आगामी नगर निगम चुनावों की पृष्ठभूमि में गड्ढों का मुद्दा भाजपा के लिए परेशानी का सबब बन सकता है, इस संभावना को देखते हुए भाजपा ने अब अपना पूरा ध्यान गड्ढों को भरने पर केंद्रित कर दिया है। प्रशासकों द्वारा प्रशासन संभालने से पहले, नगर निगम में भाजपा का एकछत्र राज था। इसलिए विपक्ष ने शहर की सड़कों पर गड्ढों के लिए भाजपा को जिम्मेदार ठहराया है। नासिक में तीन विधायकों वाली भाजपा को लेकर घमासान मचा हुआ है। शहर के कई अन्य मुद्दों के साथ-साथ गड्ढों का मुद्दा भी विपक्ष द्वारा की जा रही रैलियों में एक मुख्य मुद्दा बन गया है।


**PUBLIC NOTICE**

Process No. 6156 Dt. 29/08/25
IN THE COURT OF 3rd JOINT CIVIL JUDGE JUNIOR DIVISION, NAGPUR. Room No. 516
M.J.C. Case No. 533/2025
Fixed For 22/09/2025

Applicant : 1) Vatsala Prabhakar Narnaware, 2) Jyoti Sanjay Gajwe, 3) Jyotsna Naresh Bawangade, 4) Apurva Ashish Meshram, 5) Shantanu Ashish Meshram, 6) Janvi Ashish Meshram.
--Versus-- Non-Applicants: Nil
Name of Deceased : 1) Pilaji @ Prabhakar Jayram Narnaware, Died On: 05/08/2015, R/o Near Mini Fashion House 324, LIG Qtr No. 20/2, Vaishali Nagar Nagpur-440017

Whereas **Pilaji @ Prabhakar Jayram Narnaware, Died On: 05/08/2015,** R/o Near Mini Fashion House 324, LIG Qtr No. 20/2, Vaishali Nagar Nagpur-440017 and Whereas **Vatsala Prabhakar Narnaware & Oth.** has presented an application to this Court for grant of **Legal Heir Certificate Under the Bombay Regulation Act 1827.**

This is to give notice to all persons who may dispute the right of the said Applicants **Vatsala Prabhakar Narnaware & Oth.** as Legal Heir of the deceased to appear in the Court of **3rd Joint Civil Judge Junior Division, Nagpur** on **22nd Day of Sept., 2025** at 10.30 A.M. there to enter their objections and it is hereby declared that if no sufficient objections is offered on or before the date mentioned above, the Court will forthwith proceed to receive proof of the said Applicants right and to grant them, provided they shall appear entitled thereto a Certificate of Legal Heir of the said deceased.

Given under my hand and the seal of the court, that **29th day of August, 2025.**

Seal — By order of the Court
Asstt. Supdt. (T.W.)
Civil Judge Sr. Dn. Nagpur.

Prasanna Publicity 09326927622



**महसुल व वनविभाग**
**कोर्ट विद्यमान तहसिलदार तथा तालुका दंडाधिकारी नागपूर शहर, यांचे कार्यालय.**

(आकाशवाणी चौक, सिव्हील लाईन, नागपूर पिन कोड- ४४०००१)
तालुका- नागपूर शहर, जिल्हा नागपूर.
Email ID: tahsildarngpcity@gamil.com दुरध्वनी क्र.०७१२-२५६११७५
प्र.क्र. ६७/प्रस्तु- ३/तह. नाग (शहर)/कावि ३९०/२०२५
दिनांक २८/०८/२०२५

**वाचा :** १) सार्वजनिक आरोग्य विभाग यांचे शासन निर्णय दिनांक १२ मार्च २०२५ नुसार, २) मा.उप सचिव, महसूल व वन विभाग, मंत्रालय, मुंबई यांचे कडील पत्र क्र. ०३/ई-१ अ.दि. १७/०३/२०२५, ३) मा. जिल्हाधिकारी, नागपूर यांचे कडील पत्र क्र. अका/डी-१/जन्म-मृत्यू आदेश/ कावि- १०४/२०२५ दिनांक १७/०३/२०२५, ४) अर्जदार **अनिकेत कवडुजी खांदारे,** राह. कुंभारपुरा, शास्त्री गार्डन, पांचपावली, पहला रेल्हवे फाटक, नागपूर, मो.नं. ९७६७८९८१७९

**जाहीरनामा**

ज्याअर्थी अर्जदार **अनिकेत कवडुजी खांदारे,** राह. कुंभारपुरा, शास्त्री गार्डन, पांचपावली, पहला रेल्हवे फाटक, नागपूर, मो.नं. ९७६७८९८१७९ यांनी जन्म तारखेची नोंद महानगर पालिका दप्तरी घेणेकरिता निर्देशित करणेकामी अर्ज दाखल केला आहे.

सदर्हू अर्जदार यांनी **अनिकेत कवडुजी खांदारे** जन्म दिनांक **१४/०४/२००१** रोजी **कुंभारपुरा, शास्त्री गार्डन, पांचपावली, पहला रेल्वे फाटक, नागपूर** येथे घरी झाला असा अर्जदाराचा दावा आहे. त्याचप्रमाणे सदरहू अर्जदार यांना त्यांचे **जन्म** प्रमाणपत्र शासकीय तथा खाजगी कामाकरीता आवश्यक असल्याने त्याची नोंद घेणेकामी आदेश होणे आवश्यक असल्याबाबत त्यांनी अर्जात नमूद केले आहे.

त्याअर्थी मी तहसिलदार तथा तालुका दंडाधिकारी नागपूर (शहर) उपरोक्त वाचा क्र. १ आणि २ व ३ मध्ये नमूद केल्याप्रमाणे मला प्राप्त अधिकारान्वये असे कळविण्यात येते की, सदर व्यक्तीचा **जन्म** बाबत नोंद घेणेकामीचा आदेश देणेकरीता व गृह चौकशी करणेकामी कार्यवाही प्रस्तावित आहे. याबाबत कोणास काही सांगावयाचे किंवा काही आक्षेप असल्यास त्यांनी योग्य ते पुरावे किंवा साक्षीदारांसह तहसिलदार तथा तालुका दंडाधिकारी नागपूर (शहर) यांचे न्यायालयात स्वतः जातीने/ वकीलामार्फत अथवा अन्य मार्गाने या जाहीरनामाच्या दिनांकापासून पंधरा दिवसाच्या आत सादर करावे.

उक्त मुदतीत कुठलाही आक्षेप/ उजर/ विपरित पुरावा प्राप्त न झाल्यास **जन्म** बाबतची नोंद घेणेकामीचा आदेश देणेबाबत कोणालाही काही सांगावयाचे नाही गृहीत धरून प्रस्तावित कार्यवाही करण्यात येईल.

शिक्का — तहसिलदार तथा
तालुका दंडाधिकारी, नागपूर शहर करीता

Prasanna Publicity 09326927622



**महसुल व वनविभाग**
**कोर्ट विद्यमान तहसिलदार तथा तालुका दंडाधिकारी नागपूर शहर, यांचे कार्यालय.**

(आकाशवाणी चौक, सिव्हील लाईन, नागपूर पिन कोड- ४४०००१)
तालुका- नागपूर शहर, जिल्हा नागपूर.
Email ID: tahsildarngpcity@gamil.com दुरध्वनी क्र.०७१२-२५६११७५
प्र.क्र. ५०/प्रस्तु- ३/तह. नाग (शहर)/कावि ३८७/२०२५
दिनांक १२/०८/२०२५

**वाचा :** १) सार्वजनिक आरोग्य विभाग यांचे शासन निर्णय दिनांक १२ मार्च २०२५ नुसार, २) मा.उप सचिव, महसूल व वन विभाग, मंत्रालय, मुंबई यांचे कडील पत्र क्र. ०३/ई-१ अ.दि. १७/०३/२०२५, ३) मा. जिल्हाधिकारी, नागपूर यांचे कडील पत्र क्र. अका/डी-१/जन्म-मृत्यू आदेश/ कावि- १०४/२०२५ दिनांक १७/०३/२०२५, ४) अर्जदार **नवाब अकतर जैनुल कुदुस,** राह. शांती नगर स्विपर कॉलोनी जवळ कचराबाई गल्ली बगीचा मसान घाट नागपूर- १७. मो.नं. ९८९०३८५१५४

**जाहीरनामा**

ज्याअर्थी अर्जदार **नवाब अकतर जैनुल कुदुस,** राह. शांती नगर स्विपर कॉलोनी जवळ कचराबाई गल्ली बगीचा मसान घाट नागपूर- १७. मो.नं. ९८९०३८५१५४ यांनी जन्म तारखेची नोंद महानगर पालिका दप्तरी घेणेकरिता निर्देशित करणेकामी अर्ज दाखल केला आहे.

सदर्हू अर्जदार यांनी नामे **नवाब अकतर जैनुल कुदुस** जन्म दिनांक **०४/०३/१९६०** रोजी **शांती नगर स्विपर कॉलोनी जवळ कचराबाई गल्ली बगीचा मसान घाट नागपूर** येथे घरी झाला असा अर्जदाराचा दावा आहे. त्याचप्रमाणे सदरहू अर्जदार यांना त्यांचे **जन्म** प्रमाणपत्र शासकीय तथा खाजगी कामाकरीता आवश्यक असल्याने त्याची नोंद घेणेकामी आदेश होणे आवश्यक असल्याबाबत त्यांनी अर्जात नमूद केले आहे.

त्याअर्थी मी तहसिलदार तथा तालुका दंडाधिकारी नागपूर (शहर) उपरोक्त वाचा क्र. १ आणि २ व ३ मध्ये नमूद केल्याप्रमाणे मला प्राप्त अधिकारान्वये असे कळविण्यात येते की, सदर व्यक्तीचा **जन्म** बाबत नोंद घेणेकामीचा आदेश देणेकरीता व गृह चौकशी करणेकामी कार्यवाही प्रस्तावित आहे. याबाबत कोणास काही सांगावयाचे किंवा काही आक्षेप असल्यास त्यांनी योग्य ते पुरावे किंवा साक्षीदारांसह तहसिलदार तथा तालुका दंडाधिकारी नागपूर (शहर) यांचे न्यायालयात स्वतः जातीने/ वकीलामार्फत अथवा अन्य मार्गाने या जाहीरनामाच्या दिनांकापासून पंधरा दिवसाच्या आत सादर करावे.

उक्त मुदतीत कुठलाही आक्षेप/ उजर/ विपरित पुरावा प्राप्त न झाल्यास **जन्म** बाबतची नोंद घेणेकामीचा आदेश देणेबाबत कोणालाही काही सांगावयाचे नाही गृहीत धरून प्रस्तावित कार्यवाही करण्यात येईल.

शिक्का — तहसिलदार तथा
तालुका दंडाधिकारी, नागपूर शहर करीता

Prasanna Publicity 09326927622



**महसुल व वनविभाग**
**कोर्ट विद्यमान तहसिलदार तथा तालुका दंडाधिकारी नागपूर शहर, यांचे कार्यालय.**

(आकाशवाणी चौक, सिव्हील लाईन, नागपूर पिन कोड- ४४०००१)
तालुका- नागपूर शहर, जिल्हा नागपूर.
Email ID: tahsildarngpcity@gamil.com दुरध्वनी क्र.०७१२-२५६११७५
क.ली./प्रस्तु- २/तह. नाग (शहर)/कावि ५१०/२०२५
दिनांक १८/०८/२०२५

**वाचा :** १) सार्वजनिक आरोग्य विभाग यांचे शासन निर्णय दिनांक १२ मार्च २०२५ नुसार, २) मा.उप सचिव, महसूल व वन विभाग, मंत्रालय, मुंबई यांचे कडील पत्र क्र. ०३/ई-१ अ.दि. १७/०३/२०२५, ३) मा. जिल्हाधिकारी, नागपूर यांचे कडील पत्र क्र. अका/डी-१/जन्म-मृत्यू आदेश/ कावि- १०४/२०२५ दिनांक १७/०३/२०२५, ४) **श्री संदीप बळीराम वासनीक,** रा. भांडे प्लॉट उमरेड रोड, नागपूर यांचा अर्ज दिनांक १८/०६/२०२५.

**जाहीरनामा**

ज्याअर्थी अर्जदार **श्री संदीप बळीराम वासनीक,** रा. भांडे प्लॉट उमरेड रोड, नागपूर यांनी स्वतःच्या जन्माची नोंद महानगर पालिका दप्तरी घेणेकरिता निर्देशित करणेकामी अर्ज दाखल केला आहे.

सदर्हू **श्री संदीप बळीराम वासनीक** यांचा जन्म दिनांक **०४/०२/१९८६** रोजी **शासकिय वैद्यकिय रूग्नालय नागपूर येथे झाला** असा अर्जदाराचा दावा आहे. त्याचप्रमाणे सदरहू अर्जदार यांना त्यांचे **जन्माचे** प्रमाणपत्र शासकीय तथा खाजगी कामाकरीता आवश्यक असल्याने त्याची नोंद घेणेकामी आदेश होणे आवश्यक असल्याबाबत त्यांनी अर्जात नमूद केले आहे.

त्याअर्थी मी तहसिलदार तथा तालुका दंडाधिकारी नागपूर (शहर) उपरोक्त वाचा क्र. १ आणि २ व ३ मध्ये नमूद केल्याप्रमाणे मला प्राप्त अधिकारान्वये असे कळविण्यात येते की, सदर व्यक्तीचा **जन्म** बाबत नोंद घेणेकामीचा आदेश देणेकरीता व गृह चौकशी करणेकामी कार्यवाही प्रस्तावित आहे. याबाबत कोणास काही सांगावयाचे किंवा काही आक्षेप असल्यास त्यांनी योग्य ते पुरावे किंवा साक्षीदारांसह तहसिलदार तथा तालुका दंडाधिकारी नागपूर (शहर) यांचे न्यायालयात स्वतः जातीने/ वकीलामार्फत अथवा अन्य मार्गाने या जाहीरनामाच्या दिनांकापासून पंधरा दिवसाच्या आत सादर करावे.

उक्त मुदतीत कुठलाही आक्षेप/ उजर/ विपरित पुरावा प्राप्त न झाल्यास **जन्म** बाबतची नोंद घेणेकामीचा आदेश देणेबाबत कोणालाही काही सांगावयाचे नाही गृहीत धरून प्रस्तावित **जन्म** नोंदीबाबतचा आदेश निर्गमित करण्यात येईल.

शिक्का — तहसिलदार तथा
तालुका दंडाधिकारी, नागपूर शहर करीता

Prasanna Publicity 09326927622



**PUBLIC NOTICE**

Pro. No. 16310 Date 29.08.25
IN THE COURT OF 17th Jt. CIVIL JUDGE SR. DN., NAGPUR. (M.S.) ROOM No. 410
M.J.C. Case No. 358/2025
Fixed For 20/09/2025

Applicants : 1) Sandhya Ashish Kolhe & Others -Versus -
Non Applicants: Snehalata Anand Kolhe & other
Name of Deceased: Late Ashish Anandrao Kolhe, Died On: 18/06/2024 R/o. Garudkhamb C.A Road, Near Tanna Hospital, Beside Sadoday Complex, Itwari, Mahal Nagpur.

Whereas **Late Ashish Anandrao Kolhe, Died On: 18/06/2024** R/o. Garudkhamb C.A Road, Near Tanna Hospital, Beside Sadoday Complex, Itwari, Mahal Nagpur. Died on **Nagpur** and Whereas **Sandhya Ashish Kolhe & Others** has presented an application to this Court for grant of **Legal Heir Certificate Under Clause 2 of Bombay Regulation VIII of 1827.**

This is to give notice to all persons who may dispute the right of the said Applicants **Sandhya Ashish Kolhe & Others** as Legal Heir of the deceased to appear in the Court of **17th Jt. Civil Judge Sr. Dn., Nagpur** on **20th Day of Sept., 2025** at 10.30 A.M. there to enter their objections and it is hereby declared that if no sufficient objections is offered on or before the date mentioned above, the Court will forthwith proceed to receive proof of the said Applicants right and to grant them, provided they shall appear entitled thereto a Certificate on Legal Heir of the said deceased. Given under my hand and the seal of the court, this day of **29th day of Aug., 2025.**

Seal — By order of the Court
Asstt. Supdt. (T.W.)
Court of Civil Judge Sr. Dn. Nagpur.

Prasanna Publicity 09326927622






"दळणवळणाच्या दर्जेदार सुविधा, कनेक्टिव्हीटी, उत्पादकता, शाश्वत उपाय आणि सुरक्षा या सर्वांची हमी देणाऱ्या अत्याधुनिक पायाभूत सुविधा तयार करण्यासाठी आमचे सरकार शक्य ते सर्व प्रयत्न करीत आहे."
**नरेंद्र मोदी,** पंतप्रधान


**लोकार्पण समारंभ**

नागपूर-अमरावती राष्ट्रीय महामार्ग क्र. 53 वर बोले पेट्रोल पंप चौक ते नागपूर विद्यापीठ परिसर चौक दरम्यान चार पदरी उड्डाणपुलाचे बांधकाम
लांबी : 2.85 कि. मी. । किंमत : ₹ 191 कोटी

**प्रकल्पाचे फायदे**

बोले पेट्रोल पंप चौक ते वाडी पोलीस ठाणे यातील प्रवासाचा वेळ 35 मिनिटांवरून 8 मिनिटांवर आणला जाईल.
रवी नगर परिसरातील वाहतुकीची वर्दळ कमी होईल.
लॉ कॉलेज चौक, रवी नगर चौक, भरत नगर चौक आणि फुटाळा जंक्शन या मोठ्या चौकात वाहतुकीच्या अनुषंगाने सुरक्षा उपाय योजनेत वाढ.
व्हेरायटी चौक ते जुना वाडी ऑक्ट्राय नाक्यापर्यंत समर्पित सायकल ट्रॅक उपलब्ध होईल.
रस्त्याच्या कडेला सिमेंट कॉक्रिट ड्रेनेज बांधल्यामुळे रवी नगर परिसरातील पाणी साचण्याच्या समस्येला आळा बसेल.
रस्त्याच्या दोन्ही बाजूला पादचारी मार्ग (फुटपाथ).
रस्त्यांवर दिवे लावल्यामुळे सुरक्षा आणि सुरक्षितता अधिक सुधारेल.

दिनांक : शुक्रवार, 12 सप्टेंबर 2025 । वेळ : सायं. 5.30 वाजता
स्थळ : बोले पेट्रोल पंप चौक, अमरावती रोड, नागपूर



शुभहस्ते
**नितीन गडकरी**
केंद्रीय मंत्री, रस्ते परिवहन, महामार्ग, भारत सरकार

प्रमुख अतिथी
**देवेंद्र फडणवीस**
मुख्यमंत्री, महाराष्ट्र राज्य



विशेष उपस्थिती
**चंद्रशेखर बावनकुळे** — मंत्री, महसूल, महाराष्ट्र राज्य तथा पालकमंत्री नागपूर जिल्हा
**ॲड. आशिष जयस्वाल** — राज्यमंत्री, वित्त, नियोजन, कृषी, मदत व पुनर्वसन, विधि व न्याय, कामगार, महाराष्ट्र राज्य

**अभिजीत वंजारी** — विधान परिषद सदस्य
**सुधाकर अडबाले** — विधान परिषद सदस्य
**डॉ. परिणय फुके** — विधान परिषद सदस्य
**कृपाल तुमाने** — विधान परिषद सदस्य
**संदीप जोशी** — विधान परिषद सदस्य
**डॉ. नितीन राऊत** — आमदार (उत्तर नागपूर)
**कृष्णा खोपडे** — आमदार (पूर्व नागपूर)
**प्रविण दटके** — आमदार (मध्य नागपूर)
**मोहन मते** — आमदार (दक्षिण नागपूर)
**विकास ठाकरे** — आमदार (पश्चिम नागपूर)

सौजन्य : T and T GROUP — T and T Infra Limited

@nitingadkary @officeOfNG | @nitin_gadkari @OfficeOfNG | @gadkari.nitin | gadkari.nitin | Nitin Gadkari

## सुविचार

किरण चाहे सूर्य की हो या फिर आशा की, जीवन के सभी अंधकार मिटा देती है.

## संपादकीय

# शांति प्रयासों पर चोट

कतर की राजधानी दोहा में इजरायल के हवाई हमलों ने गाजा में संघर्ष विराम की उम्मीदों को धुंधला कर दिया है। ये हमले जितने अप्रत्याशित लगते हैं, उतने ही गैरजरूरी भी - खासकर जब शांति के लिए बातचीत चल रही हो। बड़ी बात कि इसके लिए अमेरिका को भी भरोसे में नहीं लिया गया था। सकते में अमेरिका इजरायल की कार्रवाई ने ट्रंप एडमिनिस्ट्रेशन को गहरे असमंजस में डाल दिया है। कतर और इजरायल, दोनों ही वॉशिंगटन के करीबी सहयोगी हैं। हमास के साथ वार्ता में कतर मध्यस्थ की भूमिका निभाता रहा है। अब तक उसकी धरती पर सभी पक्षों के बीच कई दौर की बातचीत हो चुकी है। जब इजरायली एयर स्ट्राइक हुई, उस वक्त भी हमास के टॉप लीडर मीटिंग के लिए वहां जुटे थे। कतर ने इस हमले पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। भले ही निशाना वह न हो, लेकिन इजरायल का हमला सीधे तौर पर उसकी संप्रभुता और उसके अधिकार क्षेत्र के खिलाफ था। अब देखने वाली बात होगी कि क्या कतर पहले की तरह हमास-इजरायल वार्ता में रुचि दिखाता है? कतर की भूमिका इसलिए अहम हो जाती है, क्योंकि उस पर सभी पक्षों को भरोसा है। पूरे संघर्ष के दौरान वह हमास और इजरायल के सीधे संपर्क में रहा है। उसके शांति प्रक्रिया से हटने पर बीच की कड़ी टूटने का डर है। गाजा में जंग शुरू हुए दो साल होने को हैं और इस बीच ऐसे कई मोड़ आए, जहां लगा कि संघर्ष फैल सकता है। इजरायल ने पिछले साल सितंबर में लेबनान में हिज्बुल्लाह पर हमले किए थे। फिर इस साल जून में ईरान के खिलाफ युद्ध का ऐलान कर दिया। अब इस ताजा हमले ने उसके प्रति अविश्वास को और बढ़ा दिया है। इसके बाद यह सवाल और तीखा हो जाएगा कि नेतन्याहू क्या वाकई में शांति चाहते हैं? शांति प्रक्रिया को किसी भी तरह का झटका लगता है, तो सबसे ज्यादा नुकसान होगा गाजा के लोगों का, जो भयावह मानवीय त्रासदी से जूझ रहे हैं। कतर पर एयरस्ट्राइक से कुछ घंटों पहले ही इस्राइल ने गाजा को खाली करने की चेतावनी जारी की थी। इस्राइली सेना जमीनी स्तर पर बड़ा सैन्य अभियान चलाने की योजना बना रही है। हालांकि वैश्विक स्तर पर इसकी आलोचना हो रही है। गाजा में पहले ही अकाल घोषित है, अब अगर वहां लड़ाई तेज होती है, तो आम लोग और भी गंभीर संकट में घिर जाएंगे।

## आस्था

# श्राद्ध परंपरा नवजात मृत्यु के बाद क्या होती है

हिंदू धर्म में पितृपक्ष का विशेष महत्व है. पितृपक्ष के दौरान श्राद्ध कर्म किये जाते हैं जिससे हमारे पितरों की आत्मा को शांति मिलती है. श्राद्ध कर्म, पिंडदान और तर्पण करने से मृतक की आत्मा तृप्त होती है. साल 2025 में पितृपक्ष की शुरुआत 7 सितंबर से हो चुकी है जो 21 सितंबर यानी सर्वपितृ अमावस्या की तिथि तक चलेंगे. अगर बच्चे के आयु 6 वर्ष से कम है और उसका निधन हो जाता है तो बच्चा का श्राद्ध उसकी मृत्यु तिथि पर ही किया जाता है. नवजात शिशु की मृत्यु के बाद, श्राद्ध (पिंडदान) के बजाय तर्पण किया जाता है. तर्पण एक विशिष्ट कर्मकांड है जो प्रेत योनि में फंसे शिशु को मोक्ष दिलाने में मदद करता है. जब कोई बच्चा नवजात शिशु की मृत्यु के बाद प्रेत योनि में अटक जाता है. तर्पण के बाद शिशु पितृ बनता है और मोक्ष प्राप्त करता है. अगर नवजात शिशु की किसी कारण से मृत्यु हो जाती है तो उसे मोक्ष की प्राप्ति करना जरूरी होता है. नवजात शिशु का केवल तर्पण किया जाता है और नवजात शिशु का पिंडदान ना करें. पितृपक्ष के दौरान अगर किसी की तिथि ज्ञात ना हो तो उसका तर्पण त्रयोदशी तिथि के दिन कर सकते हैं. ऐसा करने से मोक्ष की प्राप्ति होती है.

## लोककथा

उमेश चमोला

# इन्द्रू छोरा और राक्षसी

एक छोटा बच्चा था। उसका नाम था इन्द्रू छोरा। उसके घर से कुछ दूर अमरूद का एक पेड़ था। इन्द्रू इस पेड़ पर अकसर अमरूद खाने जाया करता था। एक दिन इन्द्रू को पेड़ पर चढ़कर अमरूद खाते हुए एक राक्षसी ने देख लिया। वह पेड़ के नीचे आकर इन्द्रू से बोली, 'बेटा अपनी आंखे बंद करो। फिर अमरूद निकालो। ऐसा करने से कच्चे अमरूद पक जाएंगे।' वह राक्षसी की बातों में आ गया। वह आंखें बंद कर अमरूद निकालने लगा। वह पेड़ से गिर गया। राक्षसी ने उसे थैले में बंद कर दिया। वह उसे अपने घर ले जानेलगी। थैले के अंदर इन्द्रू भगवान को याद करने लगा। भगवान का चमत्कार हुआ। राक्षसी लघुशंका से निवृत होने चली गई। उसने थैले को एक स्थान पर रख दिया। इस बीच इन्द्रू थैले के अन्दर से चिल्लाया, 'बचाओ, कोई मुझे बचाओ। वहा आस-पास कुछ बच्चे गायों को चरा रहे थे। उन्होंने इन्द्रू को थैले से बाहर निकाल दिया। राक्षसी के थैले के अंदर बच्चों ने पानी से भरा एक डिब्बा रख दिया। राक्षसी ने इस डिब्बे को इन्द्रू समझा। वह इसे घर ले जाने लगी। जब राक्षसी चल रही थी, पानी के डिब्बे से कुछ पानी रिसकर राक्षसी के शरीर पर गिरने लगा। राक्षसी को लगा कि थैले में बंद लड़का पेशाब कर रहा है। वह बोली, 'मूत, मूत छोरा, मी तेरु घौर मूं क्य करदु?'

घर पहुंचने पर राक्षसी ने अपनी लड़की को थैला खोलने को कहा। थैला खोलने पर उसे पानी का डिब्बा दिखाई दिया। दूसरे दिन की बात है। इन्द्रू अमरूद के पेड़ पर चढ़कर अमरूद खाने लगा। वह राक्षसी फिर पेड़ के नीचे आ गई। वह इन्द्रू की ओर देखकर बोली, बेटा! एक पैर कच्ची टहनी पर रखो। दूसरा पैर सूखी टहनी पर, तब अमरूद निकालो। ऐसा करने से अमरूदों का स्वाद मीठा हो जाएगा।'इन्द्रू ने उस औरत की बातों पर विश्वास कर लिया। उसने एक पैर सूखी टहनी और दूसरा पैर कच्ची टहनी पर रखा। ऐसा करते ही वह गिर गया। राक्षसी ने उसे थैले में बंद कर दिया। वह उसे घर ले जाने लगी। रास्ते में उसे जोर की प्यास लगी। उसने थैली बंद बच्चे को एक टीले के ऊपर रखा। वह पानी पीने चली गई।

# चीनी सिक्कों से बढ़ती है घर में बरकत

वास्तु शास्त्र और फेंगशुई में जमीन-आसमान का अंतर है लेकिन दोनों का काम लगभग एक सा है। दोनों की मदद से घर में सुख-समृद्धि और खुशहाली लाई जा सकती है। साथ ही घर के सदस्यों की निजी और प्रोफेशनल जिंदगी भी स्मूदली चलती है। बात की जाए फेंगशुई की तो इसमें कई चीजों के बारे में बताया गया है जिनकी मदद से घर की नकारात्मक ऊर्जा को दूर किया जा सकता है। फेंगशुई में कछुए, ड्रैगन और मेंढक के अलावा चीनी सिक्के भी काफी मशहूर है। फेंगशुई में चीजों को सही तरीके से रखना भी बताया गया है। फेंगशुई के अनुसार चीनी सिक्कों को मेन गेट पर लगाना काफी शुभ होता है। ऐसे करने से घर में हमेशा सकारात्मक माहौल रहेगा। साथ ही घर का माहौल हमेशा खुशनुमा रहेगा। जिन लोगों के करियर में अक्सर कोई ना कोई बाधा आती है, उन्हें अपने ऑफिस डेस्क में चीनी सिक्कों को रखना शुरू कर देना चाहिए। अगर इसे जेब में रखा जाए तो मनी फ्लो कभी नहीं टूटता है। मान्यता है कि ये सिक्के जितने पुराने होते हैं, उनका असर उतना ही ज्यादा होगा।



एम. आय. शेख़

# जीवन कैसे जीना चाहिए?

## 'ह्यूमन बिहेवियरल मैनुअल', अर्थात् कुरआन– इसके आदर्श रोल मॉडल हैं पैगंबर मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम



इस दुनिया में मानव को जिन -जिन चीज़ों की ज़रूरत होती है, उनकी व्यवस्था ख़ुद अल्लाह ने की है। एक छोटा बच्चा जब जन्म लेता है तो उसे जीवन जीने के लिए कितने साधन दिए जाते हैं? देखने के लिए आंखे, सुनने के लिए कान, बोलने और सांस लेने के लिए नाक, अनुभव करने के लिए पूरे शरीर की संवेदनशील त्वचा, चलने के लिए पैर, पकड़ने के लिए हाथ, सोचने के लिए मस्तिष्क और ऐसी अनेक अन्य क्षमता पहले से ही उसके छोटे से शरीर में पूरी तरह से समाहित की हुई होती हैं। जब वह इस दुनिया में कदम रखता है, तो उसके पास जीने के लिए इतनी सारी सुविधाएं उपलब्ध होती हैं कि उनकी गिनती भी नहीं की जा सकती।

उसे हवा, प्रकाश, ऊष्मा, पानी, भूमि मिलती है। मां के गर्भ में पहले से ही पोषण के लिए दूध उपलब्ध रहता है। माता-पिता, रिश्तेदार और पराये लोग भी उसके प्रति प्रेम व स्नेह रखने लगे होते हैं, जिससे उसका पालन-पोषण होता है। जैसे-जैसे वह बड़ा होता है, उसकी जरूरतों के अनुसार हर तरह की सुविधाए उसे मिलती जाती हैं, जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि पृथ्वी और आकाश की सारी शक्तिया उसके पालन-पोषण और सेवा के लिए कार्यरत हैं।

[संदर्भ: सरवरे आलम : पृष्ठ सं. 47]

यदि ईश्वर ने मनुष्य के लिए इतनी: व्यवस्था पहले से ही कर रखी है, तो फिर कैसे संभव है कि उसने यह नहीं बताया कि जीवन कैसे जिया जाए? निश्चित रूप से ऐसा मार्गदर्शन पृथ्वी पर भेजे गए पहले इंसान से लेकर आज के 21वीं सदी में रहने वाले हर इंसान के लिए उपलब्ध कराया गया है। यह मार्गदर्शन है 'ह्यूमन बिहेवियरल मैनुअल', अर्थात् क़ुरआन। उस क़ुरआन के अनुसार जीवन जीने का आदर्श रोल मोड़ेल हैं पैग़म्बर हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम। अब सवाल उठता है कि इसका प्रमाण क्या है कि यह क़ुरआन अल्लाह का दिव्य ग्रंथ है और पैग़म्बर मुहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहू अलैहि वसल्लम ही मानवता के लिए आदर्श हैं?

पैग़म्बर के जन्मोत्सव के अवसर पर हम इसी दो प्रश्नों के उत्तर खोजने का प्रयास करेंगे। इस लेख में यही प्रयास किया गया है। माइकल एच. हार्ट ने अपने प्रसिद्ध पुस्तक "द 100: ए रेंकिंग ऑफ द मोस्ट इंफ्लुएंशियल पर्सन इन हिस्ट्री" में पैग़म्बर हज़रत मुहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहु अलैहि को इतिहास की सबसे प्रभावशाली शख्सियत बताया है। उनका मुख्य कारण यह था कि दुनिया में जन्म लेने वाले सभी व्यक्तियों में से पैग़म्बर हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहू अलैहि वसल्लम का प्रभाव सर्वाधिक रहा।

यह प्रभाव केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में भी फैला। अरब देशों से लेकर एशिया, अफ्रीका, यूरोप तक उनका प्रभाव साफ दिखाई देता है। दूसरा कारण यह कि पैग़म्बर हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहू अलैहि वसल्लम केवल धार्मिक नेता नहीं थे, बल्कि एक संपूर्ण समाज, राज्य और न्याय व्यवस्था के नेता भी थे। उन्होंने नैतिकता, सामाजिक न्याय, समानता और शांति पर आधारित व्यवस्था को अपने जीवन में लागू किया। तीसरा कारण यह कि उनके बताए हुए इस्लामी सिद्धांत आज भी अरब, एशियाई, अफ्रीकी, यूरोपीय और अमेरिकी समाज में लाखों लोगों का मार्गदर्शन कर रहे हैं। मुझे बताइये, ऐसी कौन सी दूसरी शख्सियत है जिसने नमाज़ अदा की हो और आज 1500 वर्षों बाद भी दुनिया भर में 200 करोड़ से अधिक लोग उन्हीं की तरह नमाज़ अदा कर रहे हैं? 1500 सालों बाद भी लोग अपने बच्चों का नाम 'मुहम्मद' क्यों रखते हैं?

यह नाम दुनिया का सबसे प्रचलित नाम क्यों बना हुआ है? माइकल एच. हार्ट के अनुसार, पैग़म्बर हज़रत मुहम्मद मुहम्मद सल्लल्लाहू अलैहि वसल्लम मानवता के लिए सर्वोत्तम आदर्श हैं, क्योंकि उन्होंने अपने जीवन में एक आदर्श, व्यावहारिक और व्यापक धार्मिक व्यवस्था लागू की। इसलिए 'हार्ट' ने उन्हें इतिहास का सबसे प्रभावशाली व्यक्ति माना। इस संदर्भ में प्रसिद्ध इस्लामी विद्वान का कहना है कि 'और अल्लाह पर ही है सही मार्ग दिखाने की ज़िम्मेदारी, जबकि अन्य मार्ग भी मौजूद हैं। यदि अल्लाह चाहता तो तुम सबको एक साथ सही मार्ग दिखा देता।'

## शुक्रवार स्पेशल

(क़ुरआन, सूरा नहल: 16: आयत 9) यहा तौहीद (एक ईश्वर), रहमत (ईश्वर की कृपा), रबूबियत (पालन-पोषण) के साथ-साथ नुबुव्वत (पैगंबरत्व) का भी प्रमाण दिया गया है। इसका संक्षिप्त अर्थ यह है कि संसार में मानव के लिए सोचने और कार्य करने के कई मार्ग मौजूद हैं। परंतु ये सारे मार्ग एक साथ सही नहीं हो सकते।

सत्य केवल एक ही होता है। सही जीवन जीने का मार्ग वही है जो सटीक विचारधारा पर आधारित हो। सही विचारधारा और मार्ग की पहचान करना मनुष्य की सबसे बड़ी आवश्यकता है। अन्य सभी ज़रूरतें केवल इसी आवश्यकता को पूरा करने के लिए हैं। यदि यह आवश्यकता पूरी नहीं होती, तो मानव जीवन का कोई सार नहीं रह जाता। अब सोचिए, जिसने आपको अस्तित्व में लाने से पहले सारी व्यवस्थाए बना दी थीं, जिसने आपके जीवन की हर छोटी-बड़ी ज़रूरत की पूरी योजना बनाई थी, क्या वही उस सबसे बड़ी ज़रूरत. (कैसे सही तरीके से मानवजीवन जीना चाहिए)– को छोड़ सकता है? यह व्यवस्था पैग़म्बरों के माध्यम से की गई। यदि आप इसे मानते नहीं हैं, तो बताईए परमेश्वर ने मानवता का मार्गदर्शन करने के लिए और कौन-सी व्यवस्था की है?

इस प्रश्न का उत्तर कभी यह नहीं दिया जा सकता कि 'ईश्वर अल्लाह ने हमें सही मार्ग खोजने के लिए बुद्धि दी है।' क्योंकि मनुष्य ने बुद्धि और विचारशक्ति से अनेक मार्ग खोज लिए हैं, जिनमें से कई ग़लत मार्ग को भी सही बताकर प्रस्तुत किया गया है। इनके भयावह परिणाम हम रोज़ अपनी आँखों से देख रहे हैं। और इनके असफल होने के भी स्पष्ट प्रमाण हैं। यदि परमेश्वर ने मानव को जन्मजात ही सही मार्ग दिखाया होता, तो यह सब बेकार हो जाता। क्योंकि ऐसी व्यवस्था से मानव सर्वोच्च विकास के चरणों तक नहीं पहुंच पाता। यही कारण है कि अल्लाह ने पैग़म्बरों के माध्यम से मार्गदर्शन का तरीका चुना ताकि मानव का स्वातंत्र्य बना रहे, उसकी परीक्षा भी पूरी हो सके, और सही मार्ग का ज्ञान भी प्राप्त हो।

[संदर्भ : सरवरे आलम पृष्ठ 43-44] आज मनुष्य तीन प्रकार से जीवन जीता है. 1. पूर्वजो की परंपरा के अनुसार, 2. दूसरों के अनुकरण से, 3. अपनी मनमर्ज़ी से। इन तीनों तरीकों से जीवन चलाना सिद्ध हो चुका है कि ग़लत है। इस जीवन और परलोक दोनों में सफल होने का केवल एकमात्र मार्ग है. वह है क़ुरआन के आधार पर पैग़म्बर हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहू अलैहि वसल्लम द्वारा दिखाया गया मार्ग। मुस्लिम समुदाय को इस ज़रूर ग़ौरो फ़िक्र करना चाहिए कि इसके अलावा दूसरा कोई मार्ग नहीं है, कि चाहें आपको यह स्वीकार हो या न हो।

# मुस्लिम बुद्धिजीवी और एक नए भारत का उदय



राष्ट्र निर्माण केवल युद्धभूमि में सैनिकों या संसद में विधायकों का कार्य नहीं है, बल्कि विचारकों, वैज्ञानिकों, उद्योगपतियों और सुधारकों के प्रयासों का फल भी है जो किसी देश के बौद्धिक और आर्थिक भाग्य को आकार देते हैं। स्वतंत्रता के बाद से, मुस्लिम बुद्धिजीवियों ने एक मौन लेकिन निर्णायक भूमिका निभाई है, जिसने भारत को आधुनिकता, विकास और आर्थिक स्थिरता की ओर अग्रसर किया है। उनकी सेवाओं का दायरा विज्ञान और प्रौद्योगिकी, शिक्षा, उद्योग, लोक नीति और लोक कल्याण तक फैला हुआ है। प्रयोगशालाओं, वाणिज्य मंडलों और विद्यालयों में, उन्होंने एक सशक्त, आत्मनिर्भर और समावेशी भारत के स्वप्न को आगे बढ़ाया है। यह न केवल उनकी व्यक्तिगत सफलता की कहानी है, बल्कि इस तथ्य की भी कहानी है कि जब प्रतिभा और देशभक्ति एक साथ आते हैं, तो वे किसी राष्ट्र का भाग्य बदल सकते हैं। भारत के मुस्लिम बुद्धिजीवियों में शायद सबसे सर्वत्र प्रशंसित डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम हैं, जिन्हें 'मिसाइल मैन' और बाद में 'जनता के राष्ट्रपति' के रूप में जाना जाता है। विश्व-प्रसिद्ध वैज्ञानिक, कलाम ने भारत की मिसाइल विकास परियोजनाओं और पोखरण परमाणु परीक्षणों में केंद्रीय भूमिका निभाई। अपनी वैज्ञानिक उपलब्धियों के अलावा, कलाम की असली विरासत 'भारत 2020' का उनका दृष्टिकोण है- एक ऐसा खाका जो विज्ञान, नवाचार और युवाओं के सशक्तिकरण के माध्यम से भारत को एक विकसित राष्ट्र में बदलने की योजना प्रस्तुत करता है। उनके भाषणों और पुस्तकों ने लाखों लोगों को अपनी सीमाओं से परे सपने देखने के लिए प्रेरित किया है और भारतीयों को याद दिलाया है कि ज्ञान और ईमानदारी प्रगति के दो इंजन हैं। व्यापार और परोपकार के क्षेत्र में, विप्रो के पूर्व अध्यक्ष अजीम प्रेमजी नैतिक व्यावसायिक नेतृत्व के एक ज्वलंत उदाहरण हैं। उनके नेतृत्व में, विप्रो एक वैश्विक आईटी महाशक्ति के रूप में उभरी, जिसने भारत को प्रौद्योगिकी क्षेत्र में एक मजबूत और प्रतिस्पर्धी शक्ति के रूप में स्थापित किया। लेकिन प्रेमजी का प्रभाव केवल कॉर्पोरेट सफलता तक ही सीमित नहीं है; अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के माध्यम से, उन्होंने ग्रामीण और अविकसित क्षेत्रों में शिक्षा में सुधार के लिए अरबों रुपये समर्पित किए हैं, ताकि अगली पीढ़ी को गरीबी के चक्र को तोड़ने के लिए संसाधन उपलब्ध कराए जा सकें। आर्थिक नीति को समावेशी विकास के प्रबल समर्थक सैयद जफर महमूद और भारत के प्रारंभिक औद्योगिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले उद्योगपति एम.ए. चिदंबरम जैसे मुस्लिम बुद्धिजीवियों के गहन विचारों से भी लाभ मिला है। शैक्षणिक जगत में भी, कई प्रतिष्ठित हस्तियों ने भारत के गौरवशाली अतीत को संरक्षित और व्याख्यायित किया है, ताकि हमारे राष्ट्र की कहानी पूर्वाग्रहों के बजाय तथ्यों पर आधारित हो। विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत मुस्लिम विद्वानों ने भारत की वैज्ञानिक प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। ई. श्रीधरन को यद्यपि "मेट्रो मैन" के रूप में जाना जाता है, उनके अधीन कार्यरत इंजीनियरों, परियोजना प्रबंधकों और नीति निर्माताओं में कई मुस्लिम विशेषज्ञ शामिल थे, जिन्होंने तकनीकी विशेषज्ञता को राष्ट्रीय प्रतिबद्धता के साथ जोड़ा। अंतरिक्ष अन्वेषण के क्षेत्र में, डॉ. सैयद जहूर कासिम - जिन्हें समुद्री जीव विज्ञान का संस्थापक जनक माना जाता है - ने भारत के अंटार्कटिक अभियानों की नींव रखी, जिससे यह साबित हुआ कि वैज्ञानिक अनुसंधान भी राष्ट्र की सेवा का एक साधन हो सकता है। मुस्लिम बुद्धिजीवियों ने कूटनीति और अंतर्राष्ट्रीय संबंधों में भी प्रमुख भूमिका निभाई है। पूर्व विदेश मंत्री सलमान हैदर जैसे नेताओं ने गरिमा और रणनीति के साथ वैश्विक मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व किया है। उनकी सेवाओं ने यह सुनिश्चित किया है कि वैश्विक व्यापार, शांति और सुरक्षा के मामलों में भारत की आवाज़ सुनी जाए। महत्वपूर्ण बात यह है कि ये सेवाए केवल उच्च वर्ग तक ही सीमित नहीं हैं। भारत भर में, अनगिनत मुस्लिम शिक्षक, समाज सुधारक और जमीनी स्तर के नवप्रवर्तक प्रतिदिन साक्षरता दर में सुधार, स्वास्थ्य जागरूकता फैलाने और रोज़गार के अवसर पैदा करने में लगे हुए हैं। वे इस बात के जीवंत प्रमाण हैं कि बौद्धिक नेतृत्व के लिए उच्च पद की नहीं, बल्कि देश के कल्याण के लिए उच्च प्रतिबद्धता की आवश्यकता होती है। ज्ञान को सेवा के साथ जोड़ने का यह जुनून एक गहरी देशभक्ति को दर्शाता है, जो इस संकीर्ण सोच को चुनौती देता है कि निष्ठा केवल नारों या प्रतीकों से ही मापी जा सकती है। उनके लिए, भारत के प्रति सच्चे प्रेम की सबसे शुद्ध अभिव्यक्ति उसके नागरिकों के विकास के लिए निरंतर संघर्ष है। एक नए भारत का उदय किसी एक समुदाय, क्षेत्र या विचारधारा की उपलब्धि नहीं है, बल्कि असंख्य मस्तिष्कों की कड़ी मेहनत और समर्पण से प्राप्त एक सामूहिक उपलब्धि है। मुस्लिम बुद्धिजीवियों ने अपने नवाचार, सुधारों और नेतृत्व के माध्यम से भारत को वैश्विक मंच पर एक मजबूत स्थान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने सिद्ध किया है कि शिक्षा रक्षा का एक रूप है, उद्यमिता राष्ट्र-निर्माण का भी एक रूप हो सकती है, और बौद्धिक श्रम भी सैन्य सेवा जितनी ही देशभक्तिपूर्ण सेवा है। उनकी सेवाओं को याद करना इस बात का प्रमाण है कि भारत की शक्ति उसके विचारकों की विविधता जितनी ही उसके लोगों की विविधता में निहित है। भारत में मुस्लिम बौद्धिक परंपरा कभी भी अलगाववाद की नहीं रही, बल्कि हमेशा एकता, प्रगति और सेवा का प्रतीक रही है।

**> अंशा वारसी, फ्रांसीसी और पत्रकारिता अध्ययन, जामिया मिलिया इस्लामिया।**

## कहानी

विजय शर्मा

# दुलारी

जम कर उसकी कुटाई करने के बाद अब थक-हार कर बूढ़ा खों-खों कर खांसी रहा था. खांसते -खांसते बेदम होकर हांफ रहा था. ऊपर की सांस ऊपर और नीचे की सांस नीचे. आंखे कोटरों से निकली पड़ रहीं थीं. खांसी रुकने का नाम नहीं ले रही थी. लग रहा था हर अगली सांस के साथ प्राण भी बाहर निकल जाएंगे, लेकिन हर सांस के साथ बाहर निकल रहीं थीं गालियां और कोसना. बूढ़ा रुकती-अटकती सांस और धौंकनी-सी चलती छाती और खांसी के बीच कोसता जा रहा था दुलारी और जाड़े के मौसम को.

दुलारी ने अंगीठी से गरम ईंट का टुकड़ा निकाल साड़ी में लपेट बूढ़े की पसलियों से सटा कर रख दिया, साथ ही उसकी पीठ और छाती सहलाने लगी. उसे बूढ़े पर दया आ रही थी, साथ ही आ रहा था गुस्सा.

दया आ रही थी हांफती, खांसती, दोहरी होती काया पर, उसकी अटकती सांस पर और बलगम में जाते खून को देख कर. गुस्सा आ रहा था अपनी दुखती नील पड़ी देह पर, माथे के गूमड़ के दरद पर. मुआ मरता नहीं, मर जाए तो पिंड छूटे. थोड़ी देर पहले उसे बूढ़े ने खूब पीटा था. मारते समय इन बूढ़ी हाड़ात में न जाने कहा से इतनी ताकत आ जाती है. मारेगा तो मारता चला जाएगा. दुलारी मार खाती चली जाएगी. शरीर पर नील उभरने देगी, माथे पर गूमड़ पड़ने देगी, खून बहने देगी.

हाथ पैर तुड़वा लेगी पर उलट कर कभी वार नहीं करेगी. जब बूढ़ा मार-पीट कर पस्त हो जाएगा तो उसकी तीमारदारी में जुट जाएगी. बूढ़ा शाम से खुन्नस खाए बैठा था. दारू के नशे में झूमता हुआ आया और आते ही हुकुम बजाया, ''रोटी ला!''

रोटी खा दुलारी को झिलगी खाट पर खींच ले गया. दुलारी कसमसाई, आनाकानी करने लगी. बस फिर क्या था शुरू हो गया बूढ़ा, आव देखा ना ताव, लगा पीटने और बकबक करने, दिन भर हाड़- तोड़ कर रिसका चलाता हु, घर बैठा कर राज कराता हु , साली नैना मटक्का करती है सारे दिन. हराम की खाने की लत लग गई है. दूसरी लुगाइयों की तरह घरों में जा कर जूठे-बासी बरतन नहीं मांजने पड़ते हैं, दूसरों का जूठा-बासी नहीं खाना पड़ता है, इसी वास्ते चर्बी चढ़ गई है, अच्छा खाने पीने को मिलता है, फिर भी नखरे देखो, साली हाथ नहीं लगाने देती है.

# हथेली में रेखाओं से त्रिकोण का बनना होता है शुभ

हस्तरेखा शास्त्र के अनुसार हथेली की रेखाओं और बनावट के साथ ही अलग-अलग चिह्नों से भी भविष्य के बारे में कई महत्वपूर्ण मालूम हो सकती हैं। किसी भी व्यक्ति की हथेली देखकर ये मालूम हो सकता है कि जीवन में धन लाभ और सम्मान मिलेगा या नहीं।अगर किसी व्यक्ति की हथेली में जीवन रेखा सही गोलाई में हो। मस्तिष्क रेखा दो भागों में बंटी हुई हो।

हथेली में त्रिकोण का चिन्ह बना हो, ऐसे तीनों लक्षण हथेली पर एक साथ होते हैं तो ये धन के मामले में शुभ संकेत है। ऐसी हथेली वाले लोगों को समय-समय पर अचानक धन लाभ मिल सकता है। भाग्य रेखा हथेली के अंतिम स्थान से यानी मणिबंध से शुरू हो रही हो और शनि पर्वत तक पंहुच रही हो। साथ ही, भाग्य रेखा पर किसी प्रकार के अशुभ निशान न हो तो व्यक्ति व्यवसाय में सफलता प्राप्त कर सकता है।

व्यवसाय से धन लाभ होने के योग बनते हैं। अगर किसी व्यक्ति की हथेली भारी और फैली हुई हो। उंगलियां कोमल और नरम हों। ऐसी हथेली होने से व्यक्ति के धनवान होने का योग बनते हैं। हथेली में शनि पर्वत यानी मध्यमा उंगली के पास से दो या इससे अधिक खड़ी रेखाएं हों तो व्यक्ति को धन और सुख मिलता है। शनि पर्वत अगर उठा हुआ हो। जीवन रेखा सही तरीके से घुमावदार हो तो ये योग शुभ रहता है।

## समीक्षा

मन्नू भंडारी

# की एक कहानी यह भी

आज तक दूसरों की जिंदगी पर कहानियां रचने वाली मन्नू भंडारी ने एक कहानी यह भी में अपने जीवन का लेखा-जोखा दिया है। इस पुस्तक पर उन्हें 2008 का व्यास सम्मान भी मिल चुका है। उन्होंने यहां अपने जीवनांश, परिवेश, सम्पर्क-संबंध, लेखकीय व्यक्तित्व और लेखन यात्रा को केंद्रित किया है। अपने जीवन पर प्रकाश डालते मन्नू लिखती हैं कि मध्य प्रदेश के भानपुर गांव में जैन पर आर्यसमाजी परिवार में जन्म और अजमेर के ब्रह्मपुरी मुहल्ले में बचपन व्यतीत हुआ। पिता कांग्रेसी और समाज सुधारक ही नहीं, अंग्रेजी-हिन्दी शब्दकोश के निर्माता थे। 1952 में एम ए किया और कालेज जीवन में पूरी नेतागिरी भी की।

शर्त, जैनेंद्र, यशपाल किशोरावस्था में ही पढ़ डाले। बालीगंज शिक्षा सदन में नौ वर्ष नौकरी की। यहीं पहली कहानी लिखी, यहीं राजेंद्र से परिचय और विवाह हुआ। बेटी रचना के जन्म के बाद मिराण्डा हाउस में नियुक्ति हो गई. मन्नू ने मात्र पच्चास कहानियां लिखी हैं, एक नाटक और दो-तीन उपन्यास। बीस सालों से लिखना बंद है। तीन संकलन मराठी में अनूदित हैं, दो बंगला में। यही सच है पर रजनी गंधा, एखाने आकाश नाय पर जीना यहां फीचर फिल्म बनी हैं। अकेली, त्रिशंकु, नशा और रानी मां का चबूतरा पर टेलीफिल्में बनी हैं। दो कलाकार, कील और कसक तथा एक कमजोर लड़की की कहानी पर एपिसोड बने हैं। रजनी गंधा ने सिल्वर जुबली मनाई। फिल्म फेयर के दोनों अवार्ड क्रिटिक्स अवार्ड और पब्लिक अवार्ड जीते। शरत की स्वामी की स्क्रिप्ट वासु दा के लिए लिखी और यह उस पर फिल्म बनी। निर्मला उपन्यास रजनी सीरियल की छह कड़ियों और दर्पण सीरियल की दस कहानियों की स्क्रिप्ट लिखी। महाभोज और अतीत के चलचित्र के तीन संस्मरणों का नाट्य रूपान्तर किया। आपातकाल के दिनों मन्नू का नाम पद्मश्री के लिए चुना गया, पर उन्होंने लेने से इन्कार कर दिया।

❑ दमा सास या सास की बीमारी खासकर बारिश या ठंडी के मौसम में ज्यादा परेशान करती है कई लोगो को यह बीमारी कई सालो से लम्बे समय से होती है। ये लोग इसके लिए हमेशा आयुर्वद में हिअ एलोपैथिक स्टेरॉइड, एंटीएलर्जिक मेडिसिन्स खाते रहते है परन्तु उनको केवल टेम्परारी रिलीफ हे मिलता है और तकलीफ नहीं छूटती। परन्तु आयुर्वेद एक ऐसा प्राचीन जीवनशास्त्र (लाइफ साइंस) एवं चिकित्सा शास्त्र (मेडिकल साइंस) है जिससे की सास जड़ से है की बीमारी में तुरंत आराम

# क्या आप अस्थमा दमा सांस रोग से परेशान हैं




मिलता है एवं लम्बे समय तक कम दवाओं में बिना किसी साइड इफेक्ट्स के मरीज़ को आराम मिलता है कुछ इलाज के बाद तो उनको दवाई भी लेने की जरुरत नहीं होती केवल कभी कभी ही तकलीफ होने पर होती है।

सांस (अस्थमा) के रोगियों को चल रही रोगी आज कल चल रही कोरोना पान्डेमिक से भी ज्यादा सावधान रहने की ज़रूरत है क्यूंकि इन रोगियों को कोरोना आसानी से तकलीफ में डाल सकता है। आयुर्वेदिक उपचार में श्वास निवारण सिरप ,चित्रकहरीतकी, वासावलेह , स्पेशल श्वासाहर कैप्सूल ,तुलसी सृंग तुलसी प्लस स्ट्रांग सिरप, खोखो सिरप ,एलीनोज़ कैप्सूल इत्यादि से अस्थमा या सास की बीमारी में जल्दी आराम होते हुए देखा गया है। शिवशंकर आयुर्वेदिक चिकित्सालय सीताबर्डी टेम्पेल बाजार रोड। महाजन मार्किट में स्तिथ योग काम्प्लेक्स में एक ऐसा चिकित्सालय है जहा के अनुभवी डॉक्टर्स इस बीमारी अस्थमा ,श्वासरोग दमा का सटीक एकदम दुष्परिणाम विरहित इलाज करते है। जो रुग्ण पंप इन्हेलर्स का इस्तेमाल करते है उनके पंप लेने का प्रमाण धीरे धीरे काम होकर पूरी तरह से छूट भी जाता है। उनके अस्थमा अटैक्स कम होकर उनकी सेवेंटी भी कम हो जाती है। अस्थमा से पीड़ित इच्छुक रुग्ण 9112079000 / 8605245080 पर संपर्क स्थापित कर इस तकलीफ से आज भी छुटकारा पा सकते है।

सीताबर्डी स्थित शिवशंकर आयुर्वेदिक एजेंसी अथवा क्लिनिक में इन दूरध्वनि क्रमांकों पर संपर्क स्थापित करें. 9112079000 / 8605245080.

**नागपुर मेट्रो समाचार :** फैजान मिडिया सर्विसेस प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशकः फैजान सिराज शेख ने देश पब्लिकेशन, ई-30/2 हिंगणा एमआईडीसी, नागपुर-16 से मुद्रित कर 532, हनुमान नगर नागपुर.440009 से प्रकाशित किया.
संपादकः इमरान मुमताज शेख, मो. 9730005662 (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) ngpms2019@gmail.com RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 (सभी न्यायालयीन प्रक्रिया नागपुर न्यायालय में होगी.)

CMYK

हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार
नागपुर, शुक्रवार, 12 सितंबर 2025



## अत्याधुनिक बैडमिंटन हॉल बनने से जिले के खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चंद्रपुर का नाम रोशन करेंगे

> विधायक सुधीर मुनगंटीवार ने चंद्रपुर जिले में खेल सुविधाओं को सर्वोत्तम संभव स्वरूप दिया
> डॉ. सच्चिदानंद मुनगंटीवार मेमोरियल महाराष्ट्र मिनी स्टेट सेलेक्शन बैडमिंटन टूर्नामेंट-2025 का शानदार उद्घाटन




**चंद्रपुर.**

चंद्रपुर में निर्मित अत्याधुनिक बैडमिंटन हॉल से जिले में उच्च गुणवत्ता वाले खिलाड़ी तैयार होंगे। मुंबई-पुणे के खिलाड़ियों की तरह, भविष्य में चंद्रपुर जिले के खिलाड़ी भी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में ख्याति प्राप्त करेंगे और चंद्रपुर का मान बढ़ाएंगे, ऐसा विश्वास राज्य के पूर्व वन, सांस्कृतिक एवं मत्स्यपालन मंत्री तथा विधायक सुधीर मुनगंटीवार ने व्यक्त किया।

चंद्रपुर जिला खेल परिसर, चंद्रपुर जिला बैडमिंटन विकास संघ ने डॉ. सच्चिदानंद मुनगंटीवार मेमोरियल महाराष्ट्र मिनी स्टेट सेलेक्शन बैडमिंटन टूर्नामेंट-2025 का आयोजन किया है। इस टूर्नामेंट का उद्घाटन विधायक मुनगंटीवार ने किया. कार्यक्रम में महाराष्ट्र बैडमिंटन एसोसिएशन के सचिव सिद्धार्थ पाटिल, जिला खेल अधिकारी अविनाश पुंड, चंद्रपुर जिला बैडमिंटन विकास एसोसिएशन के अध्यक्ष गिरीश चांडक, अनिरुद्ध जोशी, सचिव जुवेल चांदेकर, तालुका खेल अधिकारी नंदू अवारी, जवाहर पंजाबी, आदित्य गलांडे, विक्रांत पटवर्धन, जयश्री देवकर, रंजना सेवतकर, खिलाड़ी और अभिभावक उपस्थित थे।

विधायक सुधीर मुनगंटीवार ने कहा कि, 'पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी गिरीश चांडक ने बैडमिंटन प्रतियोगिता का उत्कृष्ट आयोजन किया। पिछले वर्ष बैडमिंटन हॉल की सौर सुविधा के लिए 95 लाख रुपये की निधि प्रदान की गई थी। अगली प्रतियोगिता से पहले हॉल के लिए एक जेनसेट (जनरेटर) स्थापित किया जाएगा। बड़े शहरों की क्षमता वाला एक अत्याधुनिक बैडमिंटन हॉल चंद्रपुर में स्थापित किया गया है ताकि जिले के खिलाड़ियों को सुविधाओं की कमी महसूस न हो। भविष्य को देखते हुए, देश के गौरव, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्वास व्यक्त किया है कि भारत भी 2036 ओलंपिक में अमेरिका, रूस और चीन के साथ पदक विजेता देश होगा। यह संकल्प लिया गया है कि चंद्रपुर जिला इस विश्वास को साकार करने में पीछे नहीं रहेगा।'

**चंद्रपुर में उन्नत खेल सुविधाएं :** चंद्रपुर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में अत्याधुनिक वातानुकूलित बैडमिंटन हॉल की स्थापना की गई। बल्लारपुर स्टेडियम में भी जल्द ही वातानुकूलित हॉल का निर्माण किया जाएगा। साथ ही, क्रांतिकारी बाबूराव शेडमाके के नाम पर 10 कोर्ट वाला एक भव्य वातानुकूलित बैडमिंटन हॉल 137 करोड़ रुपये की लागत से म्हाडा की 16 एकड़ जमीन पर बनाया जाएगा। महाराष्ट्र बैडमिंटन एसोसिएशन ने चंद्रपुर में पश्चिमी क्षेत्र की प्रतियोगिता आयोजित करने की तत्परता दिखाई है, जो चंद्रपुर के लिए गर्व की बात होगी। खेल के क्षेत्र में दुनिया के बराबर आगे रहने के लिए ठोस कदम उठाने की जरूरत है। क्योंकि मैदान में उतरने वालों का मन, बुद्धि और शरीर हमेशा स्वस्थ रहता है और इसी से समाज को लाभ होता है। हमें गर्व है कि चंद्रपुर में बेहतरीन खेल सुविधाएं तैयार की गई हैं। आजादी के बाद पहली बार अंडर-19 टूर्नामेंट का आयोजन किसी बड़े शहर की बजाय बल्लारपुर तालुका स्टेडियम में किया गया। इस टूर्नामेंट में देश के 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। टूर्नामेंट के बाद खिलाड़ियों ने उपलब्ध कराई गई बेहतरीन सुविधाओं की तारीफ कर गर्व जताया। इसके अलावा विश्वविद्यालय का अंतर-विश्वविद्यालय टूर्नामेंट भी सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। राज्य सरकार खिलाड़ियों को बेहतरीन सुविधाएं मुहैया कराने के लिए काफी प्रयास कर रही है। स्टेडियम के जीर्णोद्धार के लिए 57 करोड़ रुपये उपलब्ध कराए गए। अंतरराष्ट्रीय स्तर के बाबूराव शेडमाके के नाम पर म्हाडा में 137 करोड़ रुपये का भव्य स्टेडियम बनाया जा रहा है। तीरंदाजी के लिए सरकार को 8.5 करोड़ रुपये का प्रस्ताव भेजा गया है।

विधायक सुधीर मुनगंटीवार ने कहा कि 15 करोड़ रुपए की लागत से फॉरेस्ट अकादमी में स्टेडियम के अलावा पुलिस फुटबॉल ग्राउंड में भी 15 करोड़ रुपए की लागत से स्टेडियम बनाया जा रहा है।

जिले की खेल सुविधाओं पर गर्व है.

केंद्रीय मंत्री रक्षा खडसे को सैनिक स्कूल में स्पोर्ट्स एक्टिविटी सेंटर दिखाया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि, "पहले जब मैं किसी राज्य की सुविधाएँ देखती थी, तो मुझे लगता था कि महाराष्ट्र पीछे है। लेकिन अब मैं गर्व से कह सकती हूँ कि 28 राज्यों की बैठक में बैठकर मुझे यह विश्वास होगा कि 'हम किसी से कम नहीं हैं।'" उनका यह कथन प्रेरणादायक था। विधायक सुधीर मुनगंटीवार ने भी कहा कि जिले के खिलाड़ियों को देश में ही नहीं, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी बैडमिंटन में अपना दबदबा स्थापित करना चाहिए। अगर दिल्ली को अपनी बादशाहत बरकरार रखनी है, तो जिले को किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं रहना चाहिए, ऐसा विधायक सुधीर मुनगंटीवार ने कहा।

## राज्य सरकार घोट क्षेत्र की लंबित समस्याओं का समाधान करे!




**चामोर्शी.**

राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन (असो) दिल्ली जिला गढ़चिरोली तहसील शाखा घोट की ओर से गढ़चिरोली जिले की सभी सड़कों का नवीनीकरण करने तथा घोट क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए राज्य शासन ने ध्यान देना चाहिए, गढ़चिरोली जिले की विभिन्न लंबित समस्याओं की ओर राज्य शासन का ध्यान आकर्षित करने के लिए विराट जनआक्रोश आंदोलन आज संपन्न हुआ। इस आंदोलन का नेतृत्व डॉ. प्रणय भाऊ खुने प्रदेशाध्यक्ष राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन, डॉ. भारत खटी प्रदेश उपाध्यक्ष राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन, ज्ञानेंद्र विश्वास राष्ट्रीय प्रवक्ता मानवाधिकार संगठन ने किया।

प्रमुख वक्ता – प्रकाश गेडाम, रेखा डोलस प्रमुख अतिथि – अशोक पोरेड्डीवार, नामदेव सोनटक्के, अनीता रॉय, जाहेदा शेख, अनीता मडावी उपस्थित थे। अध्यक्षता – डॉ. प्रणय खुने ने की। मार्गदर्शन – प्रकाश भाऊ गेडाम, रेखा डोलस, अशोक पोरेड्डीवार, नामदेव सोनटक्के, जाहेदा शेख, स्नेहा मेश्राम आदि ने किया।

आंदोलन की शुरुआत महाराष्ट्र गीत से की गई। कार्यक्रम का संचालन जिलाध्यक्ष रमेश अधिकारी ने किया, आभार प्रदर्शन जिला उपाध्यक्ष अनुभव उपाध्ये ने किया।

जिला प्रशासन की ओर से विभिन्न समस्याओं का तत्काल समाधान किया जाए और राज्य सरकार घोट क्षेत्र की समस्याओं पर ध्यान दे, इस उद्देश्य से विराट जनआंदोलन 10 सितंबर 2025, बुधवार को आयोजित किया गया। घोट क्षेत्र के सैकड़ों नागरिकों ने इस जनआंदोलन में बड़ी संख्या में भाग लिया।

**आंदोलन को सफल बनाने में योगदान देने वाले पदाधिकारी और कार्यकर्ता :** जिलाध्यक्ष रमेश अधिकारी, आसिफ सैय्यद, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रशांत शहा, जिला उपाध्यक्ष नानू उपाध्ये, किशोर कुंडू, गढ़चिरोली तहसील अध्यक्ष मोरेश्वर भांडेकर, तहसील सचिव दीपक सातपुते, चामोर्शी तहसील सचिव संतोष बुरांडे, महिला आघाड़ी अध्यक्ष विशाखा सिंह, महेंद्र मडावी, दिनेश मजुमदार, किशोर देवतळे, शरीफ शेख, लीना विश्वास, मेघा कुमरे, जितेन शहा, राकेश शेमले, सचिन साखरकर, प्रियंका शेमले, सुमन नेवारे, भोलू पठान और अन्य कार्यकर्ताओं ने अथक प्रयास किया।

### आज घोट नवेगांव में आयोजित जन आक्रोश आंदोलन में आंदोलनकारियों की एकमुखी मांग

#### आंदोलन की प्रमुख मांगे

1. घोट रेगडी क्षेत्र के 14 गांव के नागरिकों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराया जाए।
2. अतिक्रमित भूमि के पट्टे तुरंत दिए जाएं।
3. घोट तहसील का निर्माण किया जाए।
4. साखरदेव देवस्थान को पर्यटन स्थल घोषित किया जाए।
5. मुतनूर और कोठरी पर्यटन स्थलों का विकास किया जाए।
6. घोट क्षेत्र के शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध हो, इसके लिए उद्योग स्थापित किए जाएं।
7. चामोर्शी-मूल मार्ग की तत्काल मरम्मत हो।
8. गढ़चिरोली जिले के अहेरी तहसील की विभिन्न सड़कों की मरम्मत की जाए।
9. पोहर नदी पर पुलिया के पास सड़क दुरुस्त की जाए।
10. सुरजागढ़ और कोणसरी स्थित लॉयड मेटल कंपनी में स्थानीय शिक्षित बेरोजगारों को प्राथमिकता दी जाए।
11. दिना बांध की ऊँचाई और जलस्तर बढ़ाने के लिए गहराईकरण किया जाए।
12. चामोर्शी तहसील में शराबबंदी को कड़ाई से लागू किया जाए।
13. मछली–चापलवाड़ा बस सेवा शुरू की जाए।
14. घोट–नवेगांव मार्ग की तुरंत मरम्मत की जाए।
15. दिना बांध परिसर का सौंदर्यीकरण किया जाए।
16. घोट–नवेगांव मार्ग की तत्काल दुरुस्ती की जाए।
17. चामोर्शी में एमआईडीसी स्थापित की जाए।
18. घोट मार्ग से जिला परिषद स्कूल तक सड़क तुरंत मरम्मत की जाए।

## किसानों के धान के बकाया का मुद्दा जल्द ही हल होगा

**चंद्रपुर, सुनील तायडे**

> मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव की बैठक
> किसानों के उचित अधिकारों के लिए निर्णायक चर्चा > धन वितरण में आएगी तेजी



पूर्व वन, सांस्कृतिक एवं मत्स्य पालन राज्य मंत्री एवं विधायक सुधीर मुनगंटीवार धान के बकाया भुगतान के मुद्दे पर लगातार संपर्क में हैं, जिससे धन वितरण की प्रक्रिया में तेज़ी आएगी। चंद्रपुर ज़िले के किसान आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं क्योंकि उन्हें रबी सीज़न 2024-25 में बेचे गए धान का बकाया अभी तक नहीं मिला है। हालाँकि, अब किसानों के धान के बकाया भुगतान का मुद्दा जल्द ही सुलझा लिया जाएगा.

इसी पृष्ठभूमि में, विधायक सुधीर मुनगंटीवार ने आज मंत्रालय में वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव ओ.पी. गुप्ता से मुलाकात की और किसानों के बकाया मुद्दे पर गहन चर्चा की। यह चर्चा किसानों के उचित अधिकारों के लिए निर्णायक साबित होगी और निधि वितरण की प्रक्रिया शीघ्र पूरी होने का सकारात्मक आश्वासन मिला है। इससे चंद्रपुर जिले के किसानों को जल्द ही बड़ी राहत मिलेगी।

रबी सीजन 2024-25 के लिए 43 सरकारी धान खरीदी केंद्रों पर 5145 किसानों से 2,09,744.62 क्विंटल धान खरीदा गया था। हालाँकि, अब तक किसानों को सरकार द्वारा 27,52,60,389/- रुपये की बकाया राशि का भुगतान नहीं किया गया है। इससे किसान आर्थिक तंगी में हैं। वर्तमान में किसानों का खरीफ सीजन चल रहा है और किसानों को खाद, बीज, मजदूरी और अन्य सामग्री खरीदने के लिए पैसों की सख्त जरूरत है। अगर धान की बकाया राशि मिल जाती है, तो किसानों को खरीफ सीजन की योजना बनाने में सुविधा होगी।

हालाँकि, अभी तक बकाया राशि प्राप्त नहीं होने से किसान आर्थिक तंगी में हैं। इसलिए, विधायक सुधीर मुनगंटीवार ने नागपुर में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात की थी और एक पत्र के माध्यम से मांग की थी कि किसानों को धान की बकाया राशि का भुगतान तुरंत किया जाए। इस अवसर पर आज मंत्रालय में वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव ओ.पी. गुप्ता से उक्त मुद्दे पर सकारात्मक चर्चा हुई और उन्होंने आश्वासन दिया कि इस संबंध में शीघ्र निर्णय लिया जाएगा।

## महाराष्ट्र जन सुरक्षा विधेयक एक काला कानून है

> चंद्रपुर में महाविकास आघाड़ी का जोरदार विरोध

**चंद्रपुर.**

महाराष्ट्र सरकार द्वारा मानसून सत्र में पेश किए गए जन सुरक्षा विधेयक 2024 के विरोध में महाविकास आघाड़ी ने आज चंद्रपुर के गांधी चौक पर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। आरोप लगाया गया कि यह विधेयक लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर करता है और सत्तावादी प्रवृत्तियों को बढ़ावा देता है। विपक्ष ने इस कानून को 'काला कानून' करार दिया है।

इस विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस जिला अध्यक्ष व पूर्व विधायक सुभाष धोटे, कांग्रेस शहर जिला अध्यक्ष रितेश रामू तिवारी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) के राजेंद्र वैद्य, महिला जिला अध्यक्ष बेबी उइके, शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे गुट) के सुरेश पचारे, कम्युनिस्ट पार्टी के अरुण भेलके के साथ ही महाविकास आघाड़ी में शामिल सभी दलों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

विरोध प्रदर्शन में भाग लेने वाले सभी गणमान्य लोगों ने एक स्वर में कहा, "यह कानून संविधान द्वारा प्रदत्त अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अतिक्रमण करता है। मौजूदा कानूनों के माध्यम से सुरक्षा प्रबंधन संभव है, इसलिए नए कानून की कोई आवश्यकता नहीं थी। इस कानून का इस्तेमाल नक्सलियों के नाम पर लोगों की आवाज दबाने के लिए किया जाएगा। सरकार और पत्रकारों के खिलाफ बोलने वालों को जेल में डालने के लिए इस कानून का दुरुपयोग किया जाएगा ।" इस समय जन सुरक्षा कानून को तत्काल निरस्त करने की पुरजोर मांग की गई। चेतावनी दी गई कि अगर यह कानून वापस नहीं लिया गया तो पूरे राज्य में विरोध प्रदर्शन तेज किया जाएगा।

## श्री गणेश स्वास्थ्य मिशन के तहत 896 नागरिकों की स्वास्थ्य जांच

**चंद्रपुर.**



गणेशोत्सव के पावन वातावरण में नागरिकों के स्वास्थ्य की देखभाल के उद्देश्य से मुख्यमंत्री सहायता कोष और चैरिटी हॉस्पिटल हेल्प डेस्क द्वारा कार्यान्वित विशेष अभियान 'श्री गणेश आरोग्य' के अंतर्गत चंद्रपुर महानगरपालिका स्वास्थ्य विभाग द्वारा 896 नागरिकों की निःशुल्क जांच की गई।

28 अगस्त से 6 सितंबर तक चलाए गए इस विशेष अभियान में नगर निगम के 7 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों द्वारा 7 स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में 307 पुरुषों, 470 महिलाओं और 119 छोटे बच्चों सहित 896 नागरिकों ने निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच कराई। जाँच के दौरान कोई भी नागरिक बीमार नहीं पाया गया।

इस शिविर में न्यू बाल गणेश मंडल, हनुमान नगर गणेश मंडल, याहू गणेश मंडल, बाल बलवंत गणेश मंडल, आदर्श विद्यार्थी गणेश मंडल, एकता गणेश मंडल, नूतन युवक गणेश मंडल ने भाग लिया। शिविर की सफलता के लिए चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नयना उत्तरवार, डॉ. अश्विनी भारत, डॉ. अरावा लाहिड़ी, डॉ. योगेश्वरी गाडगे, डॉ. शरयू गावंडे, डॉ. नेहा वैद्य, डॉ. जयश्री मालुसरे, डॉ. अल्फिया खान ने भाग लिया.

## सर्किट हाउस परिसर के लाखों के पेड़ की कटाई मात्र ₹ 78 हज़ार में? नागरिकों में आक्रोश

**गढ़चिरोली.**

शहर के सार्वजनिक विश्रामगृह (सर्किट हाउस) परिसर में नए विश्रामगृह का निर्माण शुरू करने के लिए संबंधित ठेकेदार ने नियमों के अनुसार अनुमति लिए बिना बड़े पैमाने पर पेड़ काटे जाने का आरोप नागरिकों ने लगाया है। लगभग दस बारह विभिन्न किस्मों के पेड़, जिनकी कीमत लाखों में आंकी जाती है, उन्हें केवल ₹ 78,000 रॉयल्टी दिखाकर काटा गया, ऐसी जानकारी सामने आई है।

इन पेड़ों में शीशम, सुबाभूल, नीम और अंजन जैसी कीमती प्रजातियाँ शामिल थीं। स्थानीय लोगों के अनुसार, ये पेड़ पिछले 30 सालों से परिसर में खड़े थे। वन विभाग के नियमों के अनुसार हर पेड़ की ऊँचाई, मोटाई और अन्य विवरण दर्ज करके ही काटने की अनुमति दी जाती है। लेकिन यहाँ अंदाजा तरीके से विवरण दिखाकर सभी पेड़ों को अनुमति दे दी गई, ऐसा आरोप किया जा रहा है।



इस मामले में पूछताछ करने पर जिला उपवन संरक्षक ने कहा कि यह विषय नगर पालिका के अधिकार क्षेत्र में आता है। नगर पालिका के मुख्य अधिकारी सूर्यकांत पिदुरकर इस समय नागपुर सरकारी कार्य से गए हुए हैं। उन्होंने विस्तृत जानकारी के लिए ट्री ऑफिसर स्वप्निल खोब्रागड़े से संपर्क करने को कहा। जब प्रतिनिधियों ने उनसे पूछताछ की तो खोब्रागड़े ने ठेकेदार को रॉयल्टी लेकर अनुमति देने की बात स्वीकार की।

जिलाधिकारी अविष्यंत पंडा को भी यह मामला बताया गया। लेकिन उन्होंने कहा कि यह घटना उनके अधिकार क्षेत्र में नहीं आती, इसलिए वे सीधे कार्रवाई नहीं कर सकते।

इस पूरे प्रकरण को लेकर नागरिकों में गहरा आक्रोश है। लोगों का कहना है कि इसमें बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ है। अब सार्वजनिक निर्माण विभाग, नगर पालिका और राजस्व विभाग – इन तीनों पर सवाल उठ रहे हैं। नागरिक इस मामले की गहन जाँच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग जोरदार तरीके से कर रहे हैं।



# फिटनेस से फाइनेंस तक सुपरहिट हैं अक्षय



बॉलीवुड के 'खिलाड़ी कुमार' यानी अक्षय कुमार आज अपना 58वां जन्मदिन मना रहे हैं. फिटनेस और सादगी के लिए मशहूर अक्षय आज के समय में हाईएस्ट पेड एक्टर्स में से एक हैं. कभी सिंपल लाइफ जीने वाले अक्षय अब लग्जरी लाइफस्टाइल के भी बादशाह माने जाते हैं.अक्षय की फिटनेस देखकर कोई नहीं कह सकता कि वह 58 साल के हो चुके हैं. अक्की अपने दिन की शुरुआत सुबह 4 बजे से शुरू कर देते हैं, उन्हें रात को जल्दी सोना पसंद है. हाल ही में उन्होंने खुलासा किया था, कि वह शाम 7 बजे तक डिनर कर लेते हैं. इसके अलावा सोमवार को व्रत रखते हैं, और फिटनेस के लिए रॉक क्लाइम्बिंग व स्पोर्ट्र्स करते हैं. अक्षय वर्कआउट के दौरान वेट लिफ्टिंग से दूरी बनाकर रखते हैं.



अक्षय कुमार की नेटवर्थ तकरीबन 2500 करोड़ रुपये है. वह फिल्मों से 60 करोड़ से 145 करोड़ रुपये तक कमा लेते हैं. खास बात ये है, कि अक्षय कुमार अब फिल्में में फीस के बजाय प्रॉफिट शेयर करते हैं, जिससे उनकी कमाई और बढ़ोतरी हो जाती है.अक्षय कुमार के

पास भारत और विदेश में करोड़ों की प्रॉपर्टी है. उनके जुहू स्थित 80 करोड़ के डुप्लेक्स की काफी चर्चा रहती है. 2021 में अक्षय ने कनाडा के टोरंटो में पूरा हिल खरीदा था. हाल ही में उन्होंने मुंबई के अपने 6 अपार्टमेंट्स बेचकर करोड़ों का मुनाफा कमाया है.अक्षय कुमार का कार कलेक्शन किसी राजा-महाराजा से कम नहीं है.



# रिलीज से पहले चीन में हाउसफुल हुई अवनीत कौर की फिल्म

अवनीत कौर और शांतनु महेश्वरी स्टारर फिल्म 'लव इन वियतनाम' का लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. ट्रेलर के बाद इस फिल्म का क्रेज दर्शकों के बीच और भी बढ़ गया है. वहीं अपने रिलीज से पहले ही फिल्म कर दिखाया है. भारत में अपने रिलीज से पहले ही इसे चीन में 10,000 स्क्रीन्स मिल गई हैं. यह पहली ऐसी कोई भारतीय फिल्म है, जिसे चीन में इतने बड़े पैमाने पर रिलीज किया जा रहा है.इस खबर को लेकर फिल्ममेकर इम्तियाज अली भी काफी खुश नजर आ रहे हैं.

हाल ही में उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर फिल्म से जुड़े लोगों को बधाइयां दी हैं. फिल्म का पोस्टर शेयर करते हुए अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर इम्तियाज अली ने 'लव इन वियतनाम' की टीम को शुभकामनाएं दीं. जल्द ही सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली फिल्म 'लव इन वियतनाम' एक कमाल की म्यूजिकल लव स्टोरी फिल्म है. इस फिल्म का निर्देशन राहत शाह काजमी ने किया है. फिल्म में एक्ट्रेस अवनीत कौर, शांतनु माहेश्वरी के अलावा वियतनामी एक्ट्रेस खा नागम भी नजर आने वाली हैं. ऐसे में फिल्म को चीन में दर्शकों से भरपूर प्यार मिलने के आसार हैं. यह फिल्म 12 सितंबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी. वहीं क्रिसमस के मौके पर ये फिल्म चीन में 10,000 स्क्रीन्स पर रिलीज होगी.




# सोनाली बेंद्रे ने की 'इत्ती सी खुशी' की तारीफ

अपनी गर्मजोशी और रोज़मर्रा की भावनाओं से जुड़ी कहानियों को पहचानने की समझ के लिए अपनी अलग पहचान रखने वाली सोनाली बेंद्रे सोनी सब के नए शो इत्ती सी खुशी से खासा प्रभावित हुई हैं। सादगी भरी लेकिन दिल को छू लेने वाली कहानी वाला यह शो वही अपनापन और जुड़ाव दर्शाता है, जिसकी सराहना सोनाली पहले भी करती रही हैं।अपने इंस्टाग्राम पर सोनाली ने साझा किया कि आमतौर पर वह किताबें सुझाती हैं, लेकिन इस बार उन्होंने दर्शकों से सोनी सब का शो इत्ती सी खुशी देखने का आग्रह किया एक ऐसा टेलीविज़न शो जिसे वह बेहद सरल, ईमानदार और दिल को छू लेने वाला मानती हैं। उन्होंने कहा कि बहुत समय बाद किसी शो ने उनके दिल को इतनी सच्चाई से छुआ है। इत्ती सी खुशी को उन्होंने नई 'ताज़गी की सांस' बताते हुए कहा, इस शो में भावनाओं और हल्के-फुल्के पलों का बेहतरीन संतुलन है, इसलिए मैं इसे देखकर वास्तव में आनंद ले रही हु। उम्मीद है आप सब भी इसे देखेंगे और अपनी-अपनी 'इत्ती सी खुशी' पाएंगे।" इस पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए सुम्बुल ने लिखा, आपके इतने प्यारे शब्दों के लिए दिल से आभारी हु, सोनाली मैम यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है, ख़ासकर इसलिए क्योंकि मैं हमेशा से आपके काम की बड़ी प्रशंसक रही हु। यह प्रोत्साहन मेरे लिए और अन्विता की यात्रा मेरे दिल के बहुत करीब है और मुझे खुशी है कि यह दर्शकों से वैसे ही जुड़ रही है, जैसी हमने उम्मीद की थी.




# फिल्मफेयर ग्लैमर अवॉड्र्स में ब्लेंडर्स प्राइड की एंट्री

ब्लेंडर्स प्राइड (पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर) ने फिल्मफेयर ग्लैमर एंड स्टाइल अवॉड्र्स 2025 के साथ अपनी प्रमुख साझेदारी की घोषणा की। दो प्रतिष्ठित शक्तियों का यह मिलन एक शानदार मंच तैयार करता है, जो फैशन, स्टाइल और मनोरंजन की बेहतरीन दुनिया पर रोशनी डालता है। दशकों से ब्लेंडर्स प्राइड पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर, ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर के साथ फैशन और लाइफस्टाइल की दुनिया में एक अमिट शक्ति रहा है। फिल्मफेयर भारत की लंबे समय से स्टाइल और मनोरंजन की आवाज़ रहा है, जिसने पीढ़ियों से स्टारडम की परिभाषा तय की है। दोनों ने मिलकर ऐसा मंच तैयार किया, जहां विजेता वे बने जो निडर आत्मविश्वास बिखेरते हैं, अपनी स्टाइल स्टेटमेंट से सबको पीछे छोड़ देते हैं और 'द वन एंड ओनली' होने की असली भावना को जीते हैं।स्टाइल और ग्लैमर की दुनिया में अपनी मजबूत मौजूदगी को दोहराते हुए, ब्रांड ने उभरते हुए आइकन्स को भी खास सम्मान से नवाज़ा। फेस ऑफ फैशन, लिमिटलेस टैलेंट का अवॉर्ड ईशान खट्टर को मिला, मोस्ट डिज़ायरेबल (फीमेल)का खिताब तमन्ना भाटिया को दिया गया और बेस्ट यूथ आइकन (फीमेल) का सम्मान अनन्या पांडे को मिला – ये सभी अवॉड्र्स ब्लेंडर्स प्राइड पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर द्वारा प्रस्तुत किए गए। पर्नोड रिकार्ड इंडिया के जनरल मैनेजर - मार्केटिंग इशविंदर सिंह ने कहा, 'ब्लेंडर्स प्राइड (पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर) हमेशा से फैशन, स्टाइल और ग्लैमर की दुनिया में अग्रणी रहा है। फिल्मफेयर ग्लैमर एंड स्टाइल अवॉड्र्स के साथ हमारी साझेदारी उन लोगों को सम्मानित करती है, जो संस्कृति में नए ट्रेंड स्थापित करते हैं, यह परिभाषित करते हैं कि क्या इन-व्होग है और 'द वन एंड ओनली' होने की पहचान को जीते हैं।'



## करिश्मा कपूर से आगे निकली प्रिया सचदेव

बॉलीवुड एक्ट्रेस करिश्मा कपूर अपनी प्रोफेशनल लाइफ के साथ ही अपनी नीजी जिंदगी को लेकर चर्चाओं में रहती हैं। बता दें कि करिश्मा कपूर के एक्स हसबैंड संजय कपूर का जब से निधन हुआ है तब प्रॉपर्टी विवाद को लेकर करिश्मा और प्रिया सचदेव चर्चाओं में बनी हुई हैं। अभी तक 30 हजार करोड़ रुपये की प्रॉपर्टी को लेकर संजय कपूर की मां ने सवाल उठाया था और अपना हिस्सा मांगा था वहीं अब करिश्मा कपूर और उनके बच्चे भी पीछे नहीं रहे। उन्होंने ने भी कोर्ट में अपने हक के लिए याचिका दायर की है। हालांकि कोर्ट का अभी तक कोई फैसला नहीं आया है, लेकिन तब से ही प्रिया सचदेव और उनकी प्रॉपर्टी को लेकर सवाल खड़े होने लगे हैं की कितनी अमीर हैं प्रिया कैसी है लाइफ स्टाइल चलिए जानते हैं प्रिया और करिश्मा कपूर की नेटवर्थ में कितना है अंतर संजय कपूर की पहली पत्नी करिश्मा कपूर की करें तो करिश्मा कपूर कम अमीर नहीं हैं। करिश्मा कपूर खानदानी अमीर हैं। कपूर फैमिली अपनी रईसी और शानदार लाइफस्टाइल के लिए जानी जाती है। चूंकी करिश्मा भी एक्ट्रेस रह चुकी हैं इसलिए वह अपनी फिटनेस और लाइफस्टाइल पर खास ध्यान देती है।

# बॉलीवुड की दशा पर शत्रुघ्न सिन्हा का बड़ा बयान



एक्टर और राजनेता शत्रुघ्न सिन्हा ने हाल ही में फिल्म जगत की हालत पर चिंता जताई है. उन्होंने कहा कि बॉलीवुड को 'सौतेले बच्चे' जैसा व्यवहार मिल रहा है. दरअसल सबसे पहले ये बात शत्रुघ्न सिन्हा के बहनोई और फिल्म निर्माता पहलाज निहलानी ने कही थी और शत्रुघ्न सिन्हा भी इस बात से सहमत नजर आए. पहलाज निहलानी की बातों का समर्थन करते हुए उन्होंने कहा कि आज बॉलीवुड अपने सबसे बुरे दौर से गुजर रहा है.

शत्रुघ्न सिन्हा ने याद किया कि कैसे कुछ साल पहले उन्होंने और पहलाज निहलानी ने मिलकर फिल्म इंडस्ट्री को उसका सही दर्जा दिलवाने में अहम भूमिका निभाई थी. उन्होंने कहा, "पहलाज जी मुझसे रोज मिलते थे. हम फिल्म इंडस्ट्री की हालत को लेकर चिंतित थे. हम तत्कालीन वित्त मंत्री यशवंत सिन्हा के पास गए थे, जिन्होंने बाद में सुषमा स्वराज को बुलाकर हमारी बात समझाई थी."सिन्हा के मुताबिक, अब सिर्फ बड़े सितारों को उनके काम के लिए बुलाया जाता है, लेकिन फिल्म के पीछे काम करने वाले तकनीशियनों या इस इंडस्ट्री की खराब हालात पर कोई ध्यान नहीं देता. आज फिल्म टिकटों और थिएटर में खाने-पीने की चीजों की कीमतें इतनी ज़्यादा हैं कि आम दर्शकों का सिनेमा जाना मुश्किल हो गया है. उन्होंने आगे कहा, "फिल्म इंडस्ट्री एक उपेक्षित बच्चे की तरह हो गई है. मैं पहलाज जी से सौ प्रतिशत सहमत हूं." शत्रुघ्न सिन्हा ने हिंदी फिल्मों के लगातार फ्लॉप होने पर भी बात की है. उन्होंने कहा कि साउथ इंडियन सिनेमा की सफलता से हम सभी खुश हैं, लेकिन हिंदी फिल्मों की हालत ऐसी है कि पिछले 10 सालों में उंगलियों पर गिनकर ही कुछ फिल्में सफल हुई हैं.


# रोशनी गई अब याददाश्त भी खो बैठी अनुपमा

रुपाली गांगुली को सीरियल अनुपमा में धमाल मचा रही हैं. इस समय सीरियल अनुपमा में रुपाली गांगुली खूब आंसू बहा रही हैं. सीरियल अनुपमा के आने वाले एपिसोड में अनुपमा पर मुसीबतों का पहाड़ टूटने वाला है. ख्याति की वजह से अनुपमा अचानक ही अंधी हो जाएगी. ऐसा होते ही अनुपमा के सपनों की उड़ान पर ब्रेक लग जाएगा. इस बीच अनुपमा को लेकर एक और बड़ा दावा किया जा रहा है. सोशल मीडिया पर कुछ देर पहले ही रुपाली गांगुली ने एक वीडियो शेयर की है. इस वीडियो में रुपाली गांगुली बंगाली गाने पर डांस करती नजर आ रही हैं. इस वीडियो को देखकर रुपाली गांगुली के फैंस चौंक गए हैं. फैंस रुपाली गांगुली से पूछ रहे हैं कि क्या अनुपमा की आंखों की रोशनी के साथ साथ याददाश्त भी चली गई है. तभी तो टीवी की अनुपमा बंगाली गाने पर डांस करती नजर आ रही है. अगर आपको भी ऐसा लग रहा है तो आप गलत हैं. आपको बता दें कि असल जिंदगी में अनुपमा गुजराती नहीं बल्कि बंगाली हैं. ऐसे में अनुपमा का बंगाली गाने पर डांस करना तो कोई बड़ी बात नहीं है.इस गाने पर डांस करते हुए रुपाली गांगुली को अपना बचपन याद आ गया है. इस बात का खुलासा उन्होंने इस वीडियो के कैप्शन पर किया है. वीडियो शेयर करते हुए रुपाली गांगुली ने लिखा, ये कितना प्यारा गाना है.

# द बंगाल फाइल्स की कमाई रही फीकी

विवेक अग्निहोत्री पिछले कुछ समय से सेंसिटिव मुद्दों पर फिल्में बना रहे हैं. उनकी फिल्म कश्मीर फाइल्स को बहुत पसंद भी किया गया था और बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म ने कमाल कर दिया था. अब उनकी फिल्म द बंगाल फाइल्स बड़ी मशक्कतों के बाद सिनेमाघरों में रिलीज हुई है और एक हफ्ते पूरे भी कर चुकी है. लेकिन इस फिल्म को द कश्मीर फाइल्स जैसा रिस्पॉन्स नहीं मिल पा रहा है.

हालत तो ऐसी है कि फिल्म अब तक अपने बजट का आधा भी नहीं निकाल सकी है. फिल्म की कमाई के पहले हफ्ते के आंकड़े आ गए हैं.द बंगाल फाइल्स फिल्म को खराब ओपनिंग मिली थी और रिलीज के पहले दिन ये फिल्म 1.75 करोड़ रुपए कमा सकी थी. जबकी पहले वीकेंड इस फिल्म का कलेक्शन 6.75 करोड़ रुपए का रहा था. अब फिल्म के 6 दिन के कमाई के आंकड़े भी आ गए हैं. औसतन






हर दिन ये फिल्म एक करोड़ रुपए का कलेक्शन कर रही है. रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म ने 6 दिन में 10.25 करोड़ रुपए कमा लिए हैं. जबकी इसका बजट 30 करोड़ के आस-पास बताया जा रहा है. ऐसे में मुनाफा तो छोड़िए ये फिल्म अपने बजट को रिकवर करने से भी अभी कोसों दूर है.द बंगाल फाइल्स की बात करें तो इस फिल्म के साथ मौजूदा समय में परम सुंदरी, मद्रासी, लोका और कॉन्ज्यूरिंग जैसी फिल्में रिलीज हुई हैं. वहीं दूसरी तरफ आने वाले समय में अक्षय कुमार और अरशद वारसी की फिल्म जॉली एलएलबी 3 भी सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है. इस फिल्म के रिलीज होते ही द बंगाल फाइल्स का खेल तमाम हो जाएगा और फिल्म को 1 करोड़ कमाने में भी काफी मशक्कत का सामना करना पड़ सकते हैं. ऐसे में ये कहा जा सकता है कि द बंगाल फाइल्स सुपर फ्लॉप की ओर तेजी से बढ़ रही है. ये विवेक अग्निहोत्री के लिए भी एक बड़ा झटका है.

# शर्टलेस सलमान ने उठाया कुनिका को कंधे पर

सलमान खान इस वक्त अपनी अपकमिंग फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' को लेकर बिजी हैं. हालांकि, जब 'बिग बॉस 19' की शुरुआत हुई, तब भाईजान मौजूद थे. वो पिछले वीकेंड के वार में कई कंटेस्टेंट्स की क्लास लगाते भी दिखे. हालांकि, अब आने वाले कुछ हफ्तों में बिग बॉस में नहीं दिखेंगे. फिल्म की शूटिंग के लिए लद्दाख पहुंचे एक्टर को अभी वक्त लगेगा. इस हफ्ते अरशद वारसी और अक्षय कुमार नए होस्ट बने दिखेंगे. जो अपनी जॉली एलएलबी 3 को प्रमोट कर रहे हैं. इसी बीच सलमान खान का एक वीडियो वायरल हो गया है. क्या वो कुनिका को कंधे पर उठाकर डांस कर रहे हैं.दरअसल बिग बॉस पर कुनिका सदानंद को फेवर करने



का आरोप लग रहा है. पिछले टास्क में कुनिका कानों में रुई लगाकर बैठी दिखीं, लेकिन बिग बॉस की तरफ से उन्हें कुछ नहीं बोला गया. जबकि, पिछले वीकेंड के वार में कुनिका के बेटे को बुलाकर दोनों की इमोशनल कहानी को लोगों के सामने दिखाया गया. खैर, यह रही एपिसोड की बात, अब आते हैं सलमान के वायरल डांस वीडियो पर.कुनिका सदानंद ने बॉलीवुड फिल्मों में काम किया है. अब कहा जा रहा है कि सलमान खान को पहले से जानती हैं इसलिए बिग बॉस एक्ट्रेस को फेवर कर रहा है. अब सलमान खान के वायरल वीडियो का सच क्या है? दरअसल वीडियो में सलमान खान एक स्टेज परफॉर्मेंस करते दिख रहे हैं. उसी वक्त शर्टलेस सलमान के पास एक लड़की आती है और डांस करने लगती हैं. ब्लैक ड्रेस में इस डांसर को कुनिका सदानंद बताया गया है. यह एक अवॉर्ड शो था, जहां सलमान खान बाद में उस डांसर को कंधे पर उठा लेते हैं. तभी सामने बैठे ऋषि कपूर समेत कई स्टार्स तालियां बजाते दिखे.

# यूएई पर भारत की जीत के 7 रिकॉर्ड

## कुलदीप, सूर्या और अभिषेक ने दिखाया दम

**नई दिल्ली.** एशिया कप 2025 की शुरुआत भारत ने शानदार अंदाज में की. दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए शुरुआती मैच में टीम इंडिया ने यूएई को 9 विकेट से मात दी. पहले बल्लेबाजी करते हुए यूएई की टीम महज 57 रन पर ढेर हो गई, जिसे भारत ने सिर्फ 27 गेंद में आसानी से हासिल कर लिया. मुकाबले में भारत ने कई बड़े रिकॉर्ड बनाए और कुछ दिलचस्प घटनाओं ने ध्यान खींचा. भारत ने एशिया कप 2025 के पहले मुकाबले में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 9 विकेट से हराकर धमाकेदार जीत दर्ज की. दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए इस मैच में यूएई की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए सिर्फ 57 रन पर सिमट गई, जिसे भारत ने 4.3 ओवर (27 गेंद) में ही हासिल कर लिया. इस दौरान भारत ने कई रिकॉर्ड अपने नाम किए और साथ ही कुछ रोचक घटनाएं भी देखने



को मिलीं. कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टॉस जीता, जो भारत का पिछले 16 अंतरराष्ट्रीय मैचों में पहला टॉस विजय था.

जनवरी 2025 के बाद भारत ने पहली बार टॉस जीता. लगातार 15 मैचों में टॉस हारने का शर्मनाक सिलसिला टूटा, जो एक विश्व रिकॉर्ड भी था.कुल मिलाकर, भारत ने इस मुकाबले में गेंद और बल्ले दोनों से पूरी तरह दबदबा बनाया और टूर्नामेंट में धमाकेदार शुरुआत की. भारत ने इस मैच से साबित कर दिया कि उसकी बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों ही बेहतरीन लय में हैं. अब टीम इंडिया अपना अगला मुकाबला 14 सितंबर को पाकिस्तान के खिलाफ खेलेगी, जिस पर सबकी निगाहें टिकी होंगी.

भारत ने टी20आई में गेंदों के लिहाज से अपना सबसे तेज रनचेज किया. टीम ने 93 गेंद शेष रहते जीत हासिल की. भारत टी20आई इतिहास में दूसरी टेस्ट खेलने वाली टीम बना जिसने 5 ओवर से कम समय में लक्ष्य हासिल किया. सूर्यकुमार यादव की खेल भावना: 13वें ओवर में जुनैद सिद्दीकी को आउट करार दिया गया था, लेकिन गेंदबाज शिवम दुबे के रनअप के दौरान तौलिया गिरने से बल्लेबाज का ध्यान भंग हुआ. इसे देखते हुए कप्तान सूर्या ने अपील वापस ले ली और बड़ी खेल भावना का परिचय दिया.

## सूर्यकुमार यादव ने फीस विवाद पर की चुप्पी

**नई दिल्ली.** एशिया कप 2025 में भारत के अभियान का आगाज तो हो गया. लेकिन, पहले ही मैच के बाद भारतीय टीम की मैच फीस पर सवाल उठा है. भारत ने टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में यूएई को हराया है. यूएई से उसका मुकाबला मुश्किल से 2 घंटे तक चला. उतने में ही टीम इंडिया ने उसकी हार की स्क्रिप्ट लिख दी. जीत में दिखाई टीम इंडिया की इसी जल्दीबाजी को लेकर उसकी मैच फीस पर सवाल उठाया गया, जिसके जवाब में भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कुछ भी बोलने से इनकार कर दिया सूर्यकुमार यादव का मैच फीस से जुड़े सवाल से सामना पोस्ट मैच प्रजेन्टेशन में हुआ, जहां उनसे पूछा गया कि क्या वो यूएई को इतनी जल्दी हराने के बाद उनकी टीम को पूरी मैच फीस मिलनी चाहिए? इस सवाल का सीधे तौर पर जवाब देने के बजाए सूर्यकुमार यादव उससे बचते दिखे. उन्होंने बस हंसते हुए इतना कहा कि इस मसले पर हम बाद में बात करेंगे. हालांकि, सूर्यकुमार यादव से मैच फीस से जुड़ा सवाल भी मजाकिया अंदाज में ही हुआ था.

अब भारत के सामने 58 रन का लक्ष्य था. जैसा कि उम्मीद थी भारत उसे जल्दी से जल्दी हासिल करने की कोशिश करेगा, बिल्कुल वैसा ही हुआ. टीम इंडिया ने 58 रन के लक्ष्य को सिर्फ 27 गेंदों में पूरा कर लिया.

# फ्री में बांट दिये भारत-पाकिस्तान मैच के टिकट



**नई दिल्ली.** एशिया कप 2025 में टीम इंडिया ने अपने अभियान की शुरुआत शानदार अंदाज में की. यूएई के खिलाफ पहले मैच में भारत ने सिर्फ 27 गेंदों में टारगेट को चेज करके जीत अपने नाम की. पहले गेंदबाजी में यूएई को केवल 57 रनों पर समेटने के बाद, भारत ने 1 विकेट के नुकसान पर टारगेट हासिल कर लिया. हालांकि, इस जोरदार प्रदर्शन के बावजूद, दुबई के स्टेडियम में फैंस की कमी साफ नजर आई, जिसने हर किसी को हैरान कर दिया. पूर्व भारतीय क्रिकेटर और कमेंटेटर आकाश चोपड़ा ने भी अपने यूट्यूब चैनल पर इसका जिक्र किया.

भारत और यूएई के बीच इस मैच को देखने के लिए काफी कम तादाद में फैंस मैदान में पहुंचे. टीम इंडिया एक लंबे ब्रेक के बाद मैदान में उतरी थी, इसके बावजूद मैदान में स्टैंड खाली नजर आए, जो आमतौर पर काफी कम देखने को मिलता है. ऐसे में आकाश चोपड़ा ने अपने यू ट्यूब चैनल पर कहा, 'भारत और यूएई के बीच दुबई में खेले गए एशिया कप के पहले मुकाबले में सबसे बड़ा सवाल यही उठा कि क्राउड कहां है? आमतौर पर हम कहते हैं कि अगर भारत चांद पर भी क्रिकेट खेले तो वहां भी लोग नीली जर्सी पहनकर पहुंच जाएंगे.

लेकिन इस मैच में नजारा बिल्कुल अलग था. मैदान लगभग खाली था और यह देखकर हैरानी हुई कि इतने लंबे समय बाद भारतीय टीम दुबई में खेल रही थी और फिर भी फैंस स्टेडियम में मौजूद नहीं थे. यह किसी भी क्रिकेट प्रेमी के लिए अजीब नजारा था.'

इन सब के बीच दुबई के एक बिजनेसमैन ने एशिया कप के 700 टिकट खरीदकर अपने कर्मचारियों में बांटे हैं. डैन्यूब ग्रुप के उपाध्यक्ष अनीस साजन ने स्थानीय मीडिया को बताया कि वह ये टिकट अपने ब्लू-कॉलर कर्मचारियों में बांटेंगे. कंपनी ने हाई-प्रोफाइल मैचों के लिए कई टिकट खरीदे हैं, जिससे उनके कर्मचारियों को संयुक्त अरब अमीरात में लाइव क्रिकेट एक्शन का अनुभव करने का मौका मिला है. इनमें से 100 टिकट भारत-पाकिस्तान के बीच खेले जाने वाले मैच के हैं.

# 'रिहर्सल' करेगा पाकिस्तान

## ओमान के खिलाफ तैयारियों को करेगा पुख्ता



**नई दिल्ली.** एशिया कप 2025 में पाकिस्तान शुक्रवार को ग्रुप ए के अपने पहले मैच में कमजोर ओमान के खिलाफ अपनी तैयारी को पुख्ता अंजाम देने की कोशिश करेगा. भारत के खिलाफ होने वाले मुकाबले से पहले पाकिस्तान तैयारियों के लिए एक तरह से रिहर्सल ही होगा. पाकिस्तान ने एशिया कप से पहले त्रिकोणीय श्रृंखला के फाइनल में अफगानिस्तान को 75 रन से हराया था जिससे निश्चित तौर पर उनका मनोबल बढ़ा होगा.

पाकिस्तान की टीम एशिया कप टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट में भारत के खिलाफ होने वाले हाई-वोल्टेज मुकाबले से पहले अपनी तैयारियों को पुख्ता करना चाहती है. शुक्रवार को ग्रुप ए के अपने पहले मैच में उसका सामना कमजोर मानी जा रही ओमान की टीम से होगा. पाकिस्तान ने एशिया कप से ठीक पहले त्रिकोणीय श्रृंखला के फाइनल में अफगानिस्तान को 75 रन से हराकर जीत दर्ज की थी. उस मैच में स्पिनर मोहम्मद नवाज ने शानदार हैट्रिक ली थी, जिससे टीम का आत्मविश्वास और बढ़ा है. माना जा रहा है कि नवाज इस टूर्नामेंट में भी पाकिस्तान के तुरुप का इक्का साबित होंगे.

संयुक्त अरब अमीरात की धीमी पिचों पर स्पिनरों की भूमिका अहम रहने वाली है और इसी वजह से पाकिस्तान ने अपने दल में कई स्पिनरों को शामिल किया है.

त्रिकोणीय श्रृंखला में यह रणनीति कारगर रही थी और अब टीम को उम्मीद है कि एशिया कप में भी यही फार्मूला सफलता दिलाएगा. पाकिस्तान के कप्तान सलमान आगा ने भी स्वीकार किया कि टीम ने योजनाबद्ध तरीके से तैयारी की है. उन्होंने कहा था, "हम इस तरह से तैयारी करना चाहते थे जिससे हमें एशिया कप के लिए मदद मिले और हमने ऐसा किया। हम घरेलू मैदान पर बांग्लादेश के खिलाफ श्रृंखला के बाद से अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं. अब हम बहुत अच्छी स्थिति में हैं और पूरी तरह तैयार हैं.

हाल ही में घरेलू मैदान पर बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज में पाकिस्तान का प्रदर्शन शानदार रहा था और अब टीम खुद को एक मजबूत स्थिति में देख रही है. आगा के नेतृत्व में पाकिस्तान ने एक युवा टीम चुनी है, जिसके नतीजे भी सकारात्मक रहे हैं.

# बंगाल में फुटबॉल मैच पर सियासत

**कोलकाता**. पश्चिम बंगाल में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव की सभी राजनीतिक पार्टियों ने तैयारी शुरू कर दी है. दोनों पार्टियों ने फुटबॉल मैच को प्रचार का हथियार बनाया है. एक तरफ तृणमूल कांग्रेस स्वामी विवेकानंद कप और दूसरी तरफ भाजपा



का नरेंद्र कप का आयोजन कर रही है. दोनों पार्टियों की ओर से आयोजित खेल सितंबर में शुरू होने वाले हैं. नरेंद्र कप का उद्घाटन 11 सितंबर को है और तृणमूल द्वारा घोषित फुटबॉल टूर्नामेंट भी उसी दिन शुरू हो रहा है.

भाजपा के लिए यह अवसर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन का है. पीएम मोदी का जन्मदिन 17 सितंबर को है. उससे पहले, नरेंद्र कप का उद्घाटन हो रहा है. यह फुटबॉल प्रतियोगिता शुरुआत में जिला स्तर पर आयोजित की जा रही है.

भाजपा नेता और पुरुलिया के सांसद ज्योतिर्मय सिंह महतो इस प्रतियोगिता के लिए गठित समिति के संयोजक हैं. उन्होंने बुधवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि यह पहली बार है जब इस तरह का टूर्नामेंट आयोजित होने जा रहा है. उन्होंने कहा कि कुल 43 फुटबॉल टूर्नामेंट होंगे. इस प्रतियोगिता में 1300 फुटबॉल टीमें भाग लेंगी. विजेता टीम को 50,000 रुपये दिए जाएंगे. इसके अलावा, उपविजेताओं को 25,000 रुपये और सेमीफाइनलिस्टों को 15,000 रुपये मिलेंगे. इस खेल का थीम सॉन्ग भी इसी दिन लॉन्च किया गया.

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य ने दावा किया कि नरेंद्र कप स्वामी विवेकानंद के नाम पर है, नरेंद्र मोदी के नाम पर नहीं. उन्होंने दावा किया कि यह नरेंद्र कप उन सभी युवाओं को एकजुट करने के लिए है, जो राष्ट्र के प्रति समर्पित हैं,

जैसे विवेकानंद युवाओं के लिए बोलते थे. इस बीच, तृणमूल के स्वामी विवेकानंद कप की घोषणा पहले ही हो चुकी है. खेल एवं युवा कल्याण विभाग इस प्रतियोगिता का आयोजन कर रही है. राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी टीएमसी स्वामी विवेकानंद के शिकागो भाषण की 133वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में इस टूर्नामेंट का आयोजन कर रही है.

# भारत करेगा पहली बार दृष्टिबाधित महिला टी-20 विश्व कप की मेजबानी



**नई दिल्ली**. भारत 11 से 25 नवंबर तक आयोजित होने वाले दृष्टिबाधित महिला टी-20 विश्व कप का गर्व से आयोजन करेगा। इस महत्वपूर्ण टूर्नामेंट में ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, नेपाल, पाकिस्तान, श्रीलंका, अमेरिका और भारत की टीमें हिस्सा लेंगी। भारत ने 16 सदस्यीय टीम का ऐलान कर तैयारियां शुरू कर दी हैं। मुकाबले नई दिल्ली और बेंगलुरु के मैदानों पर खेले जाएंगे। प्रारंभ में काठमांडू को तीसरे मेजबान शहर के रूप में चुना गया था, लेकिन नेपाल की वर्तमान स्थिति को देखते हुए वैकल्पिक स्थल पर विचार किया जा रहा है। यह टूर्नामेंट दृष्टिबाधित महिला खिलाड़ियों को विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने का सुनहरा मौका प्रदान करेगा और भारतीय क्रिकेट के सामाजिक समावेशन की दिशा में एक बड़ा कदम है।

# वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भारत के तीन मेडल पक्के

**नई दिल्ली.** भारत की महिला बॉक्सरों ने वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए देश के लिए तीन मेडल पक्के कर लिए हैं। जैस्मिन लैम्बोरिया (57 किग्रा) और नूपुर श्योराण (+80 किग्रा) और पूजा रानी (80 किग्रा) ने सेमीफाइनल में जगह बनाकर कम से कम ब्रॉन्ज मेडल सुनिश्चित कर दिया है। हालांकि, दो बार की वर्ल्ड चैंपियन निखत जरीन को तुर्की की स्टार बॉक्सर बुसे नाज काकिरोग्लू के हाथों क्वार्टरफाइनल में हार का सामना करना पड़ा। निखत का अभियान खत्म भारत की स्टार बॉक्सर निखत जरीन (51 किग्रा) को तुर्की की बुसे नाज काकिरोग्लु के खिलाफ हार झेलनी पड़ी। निखत को यूनानिमस डिसीजन (5-0) से शिकस्त मिली और उनका सफर यहीं रुक गया। जैस्मिन ने उज्बेकिस्तान की बॉक्सर को 5-0 से हराया वर्ल्ड बॉक्सिंग कप की गोल्ड



मेडलिस्ट जैस्मिन लैम्बोरिया ने उज्बेकिस्तान की खुमोराबोनु मामाजोनोवा को 5-0 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। लंबे कद और पहुंच का फायदा उठाते हुए जैस्मिन ने मुकाबले की कमान शुरू से अपने हाथ में रखी।

# क्या फीफा छीन लेगा वर्ल्ड कप 2026 की मेजबानी?

**नई दिल्ली.** फीफा वर्ल्ड कप 2026 की मेजबानी अमेरिका, मेक्सिको और कनाडा एक साथ मिलकर कर रहे हैं, लेकिन इससे पहले ही अमेरिका में लगातार बढ़ रही गोलीबारी की घटनाओं को देखते हुए सोशल मीडिया पर सुरक्षा



को लेकर कई सवाल उठाए जा रहे हैं और लगातार ये मांग उठ रही है कि टूर्नामेंट की मेजबानी किसी और देश को दी जाए। लोगों का कहना है कि अमेरिका में बंदूक हिंसा इतनी आम हो चुकी है कि इससे खिलाड़ी, दर्शक और अधिकारियों की सुरक्षा पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। आइए आपको बताते हैं सोशल मीडिया पर किस तरह की मांग उठ रही है और इस पर फीफा के अध्यक्ष का क्या कहना है...

अमेरिका में गन कल्चर के चलते मौतों का आंकड़ा लगातार हर साल बढ़ता जा रहा है। हाल ही में 27 अगस्त को एक कैथोलिक स्कूल में फायरिंग हुई, जिसमें दो बच्चों की मौत हो गई और 17 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। इसके बाद अमेरिकी पोलिटिकल ऐक्टिविस्ट चार्ली किर्क पर भी गोली चलाई गई। ऐसे में सोशल मीडिया पर आगामी फीफा वर्ल्ड कप 2026 को लेकर मांग उठ रही है कि टूर्नामेंट की मेजबानी किसी और को दी जाए। लोगों का कहना है कि अमेरिका में गन कल्चर इतना आम हो चुका है कि इससे फीफा वर्ल्ड कप के दौरान कोई भी घटना हो सकती है।

एक्स पर यूजर्स ये तक कह रहे हैं कि अगर कतर जैसे देशों को मानव अधिकार और सुरक्षा कारणों के चलते आलोचना झेलनी पड़ी थी, तो अमेरिका को इस मामले में क्यों न कटघरे में खड़ा किया जाए?

दूसरी तरफ फीफा के अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो का कहना है कि इन घटनाओं से फीफा वर्ल्ड कप 2026 की मेजबानी पर कोई असर नहीं पड़ेगा। अमेरिका इसके लिए पूरी तरह से तैयार है। उनका कहना है कि बड़े आयोजनों के लिए कड़ी सुरक्षा के इंतजाम किए जाएंगे। वहीं, अमेरिकी सुरक्षा एक्सपर्ट्स का कहना है कि 2026 विश्व कप के करीब आते आते फीफा को सुरक्षा व्यवस्था की दोबारा समीक्षा करना चाहिए। कुल मिलाकर देखा जाए तो अमेरिका में लगातार बढ़ती बंदूक हिंसा ने दुनिया भर में चिंता बढ़ा दी है। अब सबकी नजर फीफा वर्ल्ड कप 2026 की मेजबानी और अमेरिकी सरकार पर है कि वो खिलाड़ियों और दर्शकों की सुरक्षा के लिए क्या कदम उठाती है। बता दें कि फीफा वर्ल्ड कप 2026 की मेजबानी अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा के हाथ में है। अगर सुरक्षा के चलते फीफा की मेजबानी अमेरिका से छीनी गई, तो मैक्सिको और कनाडा दो देशों में इसका आयोजन किया जा सकता है।

# ईस्ट बंगाल की एएफसी महिला चैंपियंस लीग में शुरुआत

**नई दिल्ली.** चीन के क्लब वुहान जियांगडा की मेजबानी में होने वाली एएफसी महिला चैंपियंस लीग 2025-26 में कोलकाता की दिग्गज टीम ईस्ट बंगाल 17 नवंबर को पिछले सीजन की क्वार्टर फाइनलिस्ट बाम खातून एफसी के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगी।

एशियाई फुटबॉल परिसंघ द्वारा आयोजित एएफसी महिला चैंपियंस लीग महाद्वीप का प्रमुख क्लब फुटबॉल टूर्नामेंट है। 17 से 23 नवंबर तक चलने वाली एएफसी महिला चैंपियंस लीग के लिए भारत को एक चुनौतीपूर्ण ड्रॉ मिला है। भारत की ईस्ट बंगाल को ग्रुप बी में चीन की वुहान जियांगडा एफसी, ईरान की बाम खातून एफसी और उज्बेकिस्तान की पीएफसी नसाफ के साथ रखा गया। ईस्ट बंगाल का दूसरा मुकाबला 20 नवंबर को गत चैंपियन वुहान जियांगडा से होगा। 23 नवंबर को रिकॉर्ड 16 बार की उज़्बेकिस्तान महिला लीग चैंपियन पीएफसी नसाफ से भिड़ेगी।

# अफ्रीका की धमाकेदार जीत

**लंदन.** इस समय इंग्लैंड में साउथ अफ्रीका और इंग्लैंड के बीच टी20 इंटरनेशनल सीरीज चल रही है। इससे पहले वनडे सीरीज में भी साउथ अफ्रीका ने मेजबान टीम को शिकस्त दी थी। टी20 इंटरनेशनल के पहले मुकाबले में डकवर्थ लुइस मेथड के चलते साउथ अफ्रीका ने 14 रनों से शानदार जीत दर्ज की। बारिश की वजह से मैच 4 घंटे देर से शुरू हुआ, जिसकी वजह से केवल 12.5 ओवर तक ही ये गेम खेला गया। इस दौरान साउथ अफ्रीका के चार बल्लेबाजों ने तेजी से रन बनाते हुए इंग्लैंड के गेंदबाजों की बोलती बंद कर दी।

इंग्लैंड के कार्डिफ के मैदान पर खेले गए इंग्लैंड और साउथ अफ्रीका के बीच पहले टी20 इंटरनेशनल मैच में बारिश के चलते थोड़ी रुकावट जरूर आई। जिसके चलते 4 घंटे बाद ये मैच शुरू हुआ। ऐसे में साउथ अफ्रीका को 7.5 ओवर तक बल्लेबाजी करने



का मौका मिला। पहले बैटिंग करने उतरी साउथ अफ्रीका की टीम ने धमाकेदार शुरुआत की और 7.5 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 97 रन बनाए। इसमें साउथ अफ्रीका के सलामी बल्लेबाज एडन मार्क्रम ने 28 रन की पारी खेली। 14 बालों में उन्होंने दो चौके और दो छक्के जड़े। इसके अलावा देवाल्ड ब्रेविस ने 23, डोनोवन फेरीरा ने नाबाद 25 और ट्रिस्टन स्टब्स ने 13 रनों की पारी खेली और 97 रन बोर्ड पर लगाएं।

दूसरी तरफ बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की टीम ने 5 ओवर में केवल 54 रन ही बनाएं, क्योंकि बारिश के कारण डकवर्थ लुइस मेथड के चलते उन्हें पांच ओवर में 69 रनों का लक्ष्य दिया गया था। सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट बिना खाता खोले आउट हो गए। जोस बटलर ने टीम के लिए सबसे ज्यादा 25 रनों की पारी खेली। हालांकि, इसके अलावा सैम करन ने 10 रन बनाएं और कोई भी बल्लेबाज 10 रनों का आंकड़ा भी पार नहीं कर पाया, जिसके चलते साउथ अफ्रीका ने ये मैच अपने नाम किया। साउथ अफ्रीका की ओर से मार्को जानसेन और कार्बिन बॉश ने दो-दो और कगिसो रबाडा ने एक विकेट अपने नाम किया।

# 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' के प्रबल समर्थक हैं संघ प्रमुख

## > भागवत के जन्मदिन पर पीएम मोदी का बधाई संदेश

**नई दिल्ली.**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत के जन्मदिन के मौके पर एक लेख लिखा है। पीएम मोदी ने एक ट्वीट में लिखा है कि 'मोहन भागवत जी ने वसुधैव कुटुंबकम के मंत्र से प्रेरित होकर समता-समरसता और बंधुत्व की भावना को सशक्त करने में अपना पूरा जीवन समर्पित किया है।' उन्होंने भागवत के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मोहन भागवत के जन्मदिन पर अपने ब्लॉग में लिखा है. 11 सितंबर यह दिन अलग-अलग स्मृतियों से जुड़ा है। एक स्मृति 1893 की है, जब स्वामी विवेकानंद ने शिकागो में विश्वबंधुत्व का संदेश दिया और दूसरी स्मृति है 9/11 का आतंकी हमला, जब विश्व बंधुत्व को सबसे बड़ी चोट पहुंचाई गई। आज के दिन की एक और विशेष बात है। आज एक ऐसे व्यक्तित्व का 75वां जन्मदिवस है जिन्होंने वसुधैव कुटुंबकम के मंत्र पर चलते हुए समाज को संगठित करने, समता-समरसता और बंधुत्व की भावना को सशक्त करने में अपना पूरा जीवन समर्पित किया है। मधुकर का राष्ट्र निर्माण के प्रति झुकाव इतना प्रबल था कि अपने पुत्र मोहनराव को भी इस महान कार्य के लिए निरंतर गढ़ते रहे। एक पारसमणि मधुकरराव ने मोहनराव के रूप में एक और पारसमणि तैयार कर दी।



### आपातकाल में भागवत का सक्रिय विरोध

भागवतजी ने उस समय प्रचारक का दायित्व संभाला, जब तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने देश पर इमरजेंसी थोप दी थी। उस दौर में प्रचारक के रूप में भागवत ने आपातकाल-विरोधी आंदोलन को निरंतर मजबूती दी। उन्होंने कई वर्षों तक महाराष्ट्र के ग्रामीण और पिछड़े इलाकों, विशेषकर विदर्भ में काम किया। 1990 के दशक में अखिल भारतीय शारीरिक प्रमुख के रूप में मोहन भागवत के कार्यों को आज भी कई स्वयंसेवक स्नेहपूर्वक याद करते हैं।

भागवत का पूरा जीवन सतत प्रेरणा देने वाला रहा है। वे 1970 के दशक के मध्य में प्रचारक बने। सामान्य जीवन में प्रचारक शब्द सुनकर ये भ्रम हो जाता है कि कोई प्रचार करने वाला व्यक्ति होगा, लेकिन जो संघ को जानते हैं उनको पता है कि प्रचारक परंपरा संघ कार्य की विशेषता है। गत 100 वर्षों में देशभक्ति की प्रेरणा से भरे हजारों युवक-युवतियों ने अपना घर-परिवार त्याग करके पूरा जीवन संघ परिवार के माध्यम से राष्ट्र को समर्पित किया है। भागवत जी भी उस महान परंपरा की मजबूत धुरी हैं।

# बारिश ने ली 380 लोगों की जान

## > आईएमडी ने फिर जारी किया भूकंप अलर्ट

**शिमला.**

हिमाचल प्रदेश में हाल में हुई भारी बारिश से राज्य के अलग-अलग जिलों में भारी नकुसान हुआ है. भूस्खलन और बाढ़ की वजह से तीन राष्ट्रीय राजमार्गों सहित करीब 577 सड़कें वाहनों के आवागमन के लिए बंद कर दी गई हैं. एक अधिकारी ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि मौसम विभाग की तरफ से इस सप्ताह के अंत में राज्य के अलग-अलग हिस्सों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है. इस दौरान लोगों से सतर्क रहने और सावधानी बरतने की अपील की गई है. वहीं सप्ताह के अंत तक राज्य के चंबा, कांगड़ा और मंडी में भारी से बहुत भारी बारिश की वजह से अलग-अलग इलाकों में ऑरेंज अलर्ट' जारी किया है. भूस्खलन और भारी बारिश की वजह से बंद राष्ट्रीय राजमार्गों में अटारी-लेह मार्ग (एनएच 3), औट-सैंज मार्ग (एनएच 305) और अमृतसर-भोटा मार्ग (एनएच 503ए) शामिल हैं. राज्य के अलग-



अलग जिलों में 577 सड़कें बंद हैं. इनमें से सबसे अधिक 213 सड़कें कुल्लू में बंद हैं, जबकि मंडी जिले की 154 सड़कों पर वाहनों की आवाजाही बंद है. राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र (एसईओसी) के मुताबिक, हाल में आई बाढ़ और भूस्खलन के कारण राज्य में बिजली के लगभग 812 ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हुए हैं. जलापूर्ति की 369 योजनाएं बाधित हुई हैं. भारी भूस्खलन और लोगों की सुरक्षा के लिए सड़कों पर आवाजाही बंद की गई है. परिवहन निगम के रूट बंद होने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. वहीं निगम को प्रतिदिन लाखों रुपए का नुकसान हो रहा है. भारी बारिश के कारण बंद हुई सड़कों की बहाली का काम जारी है, लेकिन हालात अभी भी खराब है.

राज्य में 20 जून को मानसून की शुरुआत हुई थी. मासून की शुरुआत के बाद से बारिश से संबंधित घटनाओं और सड़क दुर्घटनाओं में कुल 380 लोगों की जान जा चुकी है. राज्य को अब तक भारी बारिश-बाढ़ और भूस्खलन की वजह से 4,306 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है. राज्य के अभी भी तीन राष्ट्रीय राजमार्ग बंद हैं.

# एवीपीएन कॉन्फ्रेंस में डॉ.प्रीति अडानी का संबोधन

## > हांगकांग में उठा एकजुटता का वैश्विक संदेश

**नई दिल्ली.**

हांगकांग में आयोजित एवीपीएन ग्लोबल कॉन्फ्रेंस 2025 में अदानी फाउंडेशन की चेयरपर्सन डॉ. प्रीति अदानी ने परोपकारी, बिज़नेस और बदलाव के वाहकों से प्रेरक अपील की 'सिर्फ योगदान देने से काम नहीं बनेगा" असली बदलाव तब आएगा जब हम साथ मिलकर निर्माण करें' अपने मुख्य भाषण में डॉ. प्रीति अदानी ने इस बात पर जोर दिया कि सामाजिक विकास में अगला बड़ा कदम सहयोग पर निर्भर करता है। उन्होंने कहा कि हर परोपकारी, संस्था, एनजीओ और साझेदार को एक ही मंच पर लाना जरूरी है, ताकि प्रयास एक-दूसरे के साथ तालमेल में हों, सीख साझा हो और प्रभाव कई गुना बढ़े। डॉ. अदाणी ने श्रोताओं को याद दिलाया कि समाज कल्याण की असली ताकत अलग-अलग योगदानों में नहीं, बल्कि एकजुट प्रयास में है। उन्होंने कहा, 'हमें सिर्फ दाता नहीं, साथ में निर्माता बनना होगा।




असली बदलाव तब आता है जब हम साझेदार बनकर संसाधनों को जोड़ें और बाधाओं को तोड़ें।' उन्होंने एक ऐसे सहयोगी मंच की भी माँग की, जहाँ दुनियाभर के परोपकारी लोग संख्याओं से आगे बढ़कर मानव कहानियों पर ध्यान दें। कहानियाँ गरिमा, साहस और बदलाव की। उन्होंने कहा, "प्रभाव कभी-भी सिर्फ आँकड़ों में नहीं होता।

असली कहानी उनके पीछे छिपी उम्मीद, बदलाव और सशक्तिकरण की कहानियों में होती है। एवीपीएन की सीईओ नैना सुब्बरवाल बत्रा ने कहा, "डॉ. प्रीति अदाणी का मुख्य भाषण एक साहसी कार्रवाई के लिए प्रेरक अपील थी। उन्होंने याद दिलाया कि अनिश्चितताओं के बीच भी हमें कदम उठाना होगा और ऐसे समाधानों में निवेश करना होगा, जो एशिया के लिए सतत और समान भविष्य की नींव तैयार करे। एवीपीएन में हम इस अपील को दोहराते हैं।

परोपकार के लिए निरंतरता बनाए रखनी होगी और विभिन्न हितधारकों को एकजुट करना होगा, ताकि हम विश्वास को कार्रवाई में बदल सकें और ऐसे सिस्टम तैयार कर सकें, जो समय और अनिश्चितताओं की कसौटी पर खरे उतरें।

# सोनिया गांधी को राऊज एवेन्यू कोर्ट से बड़ी राहत

**नई दिल्ली**. कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी को दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। बिना नागरिकता हासिल किए वोटर लिस्ट में नाम शामिल कराने के आरोप में सोनिया गांधी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच कराने की मांग वाली याचिका राऊज एवेन्यू कोर्ट ने खारिज कर दी है। सोनिया गांधी के खिलाफ दाखिल याचिका में कहा गया था कि सोनिया गांधी ने 30 अप्रैल 1983 में नागरिकता हासिल की थी। जबकि उनका नाम 1980 की वोटर लिस्ट में शामिल था। याचिका में सवाल उठाया गया था कि 1980 की नई दिल्ली की वोटर लिस्ट मे नाम कैसे शामिल था? याचिका में आरोप लगाया गया था कि 1982 में सोनिया गांधी का नाम वोटर लिस्ट से क्यों डिलीट किया गया? याचिका में सवाल उठाया गया था कि जब 1983 मे नागरिकता हासिल की तो किस डाक्यूमेंट्स के आधार पर 1980 मे वोटर लिस्ट मे नाम शामिल कराया गया। क्या फर्जी दस्तावेजों का सहारा लिया गया?

### केंद्र सरकार के मूल्यांकन में मिली सफलता, 100 में से 93 अंक


# बिजली क्षेत्र में महावितरण पहले स्थान पर

**नागपुर/ मुंबई.**

केंद्र सरकार के ऊर्जा मंत्रालय द्वारा निर्धारित मूल्यांकन में 100 में से 93 अंक हासिल कर महावितरण ने पहला स्थान प्राप्त किया है। अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, लोकेश चंद्र ने कहा कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में महावितरण के प्रयासों से कंपनी को यह सफलता मिली है।

उन्होंने इस सफलता के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया और महावितरण के अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि महावितरण की सफलता में ऊर्जा राज्य मंत्री मेघना साकोरे बोर्डिकर और अपर मुख्य सचिव (ऊर्जा) आभा शुक्ला का मार्गदर्शन भी महत्वपूर्ण रहा।

ऊर्जा मंत्रालय की ओर से आरईसी और पावर फाउंडेशन ऑफ इंडिया ने बिजली कंपनियों का मूल्यांकन किया। पश्चिम भारत के राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में, 100 में से 93 अंकों के साथ महाराष्ट्र पहले स्थान पर है और राज्य को 'ए' ग्रेड मिला है। महाराष्ट्र के बाद मध्य प्रदेश (84.5 अंक), गोवा (74 अंक), दादरा, नगर हवेली और दीव दमन (74 अंक), गुजरात (67 अंक) और छत्तीसगढ़ (52 अंक) का स्थान आता है।



### सौर ऊर्जा और इंफ्रास्ट्रक्चर में महाराष्ट्र अग्रणी

☐ किसानों को दिन में बिजली आपूर्ति के लिए मुख्यमंत्री सौर कृषि वाहिनी योजना 2.0 के तहत 16 हजार मेगावाट क्षमता की सौर ऊर्जा परियोजना महावितरण की पहल पर लागू की जा रही है। यह परियोजना राज्य के ऊर्जा परिवर्तन के लिए एक महत्वपूर्ण 'गेम चेंजर' है। खेतों में सौर पंप लगाने के मामले में महाराष्ट्र ने देश में पहला स्थान प्राप्त किया है। बिजली आपूर्ति नेटवर्क को मजबूत करने के लिए महावितरण द्वारा आरडीएसएस योजना के तहत बुनियादी ढांचे का काम प्रभावी ढंग से चल रहा है। इन सभी, विशेष रूप से बिजली दरों में कटौती में मिली सफलता के परिणामस्वरूप, महावितरण को 100 में से 93 अंक मिले हैं और इसने पहला स्थान प्राप्त किया है.

मूल्यांकन के लिए पांच मापदंड निर्धारित किए गए थे। इनमें से तीन घटकों में महावितरण को पूरे अंक मिले: संसाधन पर्याप्तता (32 में से 32 अंक), ऊर्जा परिवर्तन (15 में से 15 अंक) और नियामक के अनुरूप प्रशासन (5 में से 5 अंक)। बिजली कंपनी की वित्तीय स्थिरता के घटक में 25 में से 24 अंक प्राप्त हुए। जीवन सुगमता और व्यवसाय सुगमता के मापदंड में महावितरण को 23 में से 17 अंक मिले।

इस मापदंड में गुजरात को 14 और मध्य प्रदेश को 16 अंक मिले। बिजली क्षेत्र में प्रदर्शन के लिए अंक देने की प्रक्रिया 3 मार्च को शुरू हुई थी। देश के मूल्यांकन में 85 से अधिक अंक प्राप्त करने वाले राज्यों को 'ए' समूह में शामिल किया गया है, जिसमें महाराष्ट्र सहित कुल 8 राज्य हैं।

महावितरण ने पिछले तीन वर्षों में ग्राहकों को बेहतर सेवा देने और भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए बिजली आपूर्ति की योजना बनाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इसी वजह से यह मूल्यांकन बेहतर हुआ है।

आगामी समय में राज्य में बिजली की मांग कितनी होगी, इसका अध्ययन कर महावितरण ने ऊर्जा विभाग की मदद से एक खाका तैयार किया है। इस तरह का ऊर्जा परिवर्तन खाका तैयार करने वाला महाराष्ट्र देश का पहला राज्य है।

# बंजारा समाज को अनुसूचित जनजाति सूची में शामिल किया जाए

## > गोर सेना ने मुख्यमंत्री से लगाई गुहार

**दिग्रस.**

महाराष्ट्र के बंजारा समाज को अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल करने और हैदराबाद गैजेट को अमल में लाने की मांग को लेकर गोर सेना ने हाल ही में दिग्रस तहसीलदार के माध्यम से राज्य के मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा है. बुधवार 10 सितंबर को इस बाबत तहसील कार्यालय दिग्रस पहुंचकर गोर सेना ने उक्त ज्ञापन सौंपा.

इस ज्ञापन में बंजारा समाज को अनुसूचित जनजाति के सूची में समाविष्ट किए जाने की सेंट्रल प्रोविन्स बेरार, नागपूर (एमपी) की सिफारिशों के साथ ही हैदराबाद गैजेट को अमल में लाए जाने की अधिसूचना निर्गमित कर वसंतराव नाईक तथा तत्कालीन सरकार की और न्यायाधीश बापट व अन्य आयोगो का हवाला देते हुए बंजारा समाज को संविधान के अनुच्छेद 342 (2) अनुसार अनुसूचित जनजाति के आरक्षण की श्रेणी (विजा- अ) में स्वतंत्ररूप से शामिल करने वाली सिफारिश राज्य सरकार द्वारा केंद्र सरकार को की जाए ऐसी मांग उक्त ज्ञापन में गोर सेना शाखा- दिग्रस ने की है. इस ज्ञापन में राज्य की बंजारा समाज को जनगणना में विभिन्न नामों के अलावा गौर (बंजारा) इस नाम से संबोधित करने, कर्नाटक, आंध्र, तेलंगना राज्यों की तर्ज पर सहूलतें और योजनाओं का लाभ दिलाने की मांग गोर सेना ने उठाई है.



# नीलम तुम्मुलवार दैवज्ञ शिरोमणि सम्मान से सम्मानित

**भोपाल.**

भोपाल में हुए अंतरराष्ट्रीय ज्योतिष समागम एवं दैवज्ञ सम्मान समारोह 2025 में नागपूर की ज्योतिषाचार्य नीलम सचिन तुम्मुलवार को दैवज्ञ शिरोमणि सम्मान से सम्मानित किया गया। स्व. पंडित मनीराम उपाध्याय की स्मृति में रत्नवाला मालवीय नगर भोपाल में आयोजित समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित



नीलम सचिन तुम्मुलवार को लाईफ टाईम अचीवमेंट अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया। साथ ही ज्योतिष वस्तुतः तंत्र, कर्मकांड, टेरो कार्ड, हस्तरेखा और अध्यात्म के क्षेत्र में किए गए विशेष योगदान के लिए ज्योतिषाचार्य नीलम सचिन तुम्मुलवार को यह सम्मान दिया गया। इस अंतर्राष्टीय ज्योतिष समागम एवं दैवज्ञ सम्मान समारोह में देशभर से साधक, तंत्राचार्य, ज्योतिषी, टैरो कार्ड रीडर सहित 200 विद्वान सम्मिलित हुए। सभी ने अपने अपने क्षेत्र और विभिन्न विषयों पर अनुसंधान किया तथा देश की सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक व्यवस्थाओं पर सभी ने अपना मत दिया।

# सेवाभावी शिक्षिका को 'जिला आदर्श शिक्षक पुरस्कार'

## विभागीय आयुक्त के हाथों सम्मान



**अमरावती/ राजेश मालवीय.**

मेलघाट के धारणी तालुका में पिछले दो दशकों से अधिक समय से शिक्षा का दीप जलाने वाली स्मिता सुभाष क्षीरसागर (जिला परिषद पूर्व माध्यमिक शाला, कुसुमकोट खुर्द) को 'जिला आदर्श शिक्षक पुरस्कार 2024-25' से सम्मानित किया गया। यह भव्य समारोह बुधवार को अमरावती नियोजन भवन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर माननीय संजिता महापात्र (मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद अमरावती) तथा माननीय श्वेता सिंघल (विभागीय आयुक्त, अमरावती) के शुभहस्तों से यह पुरस्कार प्रदान किया गया। शैक्षणिक कार्यों के साथ-साथ विद्यालय में नये-नये उपक्रमों का आयोजन तथा तालुका व जिला स्तर पर कला और खेल महोत्सवों में स्वयं एवं विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी, उनके कार्य की खास पहचान रही है। पुरस्कार स्वीकार करते समय क्षीरसागर मैडम भावुक होकर बोलीं, मैंने कभी भी पुरस्कार की चाह रखकर कार्य नहीं किया। इसे मैं अपना कर्तव्य मानकर निभाती आई हूँ। यह सम्मान मेरे सभी विद्यार्थियों, सहकर्मी, मुख्याध्यापक और अधिकारी वर्ग का सम्मान है। मेरा कार्य और अधिक जोश से आगे बढ़ता रहेगा। स्मिता क्षीरसागर का यह सम्मान केवल एक शिक्षिका का नहीं, बल्कि मेलघाट के दुर्गम अंचल में ज्ञान का दीप प्रज्वलित करने वाले सभी शिक्षकों के लिए प्रेरणास्रोत बन गया है।

### 20 वर्षों की निरंतर सेवा

☐ मेलघाट की मिट्टी से जुड़कर, आदिवासी विद्यार्थियों की भाषा व संस्कृति के अनुरूप शिक्षा प्रदान करते हुए स्मिता मैडम ने पिछले 20 वर्षों से धारणी पंचायत समिति अंतर्गत सेवा दी है। केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित न रहकर, उन्होंने विभिन्न अध्ययन-अनुभवों के माध्यम से बच्चों तक ज्ञान को सरल व सहज रूप में पहुंचने का कार्य किया।


# मेट्रो CLASSIFIED बिजनेस

MSBVE / MSBTE महाराष्ट्र शासन मान्य
AYUSHMAN COLLEGE & HOSPITAL
KAMPTEE, NAGPUR (MS.)
आयुष्मान मेडिकल पॅरामेडिकल कॉलेज
सईद नगर, बालाजी मंदिर के सामने, कलमना रोड, रनाला, कामठी
महाराष्ट्र हमारे कोर्स
BSc MLT, BVOC MLT, PGDMLT / ADMLT (MSBTE) ADXR (MSBTE), DMLT, DDT, DNYS, DAT, GNMA, CCOT, Health Sanitary Inspector, Radiology Technician
इंटर्नशिप आपको सरकारी हॉस्पिटल मे मिलेगी
ADMISSION OPEN 2025-26
8651512020, 8651513030

DR. NANDI PATH LAB
Committed to your Wellness
OUR SERVICES: • BLOOD TESTS • BIOCHEMISTRY • HEMATOLOGY • MICROBIOLOGY • SEROLOGY & MORE
DR. GAURAV NANDI MBBS, MD (Patho)
Ex. ASSTT PROFESSOR SMCW, PUNE
Mobile No.: 8767516249 | 7420869774
Near Nutan Saraswati School, Main Road, Kamptee, Nagpur

श्री सतगुरु ट्रैव्हल्स
• 1 ऑगस्ट अयोध्या काशी
• १४ ऑगस्ट आग्रा मथुरा वृंदावन
• ७ सप्टेंबर केदारनाथ चारधाम यात्र
• २७ ऑक्टोबर केरळ कन्याकुमारी
• २८ ऑक्टोंबर गुजरात राजस्थान
• १६ नोव्हेंबर आणि १० डिसेंबर अंदमान
• ३ जानेवारी गंगासागर नेपाळ
संपर्क आशीष लक्ष्मीनारायण कावळे
7498753939, 93095 96390
8698495200, 9823454945

अल्का लाडे प्रस्तुत "ज़िंदगी का सफर"
Organizar संकल्प बहुद्देशीय संस्था
सुहाना म्यूज़िकल ग्रुप
(लाइव ऑर्केस्ट्रा पर सुमधुर गीतों की प्रस्तुति)
Alka Lade
बॉलिवुड गायिका
Contact For Participate 9373108897, 7798900066 9579254999
Per Song 1500
दि. 10 आगस्ट 2025 दोप. 3 बजे से रात 9.30 बजे तक
अमृत भवन, झांसी रानी चौक, सिताबर्डी, नागपुर

धनवटे ऑनलाइन सर्विसेस
7/12 डिजिटल, ई-अभिलेख,
8 अ डिजिटल, ई- मोजनी, प्रॉपर्टी कार्ड,
अधिकार क्षेत्र, झोन सर्टिफिकेट,
वर्ग 2 ते वर्ग 1 अर्ज, अखिव पत्रिका,
7/12 फेरफार साठी अर्ज,
फेरफार अर्ज,
राजेश धनवटे
9561498551
उपजिला रुग्णालय रोड, हैदरी चौक कामठी

VATSALYA Preschool
"Little Minds, Big Adventures"
Nurturing Young Minds with Heart and Purpose
Pre-Nursery, Nursery, KG1, KG2
Enquire now
More Information 9834172396
Address : Near Ashapurak Ganesh Mandir Ground, Professor Colony, Ranala, Kamptee

NISHCHAY TRAVELS
All types of AC & Non-AC Vehicles Available
Buses 30, 40 & 50 Seater Available
Plot No. 35, House No. 40, Kamptee Road, Shri Hari Nagri Near Ram Vatika, Bhilgaon, Nagpur-441002
: Contact :
Avinash Zanzote 9850340105 7972365539
Vilas Zanzote 9372211220 9112274567

प्रवेश सुरू... प्रवेश सुरू... प्रवेश सुरू...
नवयुग एज्युकेशन आणि बहुउद्देशीय संस्था कन्हान द्वारा संचालित
:: ADMISSION OPEN FOR 2024-2025 ::
मारोतराव पानतावणे ज्यु. कॉलेज
११ व १२ वी कला, वाणिज्य, विज्ञान
मारोतराव पानतावणे महाविद्यालय
(राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज नागपूर विद्यापीठ नागपूर द्वारा संलग्नित)
B.A., B.Com, B.Sc.कला, वाणिज्य, विज्ञान
कार्यालय वेळ सकाळी १० ते सायं. ५ पर्यंत
SC/ST/OBC/VJNT विद्यार्थ्यांना BA/B.Com/B.Sc ला निःशुल्क प्रवेश देण्यात येईल.
स्कॉलरशिप ची सुविधा उपलब्ध आहे.
संपर्क : मारोतराव पानतावणे महाविद्यालय, गहुहिवरा रोड, कांद्री-कन्हान
07102-236484, 9373120336, 9834985854, 8766643359

2025 ADMISSION OPEN
FOR I.T.I. ELECTRICIAN & FITTER
Eligibility 10th Pass
FREE ADMISSION FOR GIRLS
Maharashtra Govt. SCHOLARSHIP UPTO 100% for SC/ST/OBC/EWS boys & girls
CONTACT US
RABBANI ITI
Near Samaj Bhawan, Imli Bag, Kamptee 441001 Dist. Nagpur (M.S.)
9021132527 7721877941 9021194901

तुळजाभवानी ट्रेडर्स
कलमना रोड, महालक्ष्मी कॉम्प्लेक्स, रनाला चौक, कामठी
हमारे यहां गिट्टी, ईटा, राखड, मुरूम आदि का सप्लाई किया जाता है।
ठोक व चिल्लर विक्रेता
JCP Work 24 हमारे यहां उपलब्ध है
M. : 7987262970 | 9175172712

प्लस प्वाइंट ट्युशन क्लासेस
10, 11, 12 वीं की सभी विषयों की अनुभवी शिक्षकों द्वारा ट्युश्न क्लासेस ली जाती है।
प्रोप्रा. मो. सलमान शेख
मोटर स्टँड मस्जिद के पास, कामठी
तारसा रोड, कन्हान

ADMISSION OPEN
RKS PUBLIC SCHOOL
NURSERY to Std. IX
OUR FACILITY
Computer Lab • Cricket
Karate Class • Swimming Pool
Skating Class • Basket Ball
M. 8087955831 8956785080
Jaripatka Police Station Road, Nara, Nagpur

ZOREN PROPERTY DEALERS
हमारे यहाँ खेती, फ्लॅट, डुप्लेक्स, घर, बंगलो, फार्म हाऊस, रिसॉर्ट खरेदी और बेचा जाता है
अफसर खान
M. 9371381114, 7038696893
सभी प्रकार के प्रॉपर्टी पेपर का काम किया जाता है

3 STAR HOTEL
LODGING, BOARDING & RESTAURANT
AC / Non AC Room
8983305535, 8055705535
पता: घोरपड बस्ती, लिहीगांव रोड, कामठी

VIDEO GAMES SHOP
Convert VHS to Pendrive, Harddiskh
VHS को पेंनड्राइव में डालते है.
कोई भी पुरानी Video Cassette Recorder (VRC) शादी एंवम कोई भी पुरानी (VHS) कार्यक्रम की Video Cassette (VHS), VCD, CD, DVD, को Pendrive या Harddisk में Convert किया जाता है.
All Video Game for Sell & Repair Services also available
Only Place for Harddisk Loading
All type of USB & Electrical Accessories
All type of video game are available
Repair your Video Games, PS 2, 3, 4 & X Box
Order for Digital Video, Photo Album
DHAMTI VIDEO FILMS
9423771189, 9595399588
FOR SALE
Plot Size 500 sqft. Construction 1000 sqft. RANALA, KAMPTEE

**पाठकगणों को विनम्र सूचना :** दैनिक नागपुर मेट्रो समाचार में प्रकाशित होने वाले विविध विज्ञापनों की जांच-पड़ताल करने के बाद ही पाठकगण विज्ञापन के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर आर्थिक व्यवहार करें। प्रकाशित विज्ञापन में अपने उत्पादन के संदर्भ में या सेवा के संदर्भ में विज्ञापन दाताओं द्वारा जो दावे पेश किए जाते है, उनकी दैनिक नागपुर मेट्रो समाचार पत्र कोई गारंटी के साथ जवाबदेही नहीं देता। साथ ही विज्ञापन में किये गये दावों से दुष्परिणाम के लिए दैनिक नागपुर मेट्रो समाचार पत्र के मुद्रक, प्रकाशक, संपादक तथा मालिक जिम्मेदार नहीं होंगे। कृपया पाठकगण उपरोक्त संबंध में ध्यान दें।

**विज्ञान हेतू संपर्क करें : सौमित्र नंदी, उपसंपादक मोबाइल नं. 9604758944, 9881272088**